रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 27—जनवरी 2, 2009 (पौष 6, 1930)

No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 27—JANUARY 2, 2009 (PAUSA 6, 1930)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1449
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1169
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	17
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	2195
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	7547
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	513
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	10911
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	897
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1449
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1169
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence......	17
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence.....................	2195
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations.............................	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills.....................	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories).............................	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories).............................	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	7547
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs...................	513
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners.........................	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies.......................	10911
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	897
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi...........................	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 12 दिसम्बर 2008

सं. 109-प्रेज/2008--राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1.	सज्जाद हुसैन, कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक	(मरणोपरांत)
2.	नितीश कुमार, पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार	
3.	सेठी राम, उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक	

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

ग्राम चद्दीपोरा, पुलिस स्टेशन जैनापोरा में हिजबुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुलवामा पुलिस को दिनांक 31.7.2006 को विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर उप-निरीक्षक सेठी राम की अगुवाई में एक पुलिस दल ने उक्त गांव की ओर कूच किया और उस लक्ष्य मकान का घेराव किया जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे। पुलिस दल को देख कर आतंकवादियों ने उस मकान के परिवार के सदस्यों को बंधक बना लिया जिस मकान में वे छिपे हुए थे तथा उन्हें मकान से बाहर नहीं जाने दिया और पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, पुलवामा श्री नितीश कुमार उस घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को निर्देश दिया कि वे नियंत्रित गोलीबारी करें जिससे परिवार के सदस्यों को कोई हानि न पहुंचे। इसी बीच निकटवर्ती सेना की 62 आर आर की एक यूनिट भी घटना स्थल पर पहुंच गई और वह भी अभियान में शामिल हो गई। सिविलियन लोगों को बचाने के लिए उप-निरीक्षक सेठी राम और कांस्टेबल सज्जाद हुसैन सहित एक पुलिस दल का गठन किया गया। प्रभावी कवरिंग फायरिंग के तहत पुलिस दल ने मकान में प्रवेश किया और वहां पर इन्हें आतंकवादी की भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा। इस भारी गोलीबारी के बीच जब तीन सिविलियनों से मकान खाली करने के लिए कहा गया तो वे वहां से चले गए और उन्हें आतंकवादियों के चंगुल से बचाया गया। लेकिन दोनों ओर से हुई गोलीबारी में जब कांस्टलेबल सज्जाद हुसैन एक आतंकवादी के सामने आ गए तो वह गोली लगने से घायल हो गए। गोली लगने से घायल होने पर भी उन्होंने आतंकवादी पर गोलीबारी जारी रखी और उसे मार गिराया। उप-निरीक्षक सेठी राम, कांस्टेबल सज्जाद हुसैन को सुरक्षित स्थान पर ले गए लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही वे वीरगति को प्राप्त हो गए। बाद में पुलिस दल ने दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया। इस अभियान का नेतृत्व, पुलवामा के पुलिस अधीक्षक श्री

नितीश कुमार ने स्वयं किया। बाद में हिजबुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादियों की पहचान निम्नानुसार की गई थी:-

1. उक़स उर्फ शकील, निवासी पाकिस्तान
2. ऐजाज अहमद डार, पुत्र सुल्तान डार, निवासी ख्वाजापोरा जैनापोरा

इस अभियान में मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलीबारुद बरामद हुआ:-

1.	ए के 47 राइफल	-	01 नग
2.	ए के मैग.	-	06 नग
3.	ए के गोलीबारुद	-	135 राउंद

इस संबंध में पुलिस स्टेशन जैनापोरा में 307 आर पी सी, भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 7/27 के तहत प्राथमिकी सं. 72/06 दर्ज है। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि पुलवामा पुलिस को दो आतंकवादियों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त हुई थी लेकिन वस्तुतः वहां पर तीन आतंकवादी थे इसलिए पुलिस दल (बचाव दल) को भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा। जिस आतंकवादी ने कांस्टेबल सज्जाद हुसैन को गंभीर रूप से घायल किया था वह बच कर भाग निकलने में सफल हो गया और इस अभियान में मारे गए अपने सहयोगी का हथियार भी अपने साथ ले गया इसलिए मुठभेड़ स्थल से केवल एक ही हथियार बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) सज्जाद हुसैन, कांस्टेबल, नितीश कुमार, पुलिस अधीक्षक और सेठी राम, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 जुलाई, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 110-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1.	गुरमीत सिंह गिल, कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक
2.	खेम्नार तैबाजी, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

ग्राम मुस्लिमाबाद, बांदीपुर में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में दिनांक 20 जून, 2007 को लगभग 0500 बजे यूनिट 'जी' सैल, 51 बटालियन सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर श्री सुखमिन्द्र सिंह, उप कमांडेंट की कमान में घेराव करने और तलाशी अभियान चलाने की योजना बनाई गई। गुलाम नबी जरगार पुत्र अली मोहम्मद जरगार के मकान की तलाशी के दौरान एक कमरा अंदर से बंद पाया गया। इस पर श्री सुखमिन्द्र सिंह, उप-कमांडेंट ने तुरंत ही उक्त दल को सतर्क कर दिया, मोर्चा संभाला और मकान मालिक से कमरा खोलने के लिए कहा। जैसे ही कमरा खोला गया वैसे ही उस कमरे में छिपे उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल के दल पर एक हथगोला फेंका जिसके कारण कांस्टेबल गुरमीत सिंह गिल और कांस्टेबल खेम्नार तैबाजी के साथ-साथ मकान मालिक गुलाम नबी और उनकी लगभग 18 वर्षीय पुत्री नजमा घायल हो गए।

हथगोला फेंकने के बाद उग्रवादी वापस कमरे के अंदर चले गए। घायल हुए कांस्टेबल गुरमीत सिंह गिल और कांस्टेबल खेम्नार तैबाजी ने अपने जीवन की परवाह नहीं की और उग्रवादियों की आसन्न गोलीबारी को निष्क्रिय करने के लिए उन्होंने एक-दूसरे की आड़ ली और रेंगते हुए दरवाजे तक पहुंचे। दरवाजे के निकट पहुंचने पर कांस्टेबल गुरमीत सिंह गिल ने यह नोट किया कि एक उग्रवादी एक और हथगोला फेंकने की तैयारी कर रहा है। इसे अपने साथियों के जीवन के लिए खतरा समझ करके और स्वयं घायल होने के बावजूद इन्होंने तुरंत सूझबूझ और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए अपनी राइफल से गोलियों की बौछार कर दी और उग्रवादी को घायल कर दिया जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। तथापि, पूरी तरह से तैयार न हुआ हथगोला, कमरे के अंदर ही फट गया। कांस्टेबल गुरमीत सिंह गिल के इस साहसिक कृत्य को कांस्टेबल खेम्नार तैबाजी ने गंभीर रूप से घायल होने और स्वयं इनके जीवन के लिए आसन्न खतरा होने के बावजूद कवरिंग फायर से इसे चतुराई से कवर किया। कमरे के अंदर छिपे हुए दूसरे उग्रवादी ने घबराहट में खिड़की से बाहर छलांग लगा दी और बच कर निकलने की कोशिश की लेकिन श्री सुखमिन्द्र सिंह, उप-कमांडेंट और उप-निरीक्षक एम एस चट्टर ने कुछ दूरी तक उसका पीछा करने के बाद उसे काबू में कर लिया। चूंकि कांस्टेबल खेम्नार तैबाजी और विशेष रूप से कांस्टेबल गुरमीत सिंह गिल की

2—381 GI/2008

हालत चिंताजनक थी इसलिए इन दोनों को बी एस एफ हास्पिटल बांदीपुर और फिर हैप्टर से 92 बेस अस्पताल ले जाया गया। मकान और इसके आस-पास के क्षेत्रों की तलाशी के दौरान निम्नलिखित हथियार, गोलीबारुद और अन्य सामान बरामद हुआ:-

चीनी पिस्तौल	-	01 नग
पिस्तौल मैग.	-	01 नग
पिस्तौल गोलीबारुद	-	05 राउंद
हथगोले (चीनी)	-	02 नग
सेटेलाइट फोन (थूरया निर्मित)	-	01 नग
मोबाइल फोन	-	01 नग
विग	-	01 नग

मेहराज उद्दीन पुत्र गुलाम नबी जरगार (मकान मालिक) नामक पकड़े गए घायल उग्रवादी ने बाद में बताया कि मारा गया उग्रवादी शाहीन, एक पाक राष्ट्रिक, हिजबुल मुजाहिद्दीन गुट का उप-प्रभागीय कमांडर, बांदीपुर क्षेत्र का था और उन्हें आत्मघाती हमला करने के उद्देश्य से आतंकवादियों का मुकाबला करने वाली पोस्ट तहसील को नष्ट करने का काम सौंपा गया था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गुरमीत सिंह गिल, कांस्टेबल और खेम्नार तैबाजी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति के पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 जून, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा

संयुक्त सचिव

सं. 111-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री प्यारे लाल,
हैड कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 31.3.06 को लगभग 1330 बजे, जब सिविल पुलिस के साथ डी/13 की टुकड़ियां, भंडारिया थानांतर्गत ग्राम – बड़ी मडगडी, बरकोल में छापे और तलाशी लेने की अपनी ड्यूटी करके लौट रही थीं तो डी/13 के कंपनी कमांडर, निरीक्षक विश्वंभर दत्त को इस आशय की सूचना मिली कि बैठक करने के सिलसिले में उग्रवादियों का एक बहुत बड़ा दल कुटकू गांव के आस-पास एकत्र हो रहा है। इस पर 13वीं बटालियन की टुकड़ियों ने उस गांव की ओर कूच किया। गांव पहुंच करके दल कमांडर ने दल को दो भागों में बांटा, आवश्यक अनुदेश दिए और चतुराई से आगे बढ़े। एक दल का नेतृत्व डी/13 के निरीक्षक विश्वंभर दत्त कर रहे थे, हैड कांस्टेबल/जी डी प्यारे लाल इस दल के प्वाइंट मैन थे। लगभग 1400 बजे जब यह दल गांव के निकट पहुंच रहा था तो गांव के बाहर खंदक जैसी संरचना के पीछे छिपे नक्सलियों के स्काउटों ने इस दल पर गोलीबारी कर दी। निरीक्षक बिश्वंभर दत्त के दिशानिर्देश पर एक भी क्षण गंवाए बगैर और अपने जीवन की परवाह किए बिना हैड कांस्टेबल/जी डी प्यारे लाल ने अदम्य साहस का परिचय दिया और अपना हथियार ले करके आगे बढ़े और ए के 47 बट सं. एस/76 से गोलियों की बौछार कर दी। इस गोलीबारी में इन्होंने स्काउट को मार गिराया और गांव जाने का रास्ता साफ किया। सी आर पी एफ की टुकड़ियों द्वारा की गई तुरंत कार्रवाई से भयभीत हो कर गांव में मौजूद नक्सलियों ने सी आर पी एफ दल पर गोलीबारी कर दी। इस पर सी आर पी एफ दल द्वारा की गई जबावी गोलीबारी से उग्रवादी निकटवर्ती पहाड़ियों की ओर भाग गए। लेकिन सी आर पी एफ दल ने उनका पीछा किया और दो सशस्त्र उग्रवादियों को पकड़ लिया। हैड कांस्टेबल/जी डी प्यारे लाल ने जिस उग्रवादी को मार गिराया था उसकी पहचान, पकड़े गए उग्रवादियों ने प्रसन्न तुरी (आयु 28 वर्ष), निवासी घुगरी, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ के खूंखार नक्सली के रूप में की। इस क्षेत्र में कई स्थानों पर रक्त से सने घसीटने के चिह्न भी पाये गए। सी पी आई (माओवादी) के पकड़े गए उग्रवादी से की गई पूछताछ से पता चला कि भंडारिया पुलिस स्टेशन पर हमला करने की योजना बनाने के लिए वे गांव में एकत्र हुए थे। इस संबंध में निम्नलिखित बरामदगियां की गईं:-

1.	.315 बोर राइफल	-	03 नग
2.	.303 जी एफ राइफल	-	01 नग
3.	.315 बोर सी/एम पिस्तौल	-	01 नग
4.	एस एल आर मैग्जीन	-	02 नग

5.	7.62 एम एम जीवित गोलाबारुद	-	240 राउंद
6.	.303 एम एम जीवित गोलीबारुद	-	139 राउंद
7.	.315 एम एम गोलीबारुद	-	255 राउंद
8.	बड़ी मात्रा में पिट्ठू, नक्सली साहित्य, दवाइयां, खाद्य पदार्थ, कपड़े और दैनिक इस्तेमाल का सामान		

हैड कांस्टेबल/जी डी प्यारे लाल द्वारा की गई कार्रवाई में दर्शाया गया साहस, चौकसी, चपलता और बहादुरी, उत्कृष्ट कृत्य है जसमें इन्होंने न केवल खूंखार उग्रवादी को मार गिराया बल्कि सी पी आई (माओवाद) के उग्रवादियों के मनोवल को काफी क्षति पहुंचाई जो नक्सलवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में सी आर पी एफ की टुकड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। हैड कांस्टेबल प्यारे लाल द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय साहस और समय पर की गई कार्रवाई ने बल को दृढ़ संकल्प और संगठित शत्रु का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

इस मुठभेड़ में श्री प्यारे लाल, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति के पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 मार्च, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 112-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. धनंजय सिंह, (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल
2. घनश्याम, (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल
3. राम रतन मीणा
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 14.11.2005 को लगभग 1505 बजे आतंकवादियों ने श्रीनगर शहर के मुख्य स्थल लाल चौक में आत्मघाती हमला किया। आत्मघाती हमलावरों ने व्यवसायिक बाजार में एक हथगोला फेंका और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 131वीं बटालियन की पल्लाडियम चौकी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। इस पर कांस्टेबल/जी डी घनश्याम ने, जो सी आई (ओपी) ड्यूटी पर तैनात था, अपनी एल. एम. जी. से आतंकवादियों पर पलट कर साहसपूर्ण ढंग से और बहादुरी से गोलीबारी की लेकिन गोलियां लगने से वे घायल हो गए और घायल होने से वे वीरगति को प्राप्त हो गए। गोलियों की आवाज सुन कर कांस्टेबल/जीडी धनंजय सिंह ने क्यू आर टी के साथ बी पी बंकर में घटनास्थल की ओर कूच किया और अपने जीवन की परवाह किए बगैर प्रभावी गोलीबारी करके उग्रवादियों को मार गिराने की कोशिश की। लेकिन इस प्रक्रिया में उन्हें भी गोलियां लगीं और घटना स्थल पर ही वे वीरगति को प्राप्त हो गए। व्यस्त बाजार में हुए हमले के शुरुआती चरण की अफरा-तफरी के बीच टुकड़ियों ने आतंकवादियों की भारी गोलीबारी में ही उस क्षेत्र का घेराव कर लिया था। ऐसी स्थिति में हमलावरों का पता लगाना, सिविलियनों/घायल कार्मिकों को वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाना तथा आतंकवादियों को उलझाये रखना एक चुनौती थी जिससे वे और नुकसान न कर सकें। 131/164 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की क्यू आर टी, आई जी पी कश्मीर, डी आई जी, सी के आर, एस एस पी, श्रीनगर, एस पी, दक्षिण, एस पी, पूर्व, एस डी पी ओ कोठीबाग, एस एच ओ पुलिस स्टेशन मैसुमा घटनास्थल पर पहुंच गए और अविलम्ब स्थिति का जायजा लिया। क्यू आर टी के अधिकारियों ने जितने हो सके अधिक से अधिक सिविलयनों को वहां से हटाने की कोशिश की । होटलों के अंदर छिपे आतंकवादियों का पता लगाने/मार गिराने और इन होटलों के अंदर फंसे सिविलियनों को वहां से हटाने के लिए श्री आनंद जैन, एस पी पूर्व और श्री एस.पी.पानी, एस पी दक्षिण के नेतृत्व में दो दलों का गठन किया गया। लाल चौक के चारों ओर बाहर से मजबूत घेरा बनाया गया। एस पी पूर्व ने उप-

3—381 GI/2008

निरीक्षक अब्दुल हमीद, हैड कांस्टेबल अशोक कुमार, 5वीं बटालियन, कांस्टेबल सुबकरण, 5वीं बटालियन के साथ पिछली तरफ से प्रवेश किया। उनकी यह रणनीति सफल हो गई क्योंकि उन्होंने बिल्डिंग के पिछवाड़े एक सीढ़ी लगा दी और उसके सहारे पीक व्यू होटल में जा कर वहां फंसे सिविलियनों को वहां से हटा दिया। जब सिविलियनों को हटाने का काम चल रहा था तो पंजाब होटल में छिपे एक आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर एक हथगोला फेंक दिया जिससे यह पता चला कि दूसरा आतंकवादी पंजाब होटल में है। चूंकि तब तक अंधेरा हो चला था इसलिए यह निर्णय लिया गया कि घेरे को और सख्त बनाया जाए और अगले दिन तड़के ही अभियान तेज किया जाए। दिनांक 15/11/2005 की पहली किरण के साथ ही पीक व्यू और पंजाब होटल पर अभियान तेज किया गया। जब यह अभियान चल रहा था तो पंजाब होटल में मौजूद एक आतंकवादी ने अपने हथियार/गोलाबारुद छोड़ कर निकल भागने की कोशिश की लेकिन घेराव ड्यूटी पर तैनात कार्मिक ने उसकी संदिग्ध गतिविधि के कारण उसे पकड़ लिया जिसकी पहचान अजीज अहमद बट उर्फ अबू समन पुत्र रियाज अहमद बट, निवासी मंसूराबाद (पाकिस्तान) के रुप में की गई। पकड़े गए आतंकवादी के पास 100/- रुपए (एक सौ रुपए) की पाकिस्तानी मुद्रा थी और मौके पर की गई पूछताछ से पता चला कि उसके हथगोले, वन परिसर क्षेत्र में छिपा कर रखे हुए हैं। इस पर सी आर पी एफ और राज्य पुलिस दल ने उस क्षेत्र की तलाशी ली और तीन जीवित हथगोले और संतरे के रस के कंसंट्रेट पैकेट आदि बरामद किए। उसने इस बात की भी पुष्टि की कि अबू फुर्कन नामक एक और आतंकवादी भी पाकिस्तान का निवासी है और पीक व्यू होटल में छिपा हुआ है । श्री एस पी पानी दक्षिण, हैड कांस्टेबल शौकत अहमद, एस जी कांस्टेबल,बशीर अहमद एस जी कांस्टेबल कुल रतन सिंह और कांस्टेबल शिव करण, 5वीं बटालियन से युक्त एक दल को छिपे हुए आतंकवादी पर अंतिम हमला करने के लिए तैयार किया गया। श्री एस.आर.ओझा, भा.पु.से. के निर्देशानुसार तत्कालीन डीआईजीपी (ओपी) ने क्यू आर टी और कांस्टेबल/कमांडो राम रतन मीणा को निदेश दिया कि वे इस सुदृढ़ दल का नेतृत्व करें। इस सुदृढ़ दल ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह नहीं की और अत्यधिक साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए पड़ोस के होटल की तीसरी मंजिल में पंहुच गया। इस सुदृढ़ दल ने तीसरी और दूसरी मंजिल के सभी कमरों की चतुराई से जांच की। जब यह दल उतर कर पहली मंजिल पर आ रहा था तो पीक व्यू होटल के हॉल में मौजूद आतंकवादी ने उक्त सुदृढ़ दलों को नीचे उतरने से रोकने के उद्देश्य से प्रवेश द्वार पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी और हथगोले फेंके। सी आर पी एफ और जे एंड के पुलिस के संयुक्त दलों द्वारा की गई प्रभावी गोलीबारी के कारण आतंकवादी अपनी स्थिति बदलने पर मजबूर हो गया और दल ने उसे घेर लिया और उसे पहली मंजिल के एक किनारे ले गया। सुदृढ़ दल ने बी.पी.शीट का उत्कृष्ट उपयोग कर तेजी से कार्रवाई की। छिपे हुए आतंकवादी ने अपना स्थान बदलने की बेतहाशा कोशिश में दोनों दलों अर्थात सीढ़ियों की ओर भाग कर जाने वाले मार्ग को कवर करने वाले दल और हाल के दरवाजे तक लगभग पहुंच ही चुके दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की दी। सी आर पी एफ और जे एंड के पुलिस के संयुक्त दलों ने अत्यधिक साहस का परिचय देते हुए आतंकवादी को घेर लिया और दो दलों द्वारा अलग-अलग दिशाओं से गोलीबारी किए जाने के बावजूद इनका कोई कार्मिक घायल नहीं हुआ और अंततः आतंकवादी मार गिराया गया। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में एल ई टी (तंजीम) के उमर खालिद उर्फ अबू फुर्कन के रुप में की गई और मारे गए आतंकवादी से एक ए के 47, 05 मैगजीन बरामद की गई। 164 बटालियन सी आर पी एफ के द्वितीय कमान अधिकारी और उनके क्यू आर टी के साथ श्री आनंद जैन, भापुसे, एसपी, पूर्व और श्री एस.पी.पानी, भापुसे, एसपी, दक्षिण के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में 50 से अधिक सिविलियनों को बचाया गया। संयुक्त दलों ने उत्कृष्ट समन्वय के साथ एकजुट हो कर काम किया जिससे एक आतंकवादी मारा गया और दूसरा पकड़ा गया। चूंकि अभियान के दौरान कोई संपार्श्विक हानि नहीं हुई थी इसलिए यह

अभियान त्रुटिहीन संपन्न हुआ। पीक व्यू होटल और इसके आस-पास के क्षेत्रों अर्थात आतंकवादियों की गोली के निशाने में आने वाले क्षेत्रों में फंसे कई सिविलियनों को बचाया गया। कांस्टेबल /जीडी राम रतन मीणा, स्वर्गीय कांस्टेबल/जीडी घनश्याम और स्व. कांस्टेबल/जीडी धनंजय सिंह ने 26 घंटे तक चली बंदूक की इस लड़ाई के कठिन मिशन को संपन्न करने, एक आतंकवादी को मार गिराने और दूसरे को पकड़ने में अनुकरणीय साहस, असाधारण बहादुरी, उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता, वास्तविक स्थिति समझने की अत्यधिक सूझ-बूझ और उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री (स्व.) धनंजय सिंह, कांस्टेबल, स्व. घनश्याम, कांस्टेबल और राम रतन मीणा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति के पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 नवम्बर, 2005 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं.113-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. जी. दयानंद,
   डिप्टी एसाल्ट कमांडर/रिजर्व इंस्पेक्टर
2. डी. नरेश कुमार,
   रिजर्व उप-निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

श्री डी. नरेश कुमार, आर एस आई को इस आशय की विश्वसनीय सूचना मिली कि सीपीआई (माओवाद), रायलसीमा प्रभाग समिति, प्रकाशम ज़िले के सोमिदेवीपल्ली (v) के निकट रचरेला मंडल में पड़ने वाले नल्लमाला वन क्षेत्र में एक बैठक आयोजित कर रही है। इस पर ग्रे हाउंड और एस आई बी से प्रत्येक से सात-सात कार्मिक और प्रकाशम जिले से छः कार्मिक (कुल 20) लेकर इस अभियान के लिए तुरंत ही एक दल का गठन किया गया।

सर्वश्री जी. दयानंद, रिजर्व इंस्पेक्टर और डी नरेश कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक के नेतृत्व में गठित दो दल, दिनांक 16.06.2006 को सायं लगभग 6.00 बजे प्रकाशम जिले के रचेरला मंडल के नल्लमाला वन क्षेत्र में पहुंच गए जहां उप-निरीक्षक कुंभम् पी.एस., गिड्डालूर पी.एस., अर्धवीडु पी.एस. से युक्त प्रकाशम जिले का पुलिस दल और प्रकाशम जिले के विशेष पुलिस दल के 3 पी सी उनमें शामिल हो गए और सभी ने वन की उस पहाड़ी की ओर कूच किया जिसके बारे में श्री डी. नरेश कुमार को यह सूचना मिली थी कि माओवादियों की प्रभागीय समिति की बैठक वहां पर होने वाली है। दलों ने उस पहाड़ी की पहचान की और मध्य रात्रि के आस-पास उस स्थान पर पहुंचे जहां पर बैठक होने वाली थी। दोनों दल पहाड़ी के ऊपर चढ़े और वहां पर उन्होंने पाया कि उसके एक बड़े भाग पर पेड़ और झाड़ियां हैं। थोड़ी सी आहट भी कैंप के लोगों को सतर्क कर सकती थी जिससे न केवल उग्रवादी बच कर भाग सकते थे बल्कि इससे पुलिस कार्मिकों के लिए आसन्न खतरा भी हो सकता था। सर्वश्री जी. दयानंद, रिजर्व इंस्पेक्टर और श्री डी. नरेश कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक ने अपने सदस्यों को सतर्क किया, अपनी कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया। दोनों दलों ने एक बड़ी चट्टान के निकट मोर्चा संभाला। सर्वश्री जी. दयानंद, रिजर्व इंस्पेक्टर और डी. नरेश कुमार, रिजर्व उप–निरीक्षक ने अपने दलों से 4 सदस्यों को चुना और माओवादियों का पता लगाने के लिए उन्हें क्षेत्र की चार दिशाओं में भेजा। उनको अनुदेश दिया गया था कि वे एक घंटे के अंदर अपने बेस में वापस आ जाएं। तदनुसार, चार सदस्य अलग –अलग दिशाओं में गए और बिना कुछ पता लगाए एक घंटे के अंदर लौट आए। एक बार फिर इन्हीं अनुदेशों के आधार पर चार अन्य सदस्य भेजे गए । इन चार सदस्यों में से एक सदस्य को वह स्थान

मिल गया जहां पर उग्रवादी एकत्र हुए थे। इन्होंने उस क्षेत्र का अच्छी तरह से निरीक्षण किया, भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया, दो संतरियों का पता लगाया, उनकी स्थिति का जायजा लिया और वापस अपने बेस में लौट आए तथा जहां पर माओवादी एकत्रित हुए थे उस स्थान की भौगोलिक स्थिति स्पष्ट की। माओवादी, पहाड़ी के ऊपर एक किनारे एकत्रित हुए थे जिसका उत्तरी और पूर्वी छोर, एक घाटी से ढका था और पश्चिमी तथा दक्षिणी छोर समतल था, जिसके चारों ओर पेड़ और चट्टाने थीं। एक संतरी, पश्चिम की ओर और दूसरा दक्षिण की ओर तैनात था।

चूंकि उत्तरी और पूर्वी किनारे, घाटी से ढके थे इसलिए पुलिस के पास केवल एक विकल्प बचा था कि वे पश्चिमी और दक्षिणी छोर से माओवादियों की ओर बढ़ें। तदनुसार, पुलिस दल को सर्वश्री जी. दयानंद, रिजर्व इंस्पेक्टर और डी. नरेश कुमार, रिजर्व उप – निरीक्षक के नेतृत्व में दो ग्रुपों में बांटा गया। सर्वश्री जी. दयानंद, रिजर्व इंस्पेक्टर और रिजर्व उप-निरीक्षक ने अभियान की योजना बनाई और इस बारे में दोनों दलों को विस्तार से बताया। योजना के अनुसार श्री जी. दयानंद के नेतृत्व वाला दल पश्चिमी छोर पर तैनात संतरी की ओर जाएगा जबकि श्री डी. नरेश कुमार के नेतृत्व वाला दल दक्षिणी छोर पर तैनात संतरी की ओर जाएगा ताकि माओवादियों को कवर किया जा सके। जिस कांस्टेबल ने माओवादियों का पता लगाया था उसके मार्गदर्शन में दोनों दल धीरे-धीरे माओवादियों के शिविर की ओर बढ़े । 30 मिनट बाद प्रातः लगभग 3.10 बजे दोनों दल माओवादियों के शिविर पहुंच गए जहां पर इन्होंने देखा कि पश्चिमी छोर का संतरी वहां पर तैनात है। श्री जी. दयानंद के नेतृत्व वाले दल ने उस स्थान पर सुविधा के अनुसार मोर्चा संभाला जबकि श्री डी. नरेश कुमार के नेतृत्व वाले दल ने उस पी सी के मार्गदर्शन में दक्षिणी छोर के संतरी की ओर कूच किया जिसने इसके बारे में पता लगाया था। कार्य योजना के अनुरुप दोनों दलों ने प्रातः ठीक 3.30. बजे अभियान शुरु करने का निर्णय लिया। श्री डी. नरेश कुमार के नेतृत्व वाले दल ने प्रातः 3.25 बजे दक्षिणी छोर के संतरी को देखा और फिर दल ने पेड़ों और चट्टानों की आड़ लेकर धीरे-धीरे उस संतरी की ओर बढ़ना शुरु किया।

ऐसी अवस्था में प्रातः लगभग 3.30 बजे जब पश्चिमी छोर के संतरी ने कुछ आवाज सुनी तो उसे संदेह हुआ और उसने शोर मचाया, कार्मिकों को ललकारा और दूसरे उग्रवादियों को सतर्क कर दिया। इस पर श्री डी. दयानंद ने पुलिस की मौजूदगी जाहिर की और उग्रवादियों को समर्पण करने का आदेश दिया। आत्मसमर्पण करने के बजाए पश्चिमी छोर के संतरी और अन्य माओवादियों ने पुलिस कार्मिकों को मारने के उद्देश्य से उन पर गोलीबारी कर दी। दक्षिणी छोर के संतरी ने भी अन्य उग्रवादियों के साथ श्री डी. नरेश कुमार के नेतृत्व वाले दल पर गोलीबारी कर दी। श्री जी. दयानंद, जिन्होंने आगे बढ़कर मोर्चा संभाला था और जो अपने दल का नेतृत्व कर रहे थे, संतरी और अन्य उग्रवादियों की गोलीबारी से बाल-बाल बचे। इस पर भी वे विचलित नहीं हुए और इन्होंने माओवादियों पर जवाबी गोलीबारी कर दी। इसके अतिरिक्त इन्होंने माओवादियों पर हमला जारी रखने के लिए अपने दल के सदस्यों को प्रोत्साहित किया। श्री जी. दयानंद के नेतृत्व वाले दल द्वारा की गई इस अचानक जबावी कार्रवाई से परेशान हो कर उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी करते हुए घाटी की उत्तरी दिशा में बढ़ना शुरु कर दिया। श्री जी. दयानंद अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर आगे बढ़े और माओवादियों पर हमला बोल दिया। यद्यपि अब अंधेरा हो चला था और श्री जी. दयानंद पर गोलियों की बौछार हो रही थी तो भी इन्होंने उनका मुकाबला करने में अनुकरणीय साहस और बहादुरी का परिचय दिया और उन पर गोलीबारी करते हुए और आगे बढ़े। श्री डी. नरेश कुमार, जो अपने दल का नेतृत्व कर रहे थे और दक्षिणी छोर के संतरी को कवर करते हुए डटे हुए थे, भी उस संतरी और अन्य उग्रवादियों द्वारा उन पर और उनके दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करके किए गए हमले से बाल-बाल बचे। सर्व श्री जी.

दयानंद, रिजर्व इंस्पेक्टर और डी.नरेश कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक ने चपलता दिखाई और माओवादियों पर तत्काल जबावी हमला शुरु कर दिया। इस जबावी कार्रवाई से माओवादियों को धक्का लगा और उन्होंने श्री डी. नरेश कुमार और इनके दल पर गोलीबारी करते हुए घाटी की उत्तरी दिशा की ओर बढ़ना शुरु कर दिया। श्री डी. नरेश कुमार ने अपने जीवन की परवाह नहीं की, अपने दल को प्रोत्साहित किया, उनका मार्गदर्शन किया और माओवादियों का पीछा करना शुरु किया। श्री डी. नरेश कुमार ने हमला करने में अत्यंत साहस और बहादुरी का परिचय दिया। माओवादी, श्री डी नरेश कुमार के इस साहसिक हमले को बर्दाश्त नहीं कर पाए और अंधेरे में घाटी की ओर भाग खड़े हुए। दोनों तरफ से लगभग 30 मिनट तक परस्पर गोलीबारी चलती रही। अगले दिन प्रातःकाल तक पुलिस दल ने प्रतीक्षा की और जब अगले दिन गोलीबारी के इस क्षेत्र की तलाशी ली गई तो वहां पर दो पुरुषों और एक महिला का शव पाया गया। बाद में उनकी पहचान (1) चकली अडेप्पा ऊर्फ वरधि, माओवादी ग्रुप के गडिकोटा एल ओ एस का कमांडर (2) पालगिरि सुवर्ण ऊर्फ दीपा उर्फ रजित उर्फ स्वर्ण , माओवाद की पेन्ना अहोबिलम मोबाइल दल की कमांडर और (3) नारायण नायक उर्फ श्याम , मद्दिलेरु मिलिट्री प्लाटून के सदस्य के रुप में हुई। पुलिस दल ने गोलीबारी स्थल से दो .410 मस्केट, 3 किट बैग और 33 जीवित गोलियां बरामद कीं।

उक्त घटना को आई पी सी की धारा 149 के साथ पठित धारा 147, 148, 307, भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और 27, ए पी पी एस अधिनियम की धारा 8, आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत अपराध संख्या 17/2006 और गिड्डलूर सर्किल (जी सी आर संख्या 39/ 2006) प्रकाशम जिले के रचेरला पुलिस स्टेशन के ई ओ एफ के मामले के रुप में दर्ज किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जी. दयानंद, डिप्टी एसाल्ट कमांडर/रिजर्व इंस्पेक्टर और डी. नरेश कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17, जून 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 114-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. पी. प्रकाश,
   रिजर्व इंस्पेक्टर
2. पी. रविन्द्र रेड्डी,
   कांस्टेबल
3. के.वी.एस.आर. प्रसाद
   हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 28/02/2007 की सायं को श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर को अपने गुप्त स्रोत के माध्यम से यह संक्षिप्त सूचना प्राप्त हुई कि अन्य उग्रवादियों के साथ गुरथेड़ु दलाम के सीपीआई (माओवाद) के उग्रवादी, पूर्वी गोदावरी जिले के दोणकरई पुलिस स्टेशन से 18 किमी की दूरी पर स्थित मैरीगुडम वन क्षेत्र में डेरा जमाए हुए हैं। यह स्थान, उड़ीसा राज्य की उत्तर पूर्व दिशा और सीमाओं में जिला मुख्यालय से 220 किमी की दूरी पर स्थित है। यह क्षेत्र घने मिश्रित जंगल, जलधाराओं और पहाड़ियों से भरा पड़ा है। लगभग सभी सड़कों, ठेलों और पैदल चलने के रास्तों पर बारुदी सुरंगें बिछी होती हैं और ये सड़क यात्रा/ देहाती मार्गों से जाने के लिए खतरनाक हैं। ऐसी प्रतिकूल स्थिति होने पर भी श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर ने कार्रवाई योग्य आसूचना एकत्र की और वन में डेरा डाले उग्रवादियों को निष्क्रिय करने के लिए अभियान की योजना बनाई। अपनी योजना के अनुसार यह अभियान चलाने के लिए इन्होंने पूर्वी गोदावरी जिले के एक विशेष दल की सहायता ली। दलों की चाल गुप्त रखने के लिए इन्होंने यह योजना बनाई कि इन्हें रात के वक्त भेजा जाए ताकि वे प्रातः काल ही अपेक्षित स्थल पर पहुंच जाएं और अभियान शुरु कर दें। इनकी योजना के अनुसार श्री पी. प्रकाश के नेतृत्व में विशेष दल, सर्व श्री पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के वी एस आर प्रसाद , हैड कांस्टेबल वन क्षेत्र में पहुंचे और पहली मार्च, 2007 की पहली किरण के साथ ही इन्होंने उस क्षेत्र की तलाशी लेनी शुरु कर दी।

यह दल, पहाड़ी वन क्षेत्र में चढ़ाई चढ़ते हुए अपेक्षित जगह पहुंचा और उस स्थान का पता लगाया जिसे उग्रवादियों ने अभी हाल ही में खाली किया था। सर्वश्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के.वी.एस.आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल ने आस नहीं छोड़ी, अपने दल को प्रेरित किया और ये उग्रवादियों के संभावित ठिकाने की खोज में चल पड़े। कुछ दूरी पर श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इस्पेक्टर और इनकी यूनिट के लोगों को कुछ पदचिह्न मिले। इस पर दल के सदस्य उन पदचिह्नों के आधार पर सावधानी से आगे बढ़े और सतर्कता से उस क्षेत्र की तलाशी लेनी शुरु कर दी । दूसरे दिन लगभग 0400 बजे इन्होंने

मैरीगुडम गांव के निकट स्थित वन में सशस्त्र उग्रवादियों की गतिविधि नोट की। इसके बाद श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर ने देखा कि उग्रवादियों के शिविर के चारों ओर एक भूखंड है। उनका यह शिविर घने जंगल में है। इसलिए इन्होंने सामने से हमला करने का निर्णय लिया, कवरिंग फायरिंग की सहायता ली ताकि उग्रवादियों को भागने से रोका जा सके। श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर ने अपने दल को एसाल्ट और कट ऑफ ग्रुपों में बांटा। जबकि कट-ऑफ ग्रुप को कवर फायर कवर देने और उग्रवादियों को भागने से रोकने के लिए लाभप्रद स्थान पर मोर्चे पर लगाया गया था, श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर ने एसाल्ट ग्रुप का नेतृत्व किया और सर्व श्री पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के.वी.एस.आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल ने दोनों कट ऑफ ग्रुपों के प्रभारी के रुप में कार्य किया। चूंकि वन की घनी घास-फूस और असमतल भू-भाग के कारण बहुत कम दिखाई दे रहा था, इसलिए सर्व श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के. वी.एस.आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल अपने छोटे एसॉल्ट दल के साथ रेंगते हुए उन उग्रवादियों के बहुत निकट पहुंच गए जिन्होंने वहां पर डेरा डाला हुआ था। जब सर्वश्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के.वी.एस.आर प्रसाद, हैड कांस्टेबल और इनका दल उग्रवादियों के बहुत निकट पहुंच गया तो उन्होंने इन्हें देख लिया और इन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सर्व श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के.वी.एस.आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल, जो उग्रवादियों के बहुत निकट थे, ने तुरंत कार्रवाई की और उन पर हमला बोल दिया। उग्रवादियों ने सर्वश्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के.वी.एस.आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल तथा इनके दल को मारने के उद्देश्य से स्वचालित हथियारों का प्रयोग करके अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। यद्यपि सर्व श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर , पी रविन्द्र रेड्डी , कांस्टेबल, के वी एस आर प्रसाद, हैड कांस्टेबल और इनके दल के सदस्यों की संख्या बहुत कम थी फिर भी इन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बगैर बहादुरी से जबावी कार्रवाई की। सर्वश्री पी. प्रकाश , रिजर्व इंस्पेक्टर, पी रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के वी एस आर प्रसाद, हैड कांस्टेबल ने गोलीबारी करना और उग्रवादियों के शिविर की ओर बढ़ना जारी रखा तथा उस उग्रवादी को मार गिराया जिसके पास स्वचालित हथियार था। इसी बीच श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर के निर्देश पर कट ऑफ दल ने कवर फायरिंग की और उग्रवादियों को बच कर भागने से रोका। श्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर श्री पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और श्री के वी एस आर प्रसाद, हैड कांस्टेबल ने अपने जीवन की परवाह किए बगैर उग्रवादियों पर गोलीबारी करना और उनकी ओर बढ़ना जारी रखा और उन तीन महत्वपूर्ण उग्रवादियों को मार गिराया जो पुलिस का कड़ा प्रतिरोध कर रहे थे। सर्वश्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी. रविन्द्र रेड्डी , कांस्टेबल और के वी एस आर प्रसाद, हैड कांस्टेबल द्वारा किए गए हमले से हुए खतरे को भांपते हुए बाकी उग्रवादी घने वन और चट्टानों का फायदा उठाते हुए उस स्थान से भाग खड़े हुए। सर्वश्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी रविन्द्र रेड्डी , कांस्टेबल और के. वी. एस. आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल ने अपने दल के साथ उन उग्रवादियों का पीछा किया जो एके-47 और अन्य स्वचालित हथयारों से लगातार गोलीबारी कर रहे थे। यह अभियान लगभग 0430 बजे समाप्त हुआ।

सर्वश्री पी. प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के. वी. एस. आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल और इनके दल की बहादुरी से सीपीआई (माओवाद) को भारी क्षति हुई जिसमें 35 वर्षीय गुंडामल्ला रघुपति उर्फ स्वामी उर्फ राजू उर्फ लिंग स्वामी, डी सी एम-22 वर्षीय कृष्णपति दलाम, लक्कीदी नरसिंहुलु उर्फ नरसिम्हारेड्डी उर्फ लक्ष्मण, कमांडर नालग्गोंडा जिले का कृष्णपति दलाम और दसनी बासवाम्मा उर्फ भवानी उर्फ राधा-नल्लमाला वन प्रभाग समिति के पल्लवंक दलाम की क्षेत्रीय समिति का सचिव जो नल्लमाला क्षेत्र से ए ओ वी में आया, की मृत्यु हुई।

इस मुठभेड़ में पूर्वी गोदावरी जिले के डोंकराई पुलिस स्टेशन के अपराध संख्या 05/2007 के तहत गोलीबारुद के सहित (3) एस बी बी एल बंदूक, (2) बिजली के तार के बंडल , (1) हथगोला बरामद हुआ।

मारे गए इन उग्रवादियों ने नल्लमाला क्षेत्र में कई जघन्य अपराध किए थे जिसमें पुलिस कार्मिकों और राजनीतिक नेताओं की हत्या करना, पुलिस स्टेशनों और वाहनों को बम से उड़ाना, हमला आदि करना शामिल है। इस मुठभेड़ के परिणामस्वरुप नल्लमाला और ए ओ बी क्षेत्र के सी पी आई (माओवाद) का मनोबल लगभग नष्ट हो गया। सर्वश्री पी. प्रकाश , रिजर्व इंस्पेक्टर, पी. रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के. वी. एस. आर. प्रसाद, हैड कांस्टेबल ने अपने छोटे से दल के साथ अभियान की उत्कृष्ट योजना बनाई और पुलिस की ओर से किसी भी तरह की चूक के बगैर सावधानीपूर्वक इसे निष्पादित किया तथा अपने अभियान में सफल हुए। इनका यह कृत्य मान्यता दिए जाने और प्रोत्साहित किए जाने का पात्र है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पी प्रकाश, रिजर्व इंस्पेक्टर, पी रविन्द्र रेड्डी, कांस्टेबल और के वी एस आर प्रसाद, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 मार्च, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

5—381 GI/2008

सं. 115-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. टी शिव रेड्डी
   हैड कांस्टेबल
2. टी जितेन्द्र सिंह,
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

सी पी आई (एम एल) पीपुल्स वार ग्रुप ने कार्य दल का गठन किया और सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के दिशानिर्देश के तहत वर्ष 2001 से राजनीतिक नेताओं और पुलिस अधिकारियों पर हमला करने के लिए टैक्निकल काउंटर आफेंसिव कैंपेन चलाया । सैंडी राजा मौली उर्फ प्रसाद उर्फ पी डी ने सैंट्रल कमेटी के सदस्य और सैंट्रल मिलिट्री कमीशन के सदस्य के रुप में वर्ष 2003 में अलीपीरी में श्री एन चन्द्रबाबू नायडू पर हमला करने सहित कई हमलों का नेतृत्व किया और उनकी योजना बनाई। वह आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ और कर्नाटक के कई आपराधिक मामलों में संलिप्त था। वह मिलिट्री के आधार पर रणनीति बनाने में चतुर था और उसने उस समय नल्लमाला वन में आगे बढ़ कर अपने संवर्ग का नेतृत्व किया जब पुलिस द्वारा लगातार दबाव बनाए जाने के कारण संवर्ग का नैतिक पतन हो गया था। वह काउंटर आफेंसिव टैक्टिक्स में विश्वास करता था और उसने हमेशा ही राजनीतिज्ञों और पुलिस अधिकारियों पर हमला करने की योजना बनाई। एक समय ऐसा आया जब आंध्र प्रदेश में सी पी आई (माओवाद) के उग्रवादियों का नैतिक पतन हो गया था और उन्होंने आंदोलन वापस लेने का निर्णय ले लिया था तब सैंडी राजा मौली ने आंध्र प्रदेश राज्य में बड़ी वारदातें करने और राजनीतिज्ञों तथा पुलिस अधिकारियों पर हमला करने का निर्णय लिया। माओवादियों की हिंसक गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से सैंडी राजा मौली को पकड़ने के लिए एस आई बी में एक विशेषज्ञ दल का गठन किया गया जिसके सदस्यों के रुप में सर्वश्री टी. शिव रेड्डी , हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल को चुना गया। सर्वश्री टी. शिव रेड्डी , हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने टीम भावना के साथ इस कार्य को चुनौती के रुप में लिया और सुराग खोजे , संदिग्ध उग्रवादियों पर नजर रखी और अनंतपुर और चितूर और कडप्पा जिलों में व्यापक छानबीन की और अंततः सैंडी राजा मौली और उसके कार्य दल की गतिविधियों तथा हिंसक कार्रवाई करने की उनकी योजनाओं के बारे में सूचना एकत्र की। सर्वश्री टी. शिव रेड्डी, हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल तथा इनके दल को इस आशय की सूचना मिली कि वह दिनांक 22/06/2007 को अनंतपुर जिले के धर्मवर्म रेलवे स्टेशन आ रहा है और धर्मवर्म रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के लिए समय की कमी के कारण जिला पुलिस

के छोटे पुलिस दल का गठन किया गया। जब सर्व श्री टी. शिव रेड्डी , हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल और उनका दल सायं लगभग 8.50 बजे प्लेटफार्म नंम्बर 1 पर यात्रियों की जांच कर रहा था तो अचानक एक युवती ने पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी और सर्वश्री टी. शिव रेड्डी, हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह , कांस्टेबल उसकी गोली से घायल होने से बाल-बाल बचे। इसके तुरंत बाद दो अन्य संदिग्ध व्यक्तियों ने भी पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी और बाहर जाने वाले गेट की तरफ दौड़ना शुरु कर दिया । सर्व श्री टी. शिव रेड्डी, हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल तथा उनका दल यात्रियों को बैठे रहने के लिए कहते रहे और इन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बगैर उनका पीछा किया जबकि संदिग्ध उग्रवादी पुलिस दल पर गोलीबारी करते रहे। एक बार फिर संदिग्ध उग्रवादियों ने सर्वश्री टी शिव रेड्डी, हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल पर गोलीवारी की और रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो और साइकिल स्टैंड की ओर दौड़े । इस पर भी सर्व श्री टी. शिव रेड्डी , हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल और अन्यों ने फिर से उनका पीछा किया जबकि उग्रवादियों ने आर टी सी बस स्टैंड की आड़ लेकर पुलिस दल पर गोलीबारी करनी जारी रखी। सर्व श्री टी. शिव रेड्डी, हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल तथा पुलिस दल ने अपनी रक्षा के लिए संदिग्ध उग्रवादियों पर जबावी गोलीबारी की जिसके परिणाम स्वरुप एक व्यक्ति मारा गया जिसकी पहचान सैंडी राजा मौली उर्फ प्रसाद के रुप में हुई जो सी पी आई (माओवाद) की सैंट्रेल कमेटी और सैंट्रल मिलिट्री कमीशन का सदस्य था। घटना स्थल पर बैग में एक 9 एम एम पिस्तौल , एक 0.38 रिवाल्वर, उग्रवादियों का साहित्य और 2 सी डी और खाली गोलियां बरामद हुई।

आई पी सी की धारा 34 के साथ पठित धारा 307, शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1) (ख) और (क), 27 और आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत और पुलिस द्वारा गोलीबारी किए जाने के संबंध में धर्मवर्म टाउन पुलिस स्टेशन में अपराध संख्या 122/07 के तहत एक मामला दर्ज किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री टी. शिव रेड्डी, हैड कांस्टेबल और टी. जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 जून, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 116-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एम चन्द्र शेखर,
   उप निरीक्षक
2. जी रामा कृष्णा राव,
   कांस्टेबल
3. के. रेणुकेश्वर राव
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

सर्व श्री एम. चन्द्रशेखर, उप निरीक्षक और श्री जी. रामा कृष्णा राव, कांस्टेबल को विश्वस्त जानकारी मिली कि सी पी आई (माओवादी) द्वारा कुछ कार्रवाई दलों को विजियंगाराम और श्रीकाकुलम जिलों में महत्वपूर्ण ठिकानों को तहस-नहस करने के लिए भेजा जा रहा है। इस पर श्री एम. चन्द्रशेखर, उप निरीक्षक विजियंगाराम पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे और कार्रवाई दलों को निष्क्रिय करने के अभियान की विवेकपूर्ण योजना बनाई। उन्होंने पाया कि ये कार्रवाई दल रात के समय दुपहिया वाहनों से आगे बढ़ रहे हैं इसलिए सर्व श्री एम. चन्द्रशेखर, उप निरीक्षक श्री जी. रामा कृष्णा राव, कांस्टेबल, और के. रेणुकेश्वर राव, कांस्टेबल ने विजियंगारम के विशेष जिला दस्ता के साथ दिनांक 10.03.2008 को रात्रि 2200 बजे से एल्विनपेटा पुलिस थाना से 4 कि.मी. उत्तर में कन्नइगुडा जंक्शन के निकट वाहनों की औचक जाँच करने की योजना बनाई। जब श्री एम. चन्द्रशेखर, उप-निरीक्षक और पुलिस दल ने एक मोटर साइकिल को रोकने की कोशिश की तो पीछे बैठी सवारी ने श्री एम. चन्द्रशेखर के नेतृत्व वाले पुलिस दल पर अपने आग्नेयास्त्रों से गोली चला दी। श्री एम. चन्द्रशेखर ने तुरंत चतुराई एवं बहादुरी का परिचय देते हुए पुलिस दल को सुरक्षित पोजीशन लेने और मोटर साइकल पर यात्रा कर रहे व्यक्तियों पर आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करने का निदेश दिया। सर्व श्री जी.रामाकृष्णा राव, कांस्टेबल और के. रेणुकेश्वर राव, कांस्टेबल ने भी अपने प्राणों की परवाह किए बिना बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की। यह परस्पर गोलीबारी कुछ मिनट तक चलती रही जिसमें (1) चोक्करी गंगाराम उर्फ कोम्मा उर्फ विजय, ए ओ बी एस जेड सी-सदस्य, (2) जिट्टु गणपति, सी पी आई (माओवादी) का एक महत्वपूर्ण कूरियर की मौत हो गई।

सर्व श्री एम चन्द्र शेखर, उप निरीक्षक, जी.रामा कृष्णा राव, कांस्टेबल और के. रेणुकेश्वर राव, कांस्टेबल और उनके दल ने सी पी आई (माओवादी) लोगों को भारी मात्रा में हताहत किया तथा (1) चोक्करी गंगाराम उर्फ कोम्मा उर्फ विजय, ए ओ बी एस जेड सी

सदस्य, (2) जिट्टू गणपति, सी पी आई (माओवादी) का एक महत्वपूर्ण कूरियर, की हत्या कर दी।

इस मुठभेड़ में विजियंगारम जिले के एल्विनपेटा पुलिस थाना की सी आर सं. 05/08 के तहत अपराध स्थल से एक रिवाल्वर, एक तपंचा और एक बजाज डिस्कवर मोटर साइकल (ए पी 35 एपी 6601) तीन जिन्दा कारतूस और एक खाली कारतूस बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एम. चन्द्र शेखर, उप निरीक्षक, जी.रामा कृष्णा राव, कांस्टेबल और के. रेणुकेश्वर राव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 मार्च, 2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

6—381 GI/2008

सं. 117-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री के मधुसूदन राव,
हैड कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

कुरनूल जिले की नान्दयाल तहसील के पुलिस थाना महानंदी के अंतर्गत दिगुवमेटा के निकट माओवादियों का आवाजाही के बारे में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने पर संदिग्ध क्षेत्र का कवर करते हुए कट-आफ दल के रुप में जिला विशेष दस्ता के साथ मिलकर 5 ग्रेहाउंड यूनिटों के एक अभियान की योजना बनाई गई। वरिष्ठ कमांडों-1898 श्री के. मधुसूदन राव अभियान के लिए भेजे गए ग्रेहांउंड दलों में से एक थे। इन यूनिटों को 4 और 5 अगस्त, 2007 की मध्य रात्रि को वहाँ छोड़ दिया गया । वे सारी रात चलकर 05.08.2007 को प्रात: 0800 बजे कोर क्षेत्र में पहुचे। यह यूनिट 5 और 6 तारीख को प्रत्येक को आवंटित क्षेत्र में पहाड़ों और नालों, घनी कांटेदार झाड़ियों तथा अस्थिर पत्थरों एवं शिलाखण्डों से भरे असमतल भू-भाग से होकर पहुची। 7 तारीख की सुबह को इस ग्रेहाउण्ड यूनिट, जिसमें नामिती मौजूद था, ने प्रातः 5.30 बजे काम्बिंग आभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम के अनुसार इस यूनिट को 736 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित गलीकोण्डा को चेक करना था। यह सीधी और कठिन चढाई थी चोटी की छानबीन करने के पश्चात यह यूनिट सम्भावित कैम्पिंग स्थल की काम्बिंग करने के लिए नीचे स्थित पहाड़ी के नाले तक उतर आई। उन्होंने नाला से 630 मीटर ऊंची तटरेखा पर चढ़ना शुरू कर दिया। उन्होंने यूनिट को 4 दलों में विभाजित कर दिया, दल संख्या 1,2 और 3 प्रत्येक में तीन-तीन सदस्य थे और दल संख्या 4 में 12 सदस्य थे। श्री के. मधुसूदन राव चौथे दल का नेतृत्व कर रहे थे।

पहाड़ी पर चढ़ते समय, यूनिट के नेता असाल्ट कमाण्डर श्री सी. एच. वेंकेटश्वरलू (डी एस पी) जो दल का नेतृत्व कर रहे थे, ने देखा कि 630 कण्टूअर पहाड़ी की चोटी के निकट घास कुचली हुई सी प्रतीत हो रही है, ऐसा लगता था जैसे कुछ अनुचित हो गया हो। उन्होंने अपने दल को रोका तथा क्षेत्र का पर्यवेक्षण करते समय उन्होने एक महिला देखी जो शर्ट पहने थी तथा जो किसी व्यक्ति से बात कर रही थी जो दिख नहीं रहा था। ए सी ने तुरन्त अन्य दलों को चौकस कर दिया। असिस्टेंट असाल्ट कमांडर (आर एस आई) के नेतृत्व वाला द्वितीय दल दूसरी दिशा में कुछ दूरी पर था और उसने माओवादी शिविर की ओर विभिन्न दिशाओं से आगे बढ़ना शुरू कर दिया। इसी बीच तृतीय दल के तीन सदस्य बिना पूर्व सावधानी बरते आगे बढ़े और उन्होंने वहां बनाई गई तम्बू जैसी संरचना पर गोलियां चला दीं। माओवादी, जो वस्तुत: ऊंची पहाड़ी पर पड़ी चट्टानों के बीच छिपे थे, उन्होंने गोलियां चला दीं तथा एक कमाण्डों को निशाना बनाया। तृतीय दल द्वारा समय से पूर्व आक्रमण कर दिए जाने के कारण माओवादी दल-।। और 4 के सतर्क होने से पहले ही सतर्क हो गए तथा

उन्होंने पोजीशन ले ली। पार्टी-।। गोलीबारी में फंस गई और अपनी पोजीशन से बाहर नहीं आ सकी परन्तु श्री के. मधुसूदन राव के नेतृत्व वाले दल 4 ने तुरन्त स्थिति संभाली तथा उसने माओवादी जिला समिति और क्षेत्र समिति सचिव का उनके दो गार्डों सहित पीछा करना शुरू कर दिया जिन्होंने एक पुलिस कार्मिक को पहले ही निशाना बना दिया था और बीच बीच में ऐंके-47 तथा अन्य हथियारों से फायर करते हुए बच कर भाग रहे थे। महिला माओवादी बचकर भाग गई। श्री के. मधुसूदन राव के पास सुरक्षा कवच नहीं था और माओवादी भागकर बच निकलने के निरर्थक प्रयास में स्वचालित हथियारों से अन्धाधुंध गोलियां चला रहे थे। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और जाने के खतरे की परवाह किए बिना नामिती ने अपने दल का नेतृत्व किया और क्षेत्र समिति सचिव को इस तथ्य के बावजूद मार गिराया कि वे पुलिस दल के एक सदस्य को मार गिराने में सफल रहे थे। नामिती द्वारा प्रदर्शित असाधारण साहस के कारण नल्लामाला के क्षेत्र समिति सचिव को मार गिराया गया तथा उससे कुछ आग्नेयास्त्रों एवं अन्य मदों के साथ साथ एक एस एल आर, एक 303 राइफल, 165,000 रूपये नकद वरामद किए।

इस मुठभेड़ में श्री के. मधुसूदन राव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 अगस्त, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 118-प्रेज/2008, राष्ट्रपति , आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. के. मुनि कृष्ण,
   हैड कांस्टेबल
2. वी लिंगन्ना डोरा
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 13/1/2007 को नलगोंडा के ओ एस डी को एक विशिष्ट सूचना मिली कि नलगोंडा जिले के गुर्रमपाद पुलिस थाना के येलामनिगुडेम गाँव में माओवादियों की हलचल हो रही है। उन्होंने तत्काल ग्रेहाउंड यूनिट कार्मिकों के साथ मिलकर एक अभियान की योजना बनाई और उन्हें स्थानीय अधिकारियों के साथ भेज दिया गया। 19 सदस्यों वाली ग्रेहाउंड टीम तथा स्थानीय अधिकारियों को येलामनिगुडेम गाँव से लगभग आधा कि.मी. दूरी पर लगभग 1500 बजे छुड़वा दिया गया। वहाँ यह यूनिट तीन पार्टियों में बंट गई – श्री के. मुनि कृष्ण और वी. लिंगन्ना डोरा को मिलाकर बनी 7 सदस्यीय असाल्ट पार्टी , 6 सदस्यों को मिलाकर बनी लेफ्ट कट ऑफ तथा 6 सदस्यों को मिलाकर बनी राइट कट ऑफ। स्थानीय अधिकारी असाल्ट पार्टी के साथ थे। आगे बढ़ने पर यूनिट को एक स्थानीय आसूचना से यह जानकारी मिली कि कुछ माओवादियों की हलचलों को गाँव के उत्तर पश्चिम में आधा कि.मी. दूरी पर स्थित संतरे के बाग में कुछ समय पूर्व देखा गया था। योजना के अनुरुप लेफ्ट कट ऑफ तथा राइट कट आफ दोनों को संदिग्ध क्षेत्र के दोनों ओर आधा कि.मी. की दूरी से अग्रिम पोजीशन लेने के लिए भेजा गया। असाल्ट पार्टी एक संवर्धित संरचना के रुप में आगे बढ़ी और संतरे के बाग में पहुँचने पर उन्होंने एक शेड देखा जिसमें काम मे लाए गए बरतन तथा बचा खुचा खाना पाया गया जिससे यह संकेत मिला कि कुछ समय पूर्व यहाँ किसी ग्रुप ने खाना खाया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी , इस बात की आशंका को देखते हुए कि माओवादी कहीं आसपास ही होंगे, उसी शेड में रुक गए। उस क्षेत्र की खोजबीन करने पर ग्रेहाउंड पार्टी ने शीट राक क्षेत्र, जो उस बाग के उत्तरी सिरे पर था, की ओर जाने वाले कुछ पदचिन्ह देखे। यह असाल्ट पार्टी उन पदचिन्हों का अनुकरण करते हुए शीट राक क्षेत्र की ओर आगे बढ़ी । जब असाल्ट पार्टी उस शीट राक क्षेत्र से लगभग पचास मीटर दूरी पर थी तभी माओवादी संतरी ने स्काउट को देखा और पुलिस , "पुलिस" चिल्लाकर आपने साथियों को सतर्क करने के लिए अपनी कार्बाइन से गोलियां चलानी शुरु कर दीं। नलगोंडा जिलें के जिला समिति सदस्य मुक्का रवि उर्फ बीथारजू नरसिंहा उर्फ जनार्दन सहित चार अन्य उग्रवादी जो उस संतरी के पीछे छुपे आराम कर रहे थे, ने भी गोली चला दी और उन्होंने पूर्व की ओर भागना शुरु कर दिया जहाँ उनका सामना राइट कट आफ पार्टी से हुआ । तुरंत ही

वे बचकर भाग निकलने के प्रयास में पश्चिम की ओर मुड़े जहाँ उन्हें लेफ्ट कट आफ पार्टी की गोलीबारी का मुकाबला करना पड़ा । स्वयं को तीनों तरफ से घिरा हुआ पाकर वे माओवादी उत्तर की ओर दौड़े जहाँ मूंगफली के खेत थे। पुलिस नेट से बचकर भाग निकलने के नैराश्य पूर्ण प्रयास में उन्होंने सभी तीन तरफ से गोलियाँ चलानी शुरु कर दीं। श्री के. मुनि कृष्ण और वी. लिंगन्ना डोरा ने माओवादियों द्वारा स्वचालित एवं अन्य राइफलों से की जा रही अंधाधुंध गोलीबारी से अपने जीवन को आसन्न गंभीर खतरे की परवाह किए बिना बड़े उत्साहित मूड से माओवादियों का पीछा करने वाले दल का नेतृत्व किया। उस भू-भाग से उन्हें कोई सुरक्षा नहीं मिली क्योंकि उन्हें उग्रवादियों का खुले मैदान में पीछा करना पड़ा। तब भी नामिती 1और2 ने उनका पीछा करना जारी रखा और आक्रमण कर दिया। उनके अदम्य साहसी हमले से चार माओवादी मार गिराए गए जबकि 5वां उग्रवादी जिसका राइट कट आफ पार्टी द्वारा पीछा किया जा रहा था, कुछ सिविलियनों के बीच जा छुपा जो मूंगफली के उस खेत के एक ओर काम कर रहे थे, और वह बच गया। असाल्ट पार्टी और कट आफ पार्टियों को इस डर से गोलीबारी रोक देनी पड़ी कि कहीं कोई सिविलियन घायल न हो जाए।

इस सुनियोजित और सफल अभियान में मुक्का रवि उर्फ जनार्दन जिला समिति सदस्य नलगोंडा सहित चार माओवादी मार गिराए गए जिनसे ए.के.-47राइफल-1, स्टैनगन-1, 9एमएस कार्बाइन-1, तमंचा (देशी रिवाल्वर) -1, 98500/- रुपए की नकदी और अन्य मदें जब्त की गई । इस अभियान से नल्लामाला वन क्षेत्र में नलगोंडा जिला समिति की मौत की घंटी बज गई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री के मुनि कृष्ण , हैड कांस्टेबल और वी लिंगन्ना डोरा, कांस्टेबल ने अदम्य साहस, शौर्य एवं कर्तव्य के प्रति उच्च स्तर की निष्ठा का प्रदर्शन किया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 जनवरी, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

7—381 GI/2008

सं. 119-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. वी. गोपी,
   कांस्टेबल
2. एम. वीरराजू
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 20.12.2007 को जिला पुलिस को एक विश्वसनीय जानकारी मिली कि लगभग 20-25 माओवादियों का एक समूह मारेडुमिल्ली पुलिस थाना सीमा के अन्तर्गत आने वाले चीता शिविर आरक्षित वन क्षेत्र के अन्दरुनी घने जंगल में एक शिविर चला रहा है। इन माओवादियों को गिरफ्तार करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (प्रचालन), जो उग्रवाद विरोधी प्रचालनों के प्रभारी थे, ने चार ए.एन.एस. पार्टियों के साथ मिलकर अभियान की एक योजना बनाई। श्री वी. गोपी और एम. वीरराजू ने उस भूभाग पर अपने अनुभव के आधार पर अभियान की योजना में भाग लिया। यह अभियान एक अत्यधिक घने जंगल के एक ऐसे प्रतिकूल भू-भाग में आयोजित किया जाना था जहाँ पर ऐसा माना जाता था कि माओवादियों की वहां जबरदस्त पकड़ है। श्री वी. गोपी और एम. वीरराजू को मिलाकर बनी पार्टी को माओवादियों के सर्वाधिक सम्भावित वापसी मार्ग पर तैनात किया गया। पार्टी की हलचल के क्रम में श्री वी. गोपी को स्काउट-I (दल के प्रथम सदस्य) और एम. वीरराजू को स्काउट-II के रूप में तैनात किया गया था।

एक आर एस आई, 18 पुलिस कांस्टेबलों (कुल 19 सदस्यों) को मिलाकर बनी इस ए.एन.एस. पार्टी को दिनांक 21.12.2007 को चीता शिविर आरक्षित वन क्षेत्र के निकट मारेडुमिल्ली (पूर्व गोदावरी जिला) और चिन्तुरु (खम्माम जिला) के बीच स्थित सड़क के एक स्थान पर पहुंचाया गया। इस पार्टी ने उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर नेल्लोर गाँव के आस-पास स्थित गाँव तक मार्च किया और शाम के लगभग 4.00 बजे के आस-पास एक बड़े नाले को पार करके आगे बढ़ना प्रारम्भ किया। श्री वी. गोपी ने नाले को पार किया और आगे की ओर बढ़े। श्री एम. वीरराजू और शेष पार्टी एक नाले को पार कर रही थी। अकस्मात इस पुलिस पार्टी ने ए.के. 47 और एस.एल.आर. आदि जैसे स्वचालित हथियारों से गोली चलने की आवाज सुनी। इस पुलिस पार्टी को, जो नदी (नाले) के मध्य में थी कोई सुरक्षा कवच पहनने का मौका नहीं मिला क्योंकि यह मुठभेड़ अप्रत्याशित और अचानक उस समय हुई थी जब यह पार्टी एक नाला पार कर रही थी। इन दुर्दान्त माओवादियों ने, जो शिविर से वापस लौट रहे थे, पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया और पुलिस पार्टी खतरे की स्थिति में हो गई। श्री वी. गोपी राजू, जो स्काउट-I थे, और जिन्होंने नाला पहले ही पार कर लिया था, ने पुलिस पार्टी पर आसन्न खतरे को महसूस किया तथा इस संकट की घड़ी में एक भी क्षण

का समय गंवाए बिना तत्काल उग्रवादियों पर गोलियाँ चला दीं और पुलिस पार्टी को और अधिक खतरे में पड़ने के बजाय उन्होंने माओवादियों को ललकारा। श्री वी. गोपी द्वारा दी गई चेतावनी पर माओवादियों ने कोई ध्यान नहीं दिया और उन्होंने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियाँ चलानी शुरु कर दीं। हालांकि वी. गोपी को उस समय पुलिस दल के किसी अन्य सदस्य का सहयोग प्राप्त नहीं हुआ था, फिर भी उन्होंने माओवादियों के निकट पहुँचने में जरा भी समय नहीं गँवाया तथा बदले में गोलियाँ चला दीं। श्री वी. गोपी, जिनके पास गोलियों से बचने के लिए कोई कवच नहीं था, ने माओवादियों की गोलियों का सामना करके और माओवादियों पर गोलियों की वर्षा करके अपने कर्तव्य का सफलतापूर्वक निर्वाह करने में अदम्य साहस और आत्म-बलिदानी दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया। श्री गोपी के इस साहसपूर्ण कृत्य ने माओवादियों को और आगे बढ़ने से रोक दिया तथा इस तरह उसने पुलिस पार्टी की रक्षा की। जबकि इस पार्टी के अन्य सदस्य अभी भी माओवादियों के प्रतिघात क्षेत्र में थे, श्री एम. वीरराजू, गोलियों से बचने के सुरक्षा कवच के बिना ही, इस अभियान में श्री वी. गोपी की सहायतार्थ, प्रतिघात क्षेत्र से बाहर निकल आए। जब श्री वी. गोपी और श्री एम. वीरराजू माओवादियों को और अधिक गोली चलाने से रोकने के लिए आगे बढ़े, तभी पुलिस पार्टी के अन्य सदस्यों ने भी रणनीतिक स्थान ग्रहण कर लिया और माओवादियों पर जवाबी कार्रवाई शुरु दी। इन कार्रवाइयों से माओवादी उस क्षेत्र से भाग गए। श्री एम. वीरराजू ने प्रतिघात क्षेत्र से बाहर आकर और इस बड़ी कार्रवाई में वी. गोपी की सहायता करके अत्यधिक साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन किया। श्री वी. गोपी और एम. वीरराजू के इस बहादुरीपूर्ण कार्य से दो भयंकर माओवादी नेताओं को मारा जा सका और पुलिस पार्टी की खतरे से रक्षा की।

मृत माओवादियों की पहचान निम्नलिखित के रूप में हुई:

1. डब्बा राजम्मा उर्फ सरिता, कमाण्डर, साबरी एल जी एस, खम्माम प्रभाग, पत्नी नवीन, प्रभागीय समिति सदस्य, खम्माम प्रभाग, और
2. जमुना, उप कमाण्डर, चिन्टूर एल ओ एस पत्नी रघु, कमाण्डर, चिन्टूर एल ओ एस, खम्माम प्रभाग।

निम्नलिखित जब्ती की गई:

.303 राइफलें	-	3 सं.
एस बी बी एल बन्दूकें	-	2 सं.
भू-सुरंगे	-	2 सं.
.303 लिवर राउण्ड्स	-	15 सं.
12 बोर राउण्ड्स	-	15
किट बैग	-	11 सं.
माओवादी साहित्य		

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री वी. गोपी, कांस्टेबल और एम. वीरराजू, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21 दिसम्बर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 120-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आर. नागेश्वर राव,
रिजर्व सब इंस्पेक्टर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

विशेष कार्य अधिकारी (ओ एस डी/अपर पुलिस अधीक्षक) वारंगल को 07.12.2006 को सूचना मिली कि प्रतिघाटन ग्रुप के कुछ नक्सलवादी, खम्माम-वारंगल क्षेत्र सचिव के साथ, वारंगल जिला सीमा से सटे जिला खम्माम के पुनुकुला चिल्का (v) के निकटवर्ती वन क्षेत्र में शिविर लगाए हुए हैं। उनसे जानकारी मिलने पर ओ एस डी/खम्माम के साथ मिलकर एक अभियान की योजना बनाई गई। चूंकि उस समय वारंगल अथवा खम्माम जिले में कोई ग्रेहाउण्ड यूनिट नहीं थी इसलिए 200 कि.मी. दूर नलगोंडा में शिविर लगाए पड़ी यूनिट को खम्माम के कोठागुडेम भेजा गया। श्री आर. नागेश्वर राव ए ए सी/आर एस आई इस ग्रेहाउण्ड यूनिट का एक सदस्य था जिसका नेतृत्व डी ए सी/आर आई ने किया था।

इस यूनिट को 07.12.06 की मध्यरात्रि को जंगलों के बाहरी हिस्से में पहुंचाया गया। यह यूनिट सारी रात चली तथा दिनांक 08.12.06 को 04.30 बजे तक कोर क्षेत्र में पहुँच गई। 247 फीट की ऊंचाई पर पहुँचने पर यह यूनिट 3 भागों में बंट गई। इस पार्टी के नेता श्री आर. नागेश्वर राव, रिजर्व उप निरीक्षक तथा 3 अन्य को मिलाकर असाल्ट ग्रुप बनाया गया। अन्य दो को पार्श्वभाग से पहाड़ी क्षेत्र को कवर करने के लिए भेजा गया।

247 फीट ऊंचाई वाली पहाड़ी बहुत ढालू थी और कंकडों से युक्त होने के कारण इस पर चलना और वह भी शान्त वन क्षेत्र के आन्तरिक भाग में इतने सुबह तड़के बिना आवाज किए चलना बहुत मुश्किल हो जाता है। जब पुलिस पार्टी तटरेखा के किनारे-किनारे ऊपर पहाड़ी पर धीरे-धीरे चढ़ रही थी तभी उन्होंने दो विभिन्न स्थानों पर पूर्वनिर्मित दो शिविर स्थल देखे जिनसे यह संकेत मिलता था कि नक्सली सभी पूर्व सावधानियों को ध्यान में रखते हुए अक्सर अल्प अन्तराल पर अपने शिविर बदल लेते थे। शाम को 0620 बजे चोटी पर पहुँचने पर असाल्ट ग्रुप के एक कनिष्ठ कमाण्डर ने (जे सी पी सी) एक पेड़ की शाखा पर लटकता हुआ एक पालीथीन बैग देखा जिसमें कुछ सामान भरा था। श्री आर. नागरेश्वर राव, रिजर्व पुलिस निरीक्षक, जिसे चौकस कर दिया गया था, ने समस्त क्षेत्र की सावधानीपूर्वक स्कैनिंग की और पीली शर्ट पहने एक सतर्क संतरी को .8 एम एम राइफल सहित आस-पास के क्षेत्र पर निगरानी रखते हुए देखा।

श्री आर. नागेश्वर राव, रिजर्व उप-निरीक्षक ने तत्काल यूनिट लीडर डी ए सी को सिग्नल भेजा कि वह अन्य ग्रुपों को सूचित कर दे और नक्सल शिविर की ओर धीरे-धीरे बढ़ना शुरु कर दिया। संतरी, जो बहुत चौकस था, ने किसी चीज की आशंका करते हुए

शिविर के सभी सदस्यों को सचेत कर दिया जो अपने हथियार लेकर बाहर निकल आए तथा अजनबी को अपना परिचय देने की घोषणा करने लगे। जब पुलिस पार्टी ने कोई जवाब नहीं दिया तो उन्होंने अपने हथियारों से गोलियां चला दी। जब अन्य ग्रुप सुरक्षा फायर कर रहे थे, तभी श्री आर. नागेश्वर राव, रिजर्व उप निरीक्षक तथा दो अन्य को मिलाकर बना असाल्ट ग्रुप आगे बढ़ा तथा वे नक्सल शिविर से लगभग 15 मीटर की दूरी तक पहुँच गए।

नक्सली उनको सुरक्षा प्रदान करने के लिए पत्थरों से बनाए मेकशिफ्ट मोर्चा से पूर्णतया सुरक्षित थे। वे बेहतर स्थिति में थे तथा उन्हें अच्छे एवं कमांडिंग व्यू का लाभ प्राप्त था। फिर भी श्री नागेश्वर राव, रिजर्व उप निरीक्षक ने शार्ट रेंज से एक साहसपूर्ण हमला किया जिससे नकसली शिविर मुश्किल में पड़ गया। उन्होंने पहली गोली से ही संतरी को मार गिराया। तीन सदस्यों वाली पुलिस असाल्ट पार्टी ने बाद में चलाई गई गोलियों से दो अन्य नक्सलवादी मार गिराए जो अपने शिविर से निकलकर पूर्व की ओर श्री आर. नागेश्वर राव, रिजर्व उप निरीक्षक की ओर दौड़े तथा उसके दो साथियों ने लगभग 50 गज की दूरी तक उनका पीछा किया। घायल नक्सली पीछे मुड़ा और उसने अपनी ए.के. और कार्बाइन से गोलियाँ चला दीं परन्तु उनकी टीम ने स्थिति संभाली और पुन: जवाबी कार्रवाई से उन दोनों को मार गिराया।

उस क्षेत्र की खोजबीन करने पर 4 प्लास्टिक शीटों और 4 किट बैगों तथा अन्य मदों की जब्ती की गई जिससे यह संकेत मिलता है कि एक नक्सली पुलिस पार्टी से छुपकर भाग गया। मृत नक्सलियों की शिनाख्त निम्नलिखित के रूप में हुई:

1. मनकिडि मधु उर्फ गौतम सीता रमैय्या, राज्य समिति सदस्य, ए.के. 47 सहित।
2. इट्टी रवि उर्फ सुबास, दलम सदस्य कार्बाइन सहित।
3. येसाम नरेन्द्र उर्फ गोपी, दलम सदस्य, 8 एम एम राइफल सहित।

इस मुठभेड़ में श्री आर. नागेश्वर राव, आरक्षी उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 दिसम्बर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

8—331 GI/2008

सं. 121-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री के. चक्रपाणि,
रिजर्व सब इंस्पेक्टर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

पुलिस थाना कोठागुडेम-III शहर के उप निरीक्षक को दिनांक 18.10.2007 को अपने निजी स्रोतों से विश्वसनीय जानकारी मिली कि जनशक्ति किन्नेरासानी दलम के कुछ सदस्य 'किन्नेरासानी जलाशय' के निकट गट्टामाल्ला गाँव से 2 से 3 कि.मी. उत्तर स्थित पहाड़ी की चोटी पर शिविर लगाए हुए हैं। उन्होंने इस जानकारी से कोठागुडेम में शिविर लगाए पड़ी ग्रेहाउण्ड यूनिट को सूचित किया जिसने विस्तृत अभियान की योजना बनाई। श्री के. चक्रपाणि के नेतृत्व वाली 21 सदस्यीय ग्रेहाउण्ड टीम ने मध्यरात्रि के समय अपना बेस कैम्प छोड़ दिया तथा ड्रापिंग प्वांइट पर 0420 बजे पहुँच गई। यह पार्टी दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर लगभग आधा कि.मी. तक आगे बढ़ी और सूर्योदय की प्रतीक्षा करने लगी।

0520 बजे उन्होंने अपना सामान उठाया और पहाड़ी की ओर आगे बढ़े। शीघ्र उनके निकाय से एक जलधारा दिखाई दी जिसका जिक्र भारतीय सर्वेक्षण मानचित्र में नहीं था। भारतीय सर्वेक्षण मानचित्र में दर्शाई गई भौगोलिक विशेषताओं तथा उसकी जी पी एस अवस्थिति की जाँच करने के पश्चात यह सुनिश्चित हो गया कि वे सही मार्ग पर हैं। उन्होंने एहसास किया कि यह जलधारा किन्नेरासानी जलाशय के पृष्ठ भाग का जल था जो भारी वर्षा के कारण बढ़ गया था और उन्हें इस पहाड़ी पर पहुँचने के लिए उसी जलधारा के पास से होकर जाना होगा।

इसी बीच पार्टी के स्काउट ने आगे कुछ हलचल देखी और श्री के. चक्रपाणि को चौकस कर दिया जिसने उस क्षेत्र की दिन दूरबीन से स्केनिंग की थी और उसने एक महिला उग्रवादी सहित सशस्त्र जनशक्ति उग्रवादियों को देखा था। श्री के. चक्रपाणि ने तत्काल यूनिट को तीन पार्टियों में विभाजित कर दिया। श्री के. चक्रपाणि के नेतृत्व वाली पार्टी-1 में 7 सदस्य थे, पार्टी-2 में 7 सदस्य थे और पार्टी-3 में एक स्थानीय उप निरीक्षक और 2 सिविल पुलिस कांस्टेबलों को मिलाकर 10 सदस्य थे। स्काउटों में से एक पार्टी एक में था और दूसरा पार्टी तीन में था। पार्टी-1 ने उत्तर की ओर पोजीशन कवर कर ली जबकि पार्टी-2 ने पश्चिम को कवर कर लिया और पार्टी-3 ने पूर्व को कवर कर लिया। दक्षिणी भाग पूर्णतया जलधारा द्वारा कवर था।

पार्टी-3 की हलचल को जनशक्ति किन्नेरसानी दलम के सदस्यों ने देख लिया और उन पर गोली चला दी तथा उत्तर-पूर्व दिशा से बचकर भाग निकलने की कोशिश की। पार्टी-3 जो उस पूरे क्षेत्र में फैली हुई थी, ने उन उग्रवादियों पर गोली चला दी जो पुलिस पार्टी पर गोली

चलाते हुए भाग रहे थे। पुलिस पार्टी को फैला हुआ देखकर उग्रवादियों ने दिशा बदलकर उत्तर की ओर दौड़ना शुरु कर दिया। चूंकि पूरा क्षेत्र खुला था और शत्रु उनकी ओर दहलाने वाले हथियारों से युक्त होकर दौड़ रहा था, इसलिए श्री के. चक्रपाणि ने अपनी टीम पर कड़ा नियंत्रण बनाए रखा तथा उनको उन पर तब तक गोली न चलाने का निदेश दिया जब तक वे निकट रेंज में नहीं आ जाते। तब उसने उन उग्रवादियों के खिलाफ पार्टी का नेतृत्व किया जो उनकी ओर दौड़ रहे थे। बचाव मार्ग पर अवरोध उत्पन्न करती हुई एक अन्य पुलिस पार्टी को देखकर उग्रवादी घबरा गए और अपने हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करते हुए जलाशय की ओर दौड़े। अभी भी श्री के. चक्रपाणि अपनी पार्टी का निर्भीकतापूर्वक नेतृत्व कर रहा था और उसने चार उग्रवादियों को मार गिराया जो अपने हथियारों सहित उस जलाशय में गिर पड़े। पुलिस पार्टी एक घण्टे की खोज के बाद एक शव निकाल पाई जबकि दूसरा शव कुशल तैराकों द्वारा शाम को निकाला जा सका। दो अन्य शव अगले दिन निकाले गए। इस परस्पर गोलीबारी में प्रकाश, किन्नेरा सानी दलम कमाण्डर तथा दलम के तीन अन्य सदस्यों को मार गिराया गया। एक स्प्रिंगफील्ड राइफल और एक तपंचा जब्त किया गया। अन्य हथियार कुशल तैराक द्वारा भी नहीं निकाले जा सके क्योंकि जलाशय गहरा एवं कीचड़युक्त था। उन्हें गर्मियों में ही निकाला जा सकता है जब जलस्तर काफी मात्रा में कम हो जाता है। स्प्रिंगफील्ड राइफल के 28 जिन्दा राउण्ड तथा एस एल आर के 10 जिन्दा राउण्ड, 1,26,000 की नकदी, एक .303 मैगजीन उन कुछ मदों में से थे जिन्हें उग्रवादियों के कपड़ों से जब्त किया गया था।

इस मुठभेड़ में श्री के. चक्रपाणि, आरक्षी उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 अक्टूबर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 122-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1.एन वी किशनराव,
रिजर्व इंस्पेक्टर

2.एस श्रीनिवास,
इंस्पेक्टर

3.मनोहर गौड़,
कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक30/06/2007 को सर्व श्री एन वी किशन राव, आरक्षी निरीक्षक, एस श्रीनिवास, निरीक्षक और मनोहर गौड़, कांस्टेबल ने संक्षिप्त एवं विशिष्ट सूचना एकत्र की कि उत्तर तेलंगाना स्पेशल जोनल समिति (माओवादी) के चोटी के काडरों सहित सी पी आई के (भूमिगत काडर) तडवाइमंडल में मेदाराम तथा इटुरुंगाराम मंडल के कोण्डाइ एवं आइलापुर जंगलों में घूम रहे है। माओवादियों ने घने जंगल, जल प्रपात एवं पहाड़ों के मध्य अपने शिविर बनाए हैं। तडवाइ थाने का सम्पूर्ण क्षेत्र वामपंथी उग्रवादियों के विभिन्न ग्रुपों की गतिविधियों से प्रभावित था और उन्होंने अधिकांश रास्तों पर भू-सुरंगे बिछा रखी थीं और किसी वाहन द्वारा सड़क यात्रा अत्यधिक जोखिमभरी है। सर्व/ श्री एन वी किशनराव, आरक्षी निरीक्षक, एस श्रीनिवास, निरीक्षक तथा मनोहर गौड़, कांस्टेबल , डी आई जी एस आई बी के अनुदेश पर एस पी वारंगल से मिले तथा उन्हें इस जानकारी से अवगत कराया। एस पी वारंगल और सर्व श्री एन वी किशन राव, आरक्षी निरीक्षक, एस श्री निवास निरीक्षक और मनोहर गौड़, कांस्टेबल ने आसूचना का बारीकी से विश्लेषण किया और एक विवेकपूर्ण अभियान योजना तैयार की। एस पी वारंगल ने शिविर पर हमला करने के लिए सभी उपलब्ध जिला गार्डों को एकत्र किया।

योजना के मुताबिक सर्वश्री एन बी किशन राव आरक्षी निरीक्षक , एस श्री निवास निरीक्षक मनोहर गौड़, कांस्टेबल तथा एक स्पेशल पार्टी जिला मुख्यालय से चलकर तडवाई और मेडाराम के बीच 4 किमी वाले मील के पत्थर पर पहुंची और वहां 30-06-2007 की रात्रि को विश्राम किया। 01-07-2007 को प्रात: 5 बजे इस विशेष पार्टी ने माओवादियों के संदिग्ध कैम्पिंग क्षेत्र की छानबीन शुरु की। चूंकि जंगल से होकर जाने वाले सभी मार्गों पर भू सुरंगे बिछी होने का संदेह था इसलिए सर्व श्री एन वी किशन राव , आरक्षी निरीक्षक, एस श्री निवास निरीक्षक और मनोहर गौड़, कांस्टेबल ने अन्य पार्टी के साथ, उस देहाती क्षेत्र में

क्षेत्र रणनीति का विवेकपूर्ण अनुसरण करते हुए पैदल चलना शुरु कर दिया। यह पार्टियां घने जंगल से होकर आगे बढीं और उग्रवादियों के संदिग्ध शिविर स्थल पर सुबह-सुबह पहुंच गई। प्रातः लगभग 7.30 बजे श्री मनोहर गौड़, कांस्टेबल जो स्काउट के रुप में काम कर रहा था, ने मेदाराम गाँव के दक्षिणपूर्व की ओर शिविर लगाए जैतूनी रंग की वर्दी पहने 8 सशस्त्र व्यक्तियों का ग्रुप देखा। श्री मनोहर गौड़, कांस्टेबल ने तुरंत इस पर्यवेक्षण से श्री एन० वी. किशनराव, आरक्षी निरीक्षक को सूचित किया जिसने पार्टी को वहीं रुकने का सिग्नल दे दिया और उन्होंने खुद जाकर वहां देख तथा उन्हें यह संदेह हुआ कि वे सी पी आई (माओवादी) से संबंधित उग्रवादी हैं। श्री एन वी किशनराव आरक्षी निरीक्षक ने समस्त पार्टी को दो हमलावार पार्टियों तथा एक कट आफ पार्टी के रुप में विभाजित किया। श्री एन वी किशन राव प्रथम हमलावार ग्रुप में थे और सर्वश्री एस श्रीनिवास तथा मनोहर गौड, दूसरी हमलावर पार्टी में थे। सी आई इटुरंगाराम परिक्षेत्र के नेतृत्व में कट आफ पार्टी ने जब सम्भावित बचाव मार्ग पर पोजीशन ले ली तब श्री एन वी किशन राव ने हमलावार पाटियों को आगे बढ़ने का सिग्नल दिया। चूंकि हमलावार पार्टियाँ उग्रवादियों के शिविर की ओर रेंग कर आगे बढ़ रही थीं, इसलिए संतरी ने जिसे पुलिस पार्टी के आने की भनक लग गई थी, "पुलिस" शब्द चिल्लाकर शिविर स्थित उग्रवादियों के सतर्क कर दिया और साथ ही पुलिस पार्टी पर तीव्र गोलियां चला दीं। लगभग 8 उग्रवादियों ने, जो बेहतर स्थिति में थे अपने स्वचालित हथियारों से चारों ओर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दीं और साथ ही हथगोले भी फेंके। श्री एन.वी.किशन राव ने उग्रवादियों को गोलीबारी बन्द करने और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देते हुए हमलावर पार्टियों को, उपलब्ध सुरक्षा कवच का आश्रय लेते हुए उग्रवादियों के शिविर की ओर आगे बढ़ने का आदेश दिया। चूँकि उग्रवादियों ने बार-बार दी जा रही चेतावनी का कोई जवाब नहीं दिया और पुलिस वालों की हत्या करने के इरादे से अपने स्वचालित हथियारों और ए.के.47 एस एल आर से गोली चलाना जारी रखा इसलिए श्री एन.वी.किशन राव ने पुलिस पार्टी को अपने बचाव के लिए उग्रवादियों पर जवाबी गोली चलाने का आदेश दिया तथा कट ऑफ पार्टी को सभी बचाव मार्ग सील करने के लिए चौकस कर दिया। श्री एन.बी. किशन राव और मनोहर गौड़ जो बुलेट प्रूफ जैकेट पहने थे, अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए उग्रवादियों की गोलियों पर जवाबी हमला करते हुए उनके शिविर स्थल के निकट तक पहुंच गए। कुछ उग्रवादी जो बड़े वृक्षों और टीलों की शरण लिए हुए थे, क्लेमोर सुरंगों का विस्फोट करते हुए भाग निकले, जबकि अन्य काडर शिविर स्थल से पुलिस पर लगातार गोलीबारी में व्यस्त बने रहे। उस घने जंगल में इस तीव्र गोलीवारी से युद्ध जैसी स्थिति हो गई। सर्व श्री एन.वी. किशन राव, आरक्षी निरीक्षक, एस. श्री निवास, निरीक्षक और मनोहर गौड़, कान्स्टेबल उग्रवादियों की गोलीबारी के बीच अत्यधिक कम दूरी से आगे बढ़ रहे थे, ने बहादुरीपूर्वक उन उग्रवादियों का पीछा किया और एक नियन्त्रित गोली बारी से उग्रवादियों की गोलीबारी को निष्क्रिय कर दिया। सर्व श्री एन.बी. किशन राव, आरक्षी निरीक्षक, एस. श्रीनिवास, निरीक्षक मनोहर गौड़, कांस्टेबल और उनकी पार्टी ने, हालांकि उनकी संख्या बहुत कम थी, अपने जीवन की परवाह किए बिना उन पर भीषण जवाबी गोलीबारी की। यह परस्पर गोलीबारी लगभग आधा घण्टे तक चलती रही। जब हालात शान्त हो गए, तो पुलिस पार्टी ने उस क्षेत्र की तलाशी ली और वहाँ एक शव एक ए.के.47 राइफल, एक 9 एम एम कार्बाइन, एक पिस्तौल आदि सामान पड़ा पाया। इस शव की बाद में चेट्टी राजू पापैय्याह ऊर्फ सोमन्ना ऊर्फ वेंकटरमन, उत्तर तेलंगाना स्पेशल जोनल समित सदस्य अर्थात बहु संगठन और एन टी एस जेड सी सचिवालय सदस्य के रूप में हुई।

सोमन्ना एक कुख्यात एवं कट्टर आतंकवादी था और वह 1985 से भूमिगत था। वह एक खतरनाक नक्सली था और वर्ष 1986 में दलम का सदस्य बना था। वह 1990 में दलम कमाण्डर, 1993 में डी सी एम, 1997 में एन टी एफ डिवीजन समिति सदस्य बना तथा

31.04.2000 से एन टी एस जेड सी का सदस्य था। वह करीमनगर, निजामाबाद सम्भाग और वारंगल के विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों में लगभग 50 आपराधिक मामलों में संलिप्त था और बर्वरता, जबरन धन वसूली तथा हत्याओं के लिए कुख्यात था। उस पर 10,00,000 रूपये का इनाम घोषित था।

इस गोलीबारी में पुलिस ने एक ए.के.47 राइफ़ल, एक 9 एम एम कार्बाइन, एक पिस्तौल, चार किट बैग्स, एक ए.के.47 मैगजीन बरामद किया तथा यह मामला वारंगल जिले के तडवाई थाना क्षेत्र की सी आर सं0 23/2007 की विषय वस्तु है।

इस मुटभेड़ में सर्वश्री एन.बी. किशन राव, आरक्षी निरीक्षक, एस.श्रीनिवास, निरीक्षक और मनोहर गौड़ कांस्टेबल ने असाधारण वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 जुलाई, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 123-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री केटीपल्ली वेणु गोपाला राव,
कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

पुलिस अधीक्षक, गुन्टुर जिला को एक सूचना प्राप्त हुई कि कोटा आनन्द कुमार और पेदा राजु दशरथम, गुन्टुर जिले की बोलापल्ली पुलिस स्टेशन सीमाओं के नालामल्ला आरक्षित जंगलों में आ रहे हैं जिनकी योजना क्षेत्र में आतंक पैदा करने के लिए आस-पास के गांवों में कुछ महत्वपूर्ण राजनैतिक नेताओं को मारने की है।

तत्काल 18 कार्मिकों की संख्या के साथ वाई. रंगनाथ गौड, उप निरीक्षक के नेतृत्व में गुन्टुर की जिला विशेष पार्टी को बुलाया गया और विस्तृत ब्रीफिंग के पश्चात 24.07.07 की रात्रि को उन्हें नालामल्ला के आरक्षित जंगल में पहुँचाया गया। विशेष पार्टियों ने उनको सौंपे गए क्षेत्र की पूरे एक दिन छानबीन की परन्तु वे निष्फल रहे। अगले दिन दिनांक 26.07.2007 को जब पार्टी हरकत में थी तभी श्री केटीपल्ली वेणु गोपाल राव ने 6 से 7 व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए देखा। इसको देखने पर श्री केटीपल्ली वेणु गोपाल राव ने पार्टी को तत्काल सतर्क किया और घनी झाड़ियों के पीछे आड़ ले ली। तब पार्टी को तीन उप-पार्टियों में विभाजित किया गया। प्रथमतः श्री वाई. रंगनाथ गौड, उप निरीक्षक के नेतृत्व में 6 सदस्यों की पार्टी ने शत्रु क्षेत्र की बांयी दिशा को कवर किया। दूसरी पार्टी ने श्री पी. देवा प्रभाकर, उप निरीक्षक के नेतृत्व में 6 व्यक्तियों के साथ शत्रु क्षेत्र के दांयें पक्ष को कवर किया तथा श्री के. वेणुगोपाल राव के नेतृत्व में 6 सदस्यों वाली तीसरी पार्टी ने आक्रामक पार्टी की भूमिका अदा की। जब पार्टी हरकत में थी, तभी एक शत्रु ने पुलिस पार्टी को देखा तथा उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने तत्काल आड़ ले ली और शत्रु को आत्मसमर्पण करने की सलाह दी। शत्रुओं ने पुलिस की सलाह की तरफ ध्यान नहीं दिया तथा पुलिस पर गोलीबारी करना जारी रखा। तब पुलिस ने भी आत्मसुरक्षा में गोलीबारी शुरु कर दी। परस्पर गोलीबारी लगभग 30 मिनटों तक जारी रही, जिसके दौरान नामित श्री के. वेणुगोपाल ने उच्चकोटि के साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया तथा गोलियों की बौछार में खड़े रहे। अपनी आत्मरक्षा में श्री के. वेणुगोपाल राव ने भी अपनी स्वयं की लोडिंग राइफल से शत्रु पर गोलीबारी शुरु की जिसमें कोट्टा आनन्द कुमार उर्फ श्याम नाम का विशेष एक्शन टीम का सदस्य मारा गया तथा तपंचा बरामद किया गया। कुछ क्षण पश्चात जब नामित के नेतृत्व में पुलिस पार्टी क्षेत्र की तलाशी ले रही थी तभी माओवादियों ने दुबारा उन पर तथा पुलिस पार्टी के अन्य सदस्यों पर गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने पुनः झाड़ियों की आड़ ली तथा शत्रुओं को आत्मसमर्पण करने की सलाह दी। परन्तु उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी जारी रखी। श्री के. वेणुगोपाल राव के नेतृत्व में पुलिस पार्टी, जोकि निर्भीकता से टीम का मार्गदर्शन कर रही थी, आगे बढ़ी, आत्मरक्षा में

शत्रुओं पर गोलीबारी की। पेड्डु राजु दसा रंघम उर्फ टेक सिरनु ; नामक विशेष एक्शन टीम कमांडर मारा गया ओर उससे एक तपन्चा वहां से बरामद किया गया। सम्पूर्ण घटना के दौरान नामित ने माओवादियों की गोलीबारी का जवाब देने में उच्चकोटि की कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में श्री केटीपल्ली वेणु गोपाल राव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 जुलाई, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 124-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री डी. सत्यनारायण,
आरक्षित उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

यह मामला, नार्थ तेलंगाना स्पेशल जोन कमेटी (एन टी एस जैड सी) के खूंखार माओवादी गुरिलाओं के साथ हुई परस्पर गोलीबारी का है जिसमें महत्वपूर्ण नेता मधु उर्फ सरैय्या – करीम नगर पूर्व डिवीजन जिला कमेटी सचिव तथा वारंगल जिले के चित्याल और मेदाराम क्षेत्रों के तीन एल ओ एस सदस्यों सहित चार दुर्दान्त आतंकवादी मारे गए। इसके परिणामस्वरुप ए के-47 तथा 3-.303 राइफलें जैसे खतरनाक हथियार बरामद किए गए।

विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि गणेश, एन टी एस जेड सी सचिव, मधु, करीम नगर जिला डिवीजन कमेटी सचिव और अन्य महत्वपूर्ण माओवादी, वारंगल जिले की तडवी पुलिस स्टेशन सीमाओं के अंदर ओराटम तथा कोंडई गांवों के आस-पास चित्याल रिजर्व जंगल में ठहरे हुए हैं। 3 ग्रेहाउन्ड यूनिटों तथा ग्रेहाउन्ड द्वारा वारंगल जिले की 9 विशेष पार्टियों, जिला पुलिस तथा राज्य आसूचना अधिकारियों के साथ एक अभियान की योजना बनाई गई। श्री डी. सत्यनाराण, 20 सदस्यों की स्ट्रेन्थ के साथ एक ग्रेहाउन्ड यूनिट का नेतृत्व कर रहे थे। ग्रेहाउन्ड यूनिटों तथा जिला विशेष पार्टियों को अभियानों के लिए 12.09.06 की मध्यरात्रि को पहुंचाया गया। तलाशी पार्टियों ने प्रत्येक को सौंपे गए क्षेत्र की सितम्बर की 13 और 14 तारीख को छानबीन की जिन्होंने पहचान किए गए तथा सम्भावित सभी शरण स्थलों को कवर किया। 14 की शाम को एक ग्रेहाउन्ड यूनिट ने कुछ चरवाहों से स्थानीय आसूचना एकत्र की कि उन्होंने 2 से तीन दिन पहले निकट की पहाड़ी पर 8 से 10 माओवादियों को देखा है। उस यूनिट को 15 की सुबह क्षेत्र की खोजबीन के लिए पहाड़ी क्षेत्र की तरफ भेजा गया। तथापि, 15 की सुबह-सुबह वे खाली हाथ लौट आए।

इसी बीच, श्री डी. सत्यनाराण, रिजर्व उप-निरीक्षक के नेतृत्व वाली ग्रेहाउन्ड यूनिट को एक सदस्य ने जोकि इस पहाड़ी क्षेत्र के दक्षिण पश्चिम की तरफ बढ़ रहा था, एक व्यक्ति को सिविलियन कपडों में पूर्वोत्तर से दक्षिण पश्चिमी दिशा की तरफ बढ़ते देखा। श्री डी. सत्यनाराण, रिजर्व उप-निरीक्षक ने समग्र यूनिट को तत्काल सतर्क कर दिया तथा व्यक्ति की तलाश करना शुरु कर दिया। श्री डी. सत्यनारायण, रिजर्व उप-निरीक्षक ने आगे रह कर यूनिट का नेतृत्व किया तथा अन्य उनके पीछे-पीछे, आगे बढ़े। लगभग 200 यार्ड से सिविलियन को देखने के पश्चात श्री डी. सत्यनाराण, रिजर्व उप-निरीक्षक ने दक्षिणी पश्चिम दिशा में छः व्यक्तियों को जाते हुए देखा। छः में से, आखरी एक महिला थी जिसने जैतूनी हरे रंग की वेशभूषा पहन रखी थी और उसके पास .303 राइफल थी। श्री डी. सत्यनाराण, रिजर्व उप-निरीक्षक ने 3 समूहों में विभाजित होने के लिए अपनी टीम के सदस्यों को संकेत दिया। जहाँ उन्हें चार सदस्यों के साथ आक्रमण दल का नेतृत्व करना था वहां अन्य को दोनों धडों को कवर करना था। जब अन्य यूनिट सदस्य, धडों को कवर करने के लिए आगे बढ़ रहे थे, तभी महिला माओवादी जोकि सबसे पीछे थी, एक ध्वनि को सुनने के पश्चात संदिग्ध हो गई, वह पीछे मुडी तथा उसने गोलीबारी करना शुरु कर दिया। श्री डी. सत्यनारायण, रिजर्व उप-निरीक्षक ने, जोकि उसके समीप थे तथा जिन्होंने बिना कवर के उसको देखा था, तत्काल प्रतिक्रिया की तथा उसकी गोलीबारी का जवाब दिया और उसको नीचे गिरा दिया। इससे सतर्क होकर

माओवादियों ने भागना शुरु कर दिया तथा पुलिस पार्टी द्वारा पीछा किए जाने को रोकने के लिए अपने हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरु कर दिया। हालांकि वह भूभाग पूरी तरह कांटों वाली झाड़ियों तथा शिलाखण्डों से भरा हुआ था, कुछ ने घास में आड़ ले ली, जिसने हलचल को खतरनाक बना दिया, श्री डी. सत्यनाराण, रिजर्व उप-निरीक्षक तथा 4 सदस्यों वाली उनकी टीम ने, उनके हथियारों से की जा रही गोलियों की बौछार की परवाह न करते हुए उनका पीछा किया। श्री डी. सत्यनारायण, रिजर्व पुलिस निरीक्षक ने नेतृत्व करने के कारण, अन्य 200 मीटर पीछा करने के बाद एक अन्य महिला माओवादी को मार गिराया।

यह देखते हुए कि पुलिस पार्टी निरन्तर उनका पीछा कर रही है, माओवादी विभिन्न दिशाओं में छिटक गए। श्री डी. सत्यनारायण, रिजर्व उप-निरीक्षक तथा उनकी टीम ने उनमें से कुछ का पीछा करना जारी रखा क्योंकि माओवादी भागते हुए निरन्तर गोलीबारी कर रहे थे। उनकी टीम के एक सदस्य टी. मोहन तथा उनके साथ सदस्यों ने एक और महिला माओवादी को मार गिराया। उसी समय टी. मोहन ने एक माओवादी को मुड़ते हुए तथा अपनी ए के-47 से पुलिस पार्टी को लक्ष्य बनाते हुए देखा। निर्भीकता से उसने गोलीबारी शुरु कर दी तथा माओवादी को मार गिराया, जिसकी बाद में मधु, सचिव, करीम नगर जिला डिवीजन समिति के रूप में पहचान की गई। तब यूनिट फैल गई तथा उन माओवादियों, जो भाग गए थे को ढूंढने के लिए समग्र क्षेत्र की जांच की, परन्तु कोई परिणाम नहीं निकला। उन्होंने 6 किट बैग, 42,000/-रुपए नकद तथा अन्य चीजों के अलावा 3 सोने के बिस्कुट बरामद किए।

इस परस्पर चली गोलीबारी में, जो कि आंतरिक और कांटों भरी झाड़ियों वाले जंगल क्षेत्र, निर्भीक शिलाखण्डों भरे भूभाग में हुई, नोट करने लायक एक बात है कि पुलिस पार्टी ने लगभग 1½ कि.मी. तक माओवादियों का पीछा किया। पहले मानव और अन्तिम मानव के बीच 1 कि.मी. का फासला था ओर मानव समग्र लंबाई में फैले हुए थे। स्वचालित हथियारों जैसे कि ए के-47 और अन्य राइफलों के साथ सभी माओवादियों द्वारा कड़े मुकाबले के बीच सभी माओवादी कुछ ही क्षणों में जंगल में आसानी से भाग सकते थे परन्तु अटल दृढ़ निश्चय तथा पुलिस पार्टी द्वारा निरन्तर पीछा किए जाने के कारण वे असफल रहे।

परस्पर चली इस गोलीबारी में निम्नलिखित माओवादी मारे गए जिसके फलस्वरुप एक ए के-47 और तीन .303 राइफलें बरामद की गई।

1. अल्लुवाला सरैय्या उर्फ मधु, करीम नगर जिला डिवीजन कमेटी सकेरेटरी, ए के-47 जिलए हुए।
2. .303 राइफल लिए हुए पोथु राजुला वसन्था उर्फ निरमला, चित्याल स्थानीय ओपरेशन स्कैवाड सदस्य।
3. सुनकर प्रमाली उर्फ ललिथा, मदारम एल ओ एस सदस्य, .303 राइफल लिए हुए ।
4. मोदिगा पदमा, मेदारम एल ओ एस सदस्य, .303 राइफल लिए हुए।

उक्त घटना को तडवई पुलिस स्टेशन, वारंगल जिले में भारतीय शस्त्र अधिनियम, ए पी पी एस अधिनियम की धारा 149, 25 (1 बी) और 27 के साथ पठित धारा 148, 307 के अन्तर्गत अपराध संख्या 105/06 के तहत दर्ज किया गया है।

इस मुठभेड़ में श्री डी. सत्यनाराण, रिजर्व उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 सितम्बर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 125-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री महेश चन्द्र लडढा
पुलिस अधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 27.04.2005 को श्री मेहश चन्द्र लडढा ओंगल शहर (प्रकाशम जिला) में अपने कार्यालय से कार्य करके चार (4) बंदुकधारी कर्मियों के साथ टाटा सुमो में लगभग 14.05 अपने शिविर कार्यालय में लौट रहे थे। जैसे ही वे कामाक्षी देवी मंदिर के पास पहुंचे, माओवादियों की एक 7 सदस्यीय एक्शन टीम ने श्री महेश चन्द्र लडढा को लक्ष्य बनाकर साइकिल पर रखी खांडा माइंस में विस्फोट कर दिया। विस्फोट इतना भयानक था कि इसका प्रभाव समग्र क्षेत्र में महसूस किया गया और समीपवर्ती क्षेत्र में 3 सिविलियनों को मारने के अलावा उस वाहन को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया जिसमें श्री महेश चन्द्र लडढा यात्रा कर रहे थे।

इस बड़े विस्फोट और वाहन को हुई क्षति से डरे बिना श्री महेश चन्द्र लडढा ने अपना धैर्य बनाए रखा और उत्कृष्ट बुद्धिमता और साहस का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बंदूकधारी कर्मियों के साथ-साथ अपने आपको उस क्षतिग्रस्त वाहन के हिस्से से बाहर निकाला। हालांकि श्री महेश चन्द्र लडढा अपने आशंकित बंदूकधारी कर्मियों और ड्राइवर को धैर्य प्रदान कर रहे थे, आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरु कर दी। अपने जीवन के खतरे की परवाह किए बिना श्री महेश चन्द्र लडढा ने उत्कृष्ट नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया तथा स्थिति को नियंत्रण में लिया। उन्होंने अपने छोटे से बल का नेतृत्व किया तथा माओवादियों पर प्रतिकारी आक्रमण बोल दिया। आतंकवादियों द्वारा की जा रही भीषण गोलीबारी के बीच भी श्री महेश चन्द्र लडढा पीछे नहीं हटे तथा उन्होंने आक्रमणकारियों को दो टूक जवाब देना जारी रखा। उनके बीच परस्पर गोलीबारी जारी रही और श्री महेश चन्द्र लडढा के निर्देश के अन्तर्गत पुलिस द्वारा प्रभावपूर्ण प्रतिकारी कार्रवाई के कारण, माओवादियों का 7 सदस्यीय सशक्त, उच्चप्रेरित और प्रशिक्षित मारक स्क्वाड (कार्रवाई टीम) भवनों और दिवारों की आड़ लेने के लिए विवश हो गया।

इस मुठभेड़ में श्री महेश चन्द्र लडढा ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 अप्रैल, 2005 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 126-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. देवेन्द्र सिंह चौहान,
   पुलिस अधीक्षक
2. एन. शिव प्रसाद,
   रिजर्व निरीक्षक
3. एम. गजैन्द्र कुमार,
   रिजर्व उप निरीक्षक
4. एम.ए. शुकूर,
   उप निरीक्षक
5. आर. सिरनु बाबू,
   कांस्टेबल
6. वी. साई बाबू,
   कांस्टेबल
7. वी. श्रीनिवास राव,
   हैड कांस्टेबल
8. ए. शिव कुमार,
   रिजर्व उप निरीक्षक
9. शैक आफताब,
   कांस्टेबल
10. एम.वी. नारायण,
    कांस्टेबल
11. वी. कृष्णा,
    कांस्टेबल
12. डी. श्रीनिवास रेड्डी,
    रिजर्व उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

श्री देवेन्द्र सिंह चौहान आई पी एस, एस.पी. खम्माम द्वारा 15.03.2008 को एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि खम्माम जिले की चेरला पुलिस थाना सीमाओं और बीजापुर जिले के समीवर्ती जंगल क्षेत्रों में गेर-कानूनी माओवादी पुलिस स्टेशनों पर हमला करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और राज्य के विरुद्ध हिंसात्मक कृत्य करने के लिए एक शिविर आयोजित कर रहे हैं तथा श्री देवेन्द्र सिंह चौहान ने अपने अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा

की तथा सभी कारकों तथा सुरक्षा अभियानों को ध्यान में रखते हुए अभियान हेतु एक योजना तैयार की। तब प्रतिबंधित माओवादियों जो कि बड़ी संख्या में अवैध हथियार और बारुद तथा विस्फोटक लिए चल रहे थे, को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाने हेतु उन्होंने 8 ग्रेहाउन्द यूनिटों को सौंपने के लिए उन्होंने ग्रेहाउन्ड प्रमुख से अनुरोध किया। तदनुसार श्री जी. दयानन्द, आक्रमण कमान्डर/डी एम पी के साथ 16.03.2008 की पूर्वाह्न में खम्माम जिला मुख्यालय को 8 ग्रेहाउन्ड यूनिटों को भेजा गया। श्री देवेन्द्र सिंह चौहान एस.पी. खम्माम ने श्री शाहनवाज कासिम, आई पी एस, ए एस पी कोथागुदेम, श्री जी. कृष्णा मूर्ति, स्कैवार्डन कमांडर/अपर पुलिस अधीक्षक तथा श्री जी. दयानन्द, आक्रमण कमान्डर/डी एस पी की सलाह से अभियान की योजना तैयार की। पार्टियों को श्री देवेन्द्र सिंह चौहान ने 16.03.2008 की शाम को गहन तरीके से ब्रीफ किया।

तदनुसार 8 ग्रेहाउन्ड यूनिटों और एन. शिवा प्रसाद, आरक्षित निरीक्षक, एम. गजेन्द्र कुमार, आरक्षित उप-निरीक्षक, एम.ए. शुकूर, उप-निरीक्षक, आर. सिरनु बाबू, कांस्टेबल, वी साई बाबू, कांस्टेबल, वी. श्रीनिवास राव, हैड कांस्टेबल, ए. शिव कुमार, आरक्षित उप-निरीक्षक, शैक आफताब, कांस्टेबल, एम.वी. नारायण, कांस्टेबल, वी.कृष्णा, कांस्टेबल तथा डी. श्री निवास रेड्डी, आरक्षित उप-निरीक्षक (कुल 167) सहित 17 सिविल पुलिस अधिकारियों और कार्मिक वाली पुलिस पार्टी को 16.03.2008 की रात को खम्माम से सीमावर्ती क्षेत्र की तरफ भेजा गया। तदनुसार पुलिस पार्टियों ने उक्त गैर-कानूनी आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र में तलाशी और छानबीन अभियान शुरु कर दिया। 17.03.08 शाम को जंगल क्षेत्र की छानबीन करते समय खम्माम जिले की एक पुलिस पार्टी ने जैतूनी हरी वेश भूषा में और आग्नेयास्त्रों से सुसज्जित अनुमानतः 10-12 की संख्या में व्यक्तियों के समूह की हरकत को नोट किया। पुलिस पार्टी ने उनको तत्काल पकड़ने का प्रयास किया परन्तु सशस्त्र समूह छत्तीसगढ़ के जंगल में उत्तरी दिशा की तरफ खिसक गया। पुलिस पार्टी ने उनको पकड़ने के लिए सशस्त्र समूह का पीछा करना शुरु किया और सीमा का उल्लघंन करते हुए पुलिस पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य के जंगल क्षेत्र में प्रवेश कर गयी तथा उन्होंने उक्त तलाशी एवं छानबीन अभियान को जारी रखा। इस सूचना के प्राप्त होने पर श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, आई.पी.एस., पुलिस अधीक्षक खम्माम अभियान का नेतृत्व करने के लिए पार्टी में शामिल हो गए। श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व निर्णित आर वी प्वाइन्ट पर जंगल में पार्टी में शामिल हुए और उन्होंने आगे बढ़ते हुए पार्टीयों का नेतृत्व करते हुए अभियान को जारी रखा।

दिनांक 18.03.2008 को लगभग 0830 बजे जब पार्टियां पालीगुडा गांव के जंगल क्षेत्र में पूर्वोत्तर दिशा में बढ़ रही थी, श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, श्री शिव प्रसाद डी ए सी, जी एच एस, श्री गजेन्द्र कुमार ए ए सी, तथा श्री एम.ए. शुकूर के नेतृत्व में पार्टी तथा अन्यों ने कुछ आतंकवादियों को देखा। उसी समय आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी को देखा तथा अचानक पुलिस कार्मिकों को मारने की इच्छा से पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी।

श्री देवेन्द्र सिंह चौहान और श्री शिव प्रसाद डी ए सी, जी एच एस, श्री गजेन्द्र कुमार, ए ए सी, श्री एम.ए. शुकूर, उप निरीक्षक डुमामगुडेम वाली उनकी पार्टी तथा अन्यों को ए के-47, एस एल आर जैसे हथियारों से युक्त नक्सलवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी का सामना करना पड़ा। श्री देवेन्द्र सिंह चौहान ने तत्काल अपनी पार्टी को सतर्क किया तथा पार्टी ने ग्राउन्ड कवर लेते हुए अपनी रक्षा के लिए मोर्चा संभाल लिया तथा अपनी पहचान को उचित रूप से प्रकट करते हुए आतंकवादियों को आत्म समर्पण करने की चेतावनी दी। भूभाग कठिन था और पुलिस पार्टी उससे अनभिज्ञ थी तथा वहां कोई कवर उपलब्ध नहीं था। श्री देवेन्द्र सिंह चौहान विपरीत परिस्थितियों और आतंकवादियों की भारी गोलीबारी में निडर रहे, उन्होंने

अपनी पार्टी को दो यूनिटों में विभाजित किया तथा आतंकवादियों को जिन्दा पकड़ने की इच्छा से एक यूनिट को बांयी दिशा को कवर करने तथा दूसरी यूनिट को दांयी दिशा को कवर करने का निर्देश दिया। आतंकवादियों ने उनकी चेतावनी की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और उन्होंने पुलिस पार्टियों पर भारी गोलीबारी जारी रखी। भगोड़ों को उचित रूप से चेतावनी देने के पश्चात अपनी जान बचाने के लिए किसी और विकल्प के न रहने पर पुलिस पार्टियों ने आत्मरक्षा में गोलीबारी शुरु कर दी। संतरी आतंकवादी ने आतंकवादियों द्वारा पास में ही लगाई गई खांडा माइन में विस्फोट करने का प्रयास भी किया परन्तु उक्त माइन में विस्फोट नहीं हुआ। परस्पर चली गोलीबारी के दौरान जोकि श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, श्री एन. शिव प्रसाद, डी ए सी, श्री गजेन्द्र कुमार ए ए सी, श्री एम.ए. शुकूर, उप निरीक्षक, श्री आर. सिरनु बाबू जे सी तथा श्री वी. साई बाबू जे सी पर हो रही थी, ने आतंकवादियों की गोलीबारी का साहस से सामना किया तथा उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया और उन्होंने आगे बढ़ते हुए, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की लागत पर तथा अपने जीवन के प्रति आसन्न गहरे खतरे से बिना भयभीत हुए, गोलीबारी की शुरुआत कर दी।

जब उक्त गोलीबारी चल रही थी, श्री देवेन्द्र सिंह चौहान ने श्री अनजनैय्या रेड्डी, उप आक्रमण कमान्डर/आर आई, जो कि उसी पार्टी में थे, को अपनी यूनिट को इस तरह से आगे बढ़ने का निर्देश दिया जिससे कि बाएं पक्ष को कवर किया जा सके। जबकि श्री अनजनैय्या रेड्डी, उप आक्रमण कमान्डर/आर आई के नेतृत्व में यूनिट उत्तर-पश्चिम दिशा में कुछ आगे बढ़ चुकी थी, उन्होंने नाले के पार छोटी पहाडी पार आतंकवादियों के अन्य समूह को कवर लेते हुए पाया। उप आक्रमण कमान्डर/आर.आई के नेतृत्व वाली पार्टी ने पुलिस के रूप में अपनी पहचान बताई और आतंकवादियों को समर्पण करने की चेतावनी दी। आतंकवादी जो ऊंचाई पर पहाड़ी पर थे, समर्पण करने की बजाय उनको मारने की इच्छा से ए के-47 और अन्य हथियारों से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। श्री एन. शिव प्रसाद के गोलीबारी के निर्देशों पर श्री वी. श्रीनिवास राव ने अगुवाई की तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति भारी जोखिम के बावजूद स्वचालित हथियारों से शत्रु द्वारा की जा रही गोलीबारी के बीच, आगे बढ़ते हुए अपने कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा का परिचय दिया तथा आत्मरक्षा में शत्रु पर गोलीबारी शुरु कर दी।

चार ई ओ एफ में से वे पहले थे जिन्होंने इस प्रमुख अभियान में भाग लिया। ई ओ एफ के परिणामस्वरुप 7 आतंकवादियों को मारा जा सका (4 पुरुष और 3 महिला) और 1 ए के-47, 2 एस एल आर, 2,.303 राइफल, 2 एस बी बी एल, 1 खांडा माइन, 3 ग्रैनेड, ए के-47, एस एल आर, .303, 12-बोर के कुछ जीवित गोलाबारुद तथा 2 लाख रुपए नगद बरामद किए गए।

गोलीबारी की आवाज सुनने के कुछ समय पश्चात श्री मोसेस बाबू, उप आक्रमण कमान्डर/आर आई के नेतृत्व वाली पार्टी तथा श्री जी. विजय कुमार, उप निरीक्षक चेरला उस स्थान के निकट पहुंचने लगे, जहां से गोलीबारी की आवाज आ रही थी। जब पार्टी आगे बढ़ रही थी, श्री देवेन्द्र सिंह चौहान ने वी एच एफ सैट पर अपनी पार्टी से सम्पर्क किया और चूंकि और आतंकवादियों के समूह आगे बढ़ रहे थे तथा पुलिस पार्टियों पर आक्रमण करने का प्रयास कर रहे थे इसलिए उन्हें सतर्क रहने का निर्देश दिया। जब उक्त पार्टी, गोलीबारी की आवाज की तरफ आगे बढ़ रही थी, उन्होंने पहाड़ी पर आतंकवादियों के समूह को देखा। जैसे ही आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी को देखा, उन्होंने पुलिस पर गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने उन्हें अपनी पहचान बताते हुए समर्पण करने की चेतावनी दी तथा चूंकि गोलीबारी जारी थी इसलिए उन्होंने आत्मरक्षा में गोलीबारी शुरु कर दी। इस पार्टी में श्री जी. विजय

कुमार, उप निरीक्षक, श्री ए. शिव कुमार, ए ए सी, शैक आफताब, श्री एन.वी. नारायण तथा श्री वी. कृष्णा ने विपरीत परिस्थितियों में उत्कृष्ट साहस प्रदर्शित किया, आतंकवादियों की गोलीबारी का बहादुरी से सामना किया तथा गोलीबारी का जवाब दिया।

इस ई ओ एफ में 4 प्रुरुष आतंकवादी मारे गए तथा 1, .303 राइफल, 1, 8 एम एल राइफल, 2 एस वी वी एल, 1 स्कैनर सेट, 1 बारुदी सुरंग, 2 एस एल आर मेगजीन, 2 कैमरा फ्लैश तथा .303, 8 एम एम के कुछ जीवित गोला बारुद तथा 12 बोर बरामद किए गए।

इसी बीच, श्री डी. अदिनारायण डी ए सी के नेतृत्व वाली अन्य पुलिस पार्टी जिसमें श्री बी. जनार्दन रेड्डी, ए ए सी, श्री रामचन्द्र, उप निरीक्षक अल्लापल्ली तथा श्री राजैय्या, उप निरीक्षक वैंकटपुरम शामिल थे, ने भी उस समय परस्पर गोलीबारी की जब आतंकवादियों के अन्य समूह ने उन पर गोलीबारी शुरु कर दी तथा पार्टी ने आतंकवादियों को समर्पण करने की उचित चेतावनी देने के पश्चात आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी।

इस ई ओ एफ के परिणामस्वरुप 1 पुरुष तथा 1 महिला आतंकवादियों की मृत्यु हुई ओर 1, .303 राइफल, 2 ग्रेनेड तथा .303 बोर के कुछ जीवित राउन्ड बरामद किए गए।

लगभग 1245 बजे जब श्री एम. श्रीनिवास राव, उप आक्रमण कमान्डर/आर आई के नेतृत्व में यूनिट एक छोटी पहाडी की जांच करने के पश्चात नीचे उतर रही थी, उन्होंने भी गोलीबारी की आवाज सुनी तथा उन्होंने परस्पर हो रही गोलीबारी वाली दिशा की तरफ जाने का निर्णय लिया। कुछ समय पश्चात जब पार्टी परस्पर गोलीबारी वाली दिशा की तरफ आगे बढ़ रही थी, उन्होंने जंगल के आतंकवादियों के एक और समूह को देखा। आतंकवादियों ने पुलिस को देखने के पश्चात पेड़ों की आड़ लेते हुए गोलीबारी शुरु कर दी। श्री डी. श्रीनिवास रेड्डी, सहायक आक्रमण कमान्डर/आर एस आई ने कर्तव्य के प्रति उच्चकोटि की निष्ठा का प्रदर्शन करते हुए, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना, आगे बढ़े तथा आतंकवदियों परगोलीबारी शुरु कर दी।

इस ई ओ एफ को परिणामस्वरुप 4 आतंकवादियों (2 पुरुष और 2 महिला) आतंकवादियों की मृत्यु हुई और 1 डी बी बी एल, 2 एस बी बी एल, 1 ग्रैनेड, 1 कैम्प फ्लेश, 1 मैनपैक बैटरी, 69 इलैक्ट्रिक डेटोनेटर, एस एल आर के कुछ जीवित गोलाबारुद तथा 35 किट बैग और साहित्य बरामद किया गया।

कुल मिलाकर, सुबह 0850 बजे से 1315 बजे तक कुल चार बार परस्पर गोलीबारी हुई और जब आतंकवादियों की तरफ से गोलीबारी की कोई आवाज नहीं आई तब ये समास हुए। सभी चारों ई ओ एफ के परिणामस्वरुप 17 माओवादियों (11 – पुरुषों तथा 6 महिलाओं) की मृत्यु हुई तथा 15 हथियार (1 –ए के 47, 2 –एस एल आर राइफलें, 4 - .303 राइफलें, 3-12 बोर बंदूकें, 4-एस बी बी एल, 1-डी बी बी एल) बरामद किए गए। पुलिस ने 1 एस एल आर पाउच, 2-एस एल आर मेगजीन, 2-लैंड माइन, 2-ग्रैनेड, 1-मैनपैक, 67-डेटोनेटर, 9 एस एल आर राउन्ड, 35-किट बैग तथा 2 लाख रुपए नगद भी बरामद किए। यह मामला अपराध संख्या 01/2008 147, 148, 307, आई पी सी की धारा 149 के साथ पठित, 120बी, 124(ए) आई पी सी, आई ए अधिनियम की धारा 25 (1) (क) 27 तथा बीजापुर जिले के पामेदु पुलिस स्टेशन के ई.एस. अधिनियम की धारा 4 और 5 का है।

वे कैडर जिनको ई ओ एफ में निष्क्रिय किया गया वे हैं मातुरी यादगिरि उर्फ सागर, डी सी एस खम्माम, इसके अलावा 1) भगत उर्फ ईयथू, सी.ओ. किस्ता राम, 2) भास्कर सी.ओ. वेलीरपद एल ओ एस, 3) ओंगल सी.ओ. सी एन एम, पामेदु सहित (9) महत्वपूर्ण कमान्डर लैवल भूमिगत कैडर गोलीबारी के विनिमय में मारे गए। यह भीषण गोलीबारी का आदान-प्रदान जोकि खम्माम जिला पुलिस के 8 ग्रेहाउन्द यूनिटों सहित पुलिस पार्टियों ओर सी पी आई (माओवादी) के मध्य हुआ, यह लगभग 4½ घंटों तक चला और इसमें 17 खूंखार आतंकवादी मारे गए और इसमें काफी हथियार बरामद किए गए। उक्त पार्टी ने उन आतंकवादियों पर जोकि स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर रहे थे, पर अपनी जान और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना जवाबी गोलीबारी करके कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा और अनूठे साहस का परिचय दिया। इस परस्पर चली गोलीबारी ने छत्तीसगढ़ राज्य के दंडकारण्य क्षेत्र जिसे सम्भवत: अभी तक माओवादियों का गढ़ ओर जिसे उनके द्वारा उदारीकृत क्षेत्र घोषित किया गया था, सीपी आई (माओवादी) के आतंकवादियों पर यह पहला गहरा कुठाराघात सिद्द हुआ है। इससे दोनों राज्यों पर उल्लेखनीय सकरात्मक प्रभाव पड़ा है, क्योंकि माओवादी अंधाधुंध हिंसा का आश्रय लेते थे और छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पुलिस कार्मिकों को मारते थे। इसी पामेदु पुलिस स्टेशन सीमाओं में 02.11.2007 को माओवादियों द्वारा 11 पुलिस कार्मिकों को मार दिया गया था। इस अभियान ने माओवादियों को बुरी तरह हताश कर दिया है तथा दोनों राज्यों की पुलिस के मनोबल को प्रोत्साहन प्रदान किया है। देश में वामदल आतंकवाद के इतिहास में यह अब तक सबसे बड़ी मुठभेड़ है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक, एन. शिव प्रसाद, आरक्षित निरीक्षक, एम. गजेन्द्र कुमार आरक्षित उप निरीक्षक, एम.ए. शुकूर, उप निरीक्षक, आर. सिरनु बाबू, कांस्टेबल, वी.साई. बाबू, कांस्टेबल, वी. श्रीनिवास राव, हैड कांस्टेबल, ए. शिव कुमार, आरक्षित उप निरीक्षक, शैक आफताब, कांस्टेबल, एम.वी. नारायण, कांस्टेबल, वी. कृष्णा, कांस्टेबल तथा डी. श्रीनिवास रेड्डी, आरक्षित उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 मार्च, 2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 127-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. जयन्त सारथी बौराह,
   उप डिवीजनल पुलिस अधिकारी
2. दुर्गा किंगकर शर्मा,
   उप निरीक्षक
3. दीपक तुगखंगिया,
   कांस्टेबल
4. प्रफुल्ल खाखलरी,
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

श्री प्रमोद गोगई, भालुकोनिया गांव (पुलिस स्टेशन-काकोटीबारी, जिला शिवसागर) के घर में खूंखार उल्फा आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में गुप्त सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए श्री जयन्त सारथी बौराह, ए पी एस, एस डी पी ओ, सोनारी ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए वहां दबिश दी। लगभग 14.30 बजे जयन्त सारथी बौराह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी की गई। आतंकवादियों ने जयन्त सारथी बौराह और उनकी पार्टी को लक्ष्य बनाते हुए हैंड ग्रैनेड भी फेंका। उसी क्षण श्री जयन्त सारथी बौराह ने मोर्चा लेने के लिए अपनी पार्टी को कमांड दी तथा आतंकवादी गोलीबारी का सामना करते हुए अपने सर्विस हथियार से गोलीबारी करना शुरु कर दी इसने उप निरीक्षक दुर्गा किंगकर शर्मा, ए बी सी 25 दीपक तुंगखंगिया तथा ए बी सी 38 प्रफुल्ल खाखलरी को प्रेरणा प्रदान की तथा सभी ने तुरन्त जवाबी कार्रवाई शुरु कर दी जिससे भीषण मुठभेड़ शुरु हो गई। जयन्त सारथी बौराह तथा उनकी पार्टी द्वारा की गई समयपूर्वक और तुरन्त जवाबी कार्रवाई के कारण एक खूंखार उल्फा आतंकवादी मारा गया। अन्य आतंकवादी घनी बांस की झाड़ियों की आड़ के अन्तर्गत धान के खेतों के जरिए भागने में सफल रहे। मुठभेड़ स्थल से एक बैल्जियम निर्मित पिस्तौल, एक मैगजीन, 4 राउन्ड जीवित गोला बारुद तथा कुछ अभिशस्त दस्तावेज बरामद किए गए। मारे गए आतंकवादी की पहचान एस एस सार्जेन्ट मेजर अनन्त दुवारा उर्फ अनीरबन बासुमतारी, गांव – सिंगलीपाथर, पुलिस स्टेशन – मथुरापुर, जिला शिव सागर के रूप में की गई तथा वह शिव सागर के उल्फा आतंकवादियों द्वारा जबरन वसूली करने का बादशाह था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जयन्त सारथी बौराह, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी, दुर्गा किंगकर शर्मा, उप निरीक्षक, दीपक तुगखंगिया, कांस्टेबल तथा प्रफुल्ल खाखलरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

12—381 GI/2008

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 अक्तूबर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 128-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. श्यामल प्रसाद सैकैया,
   पुलिस अधीक्षक
2. कुमुद चेतिया,
   उप निरीक्षक
3. तरुण दोवराह
   सशस्त्र शाखा कांस्टेबल
4. धुरबा दास,
   सशस्त्र शाखा कांस्टेबल
5. जैबुल अली
   सशस्त्र शाखा कांस्टेबल
6. मधु चौहान,
   सशस्त्र शाखा कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 31.3.07 की सुबह लगभग 8.40 बजे उप निरीक्षक कुमुद चेतिया, ओ/सी डीमो पुलिस स्टेशन को डीमो पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत गांव चकलापथ में उल्फा उग्रवादियों की उपस्थिति के संबंध में एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार उप निरीक्षक कुमुद चेतिया, ओ/सी डीमो पुलिस स्टेशन और अन्य पुलिस कार्मिकों तथा सेना की 174 और 136 फील्ड रेजीमेन्ट के अधिकारियों और कार्मिकों द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरु किया गया। जब तलाशी अभियान प्रगति पर था, उल्फा उग्रवादियों ने एक श्री जिबा गोगोई के घर से सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करना शुरु कर दिया जिसके परिणामस्वरुप 174 फील्ड रेजीमेन्ट के मेजर स्वप्निश परिहार को गहरी चोट पहुंची जिन्हें उपचार के लिए तत्काल ए एम सी एच, डीबरुगढ़ भेजा गया। जवाबी कार्रवाई पर अभियान दल ने भी एक खूंखार उल्फा उग्रवादी को मार गिराया जिसकी बाद में पहचान स्वंयभू सर्जेन्ट मेजर तिरथा चेतिया उर्फ बिथल्व कोनवर, गांव हाव पारा चुक, नितईपुखरी, पुलिस स्टेशन डिमो, शिव सागर जिले के रूप में की गई। इस सूचना के प्रापत होने पर, श्री श्यामल प्रसाद सैकैया, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, शिव सागर अन्य अधिकारियों और पुलिस कार्मिकों के साथ तत्काल घटनास्थील पर पहुंचे तथा उन्होंने पाया कि उल्फा उग्रवादियों और पुलिस दल के बीच गोलीबारी जारी है। श्री एस.पी. सैकैया, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, शिव सागर ने कुमुक के साथ अभियान की कमान संभाल ली और उल्फा उग्रवादियों पर आक्रमण को तीव्र करना शुरु कर दिया। उनके नेतृत्व में भी अभियान 45 मिनट से अधिक समय तक चला। तदन्नतर मुठभेड़ के दौरान अन्य भीषण उल्फा उग्रवादी मारा गया जिसकी बाद में पहचान स्वंयभू कोरपोरल नंदेश्वर

मोहन (बरुआ) उर्फ सरुधई उर्फ बिपुल मोहन, गांव जपीहोजिया पुलिस स्टेशन बाकता, जिला शिव सागर, असम के रूप में की गई। जब मुठभेड़ समाप्त हो गई, समग्र घर और परिसर की गहन तलाशी की गई तथा शस्त्रों, गोला बारुद, आई ई डी/बम बनाने हेतु विस्फोटक सामग्री की बड़ी खेप तथा अभियोगात्मक दस्तावेज उस घर से बरामद किए गए। इस संदर्भ में ई.एस. अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित यू ए (पी) की धारा 10/13 के साथ पठित शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1) (ए) के साथ पठित धारा 307/326/353/120(बी)/121(ए) के तहत मामला संख्या 21/07 डीमो पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री श्यामल प्रसाद सैकैया, पुलिस अधीक्षक, कुमुद चेतिया, उप निरीक्षक, तरुण दोवराह, सशस्त्र शाखा कांस्टेबल, धुरबा दास, सशस्त्र शाखा कांस्टेबल, जैबुल अली, सशस्त्र शाखा कांस्टेबल तथा मधु चौहान, सशस्त्र शाखा कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 मार्च, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 129-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री आनन्द प्रकाश तिवारी,
उप विभागीय पुलिस अधिकारी

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 28 अगस्त, 2007 को 1830 बजे श्री आनन्द प्रकाश तिवारी का बारागोग गांव, पुलिस स्टेशन कमालपुर, जिला कामरूप, असम में कट्टरवादी उल्फा उग्रवादियों के एक ग्रुप की उपस्थिति के बारे में आसूचना जानकारी मिली। अधिकारी ने तुरन्त विस्तृत योजना बनाई और एक उप-निरीक्षक एवं पांच कांस्टेबल की एक टीम के साथ रांगिया से लगभग 25 कि.मी. की दूरी पर स्थित गांव की ओर प्रस्थान किया। आसूचना जानकारी के अनुरुप वह पूरे युक्तिपूर्ण कौशल से और चुपके से उग्रवादियों द्वारा शरण लिए हुए घर के समीप पहुंचे। घर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर उन्होंने पार्टी को रोका और सभी पुलिस कार्मिकों को ब्रीफ किया। आनन्द प्रकाश तिवारी दो कांस्टेबलों के साथ रेंगते हुए लक्षित कमरे के नजदीक पहुंचे। पोजीशन लेने पर, उन्होंने उग्रवादियों को ललकारा, तभी उग्रवादियों ने ए के राईफल्स से गोलीबारी शुरु कर दी और हथगोले फेंके। एस डी पी ओ ने तुरंत जवाबी गोलीबारी की और आत्मरक्षा के लिए तेजी से घर की एक तरफ पहुंच गए। मोइनुल हक लश्कर नाम के एक कांस्टेबल को किरचों से चोट पहुंची और उग्रवादी की गोलीबारी से उसका हथियार भी क्षतिग्रस्त हो गया। एस डी पी ओ घायल कांस्टेबल के पास पहुंचे और उसको वहां से ले आए। उग्रवादी घर से रुक-रुक कर गोलीबारी कर रहा था। एस डी पी ओ, कांस्टेबल द्विजन कलीटा के साथ लगातार गोलीबारी करते रहे। गोलीबारी लगातार 40-45 मिनट तक चली। उग्रवादी द्वारा फैंके गए एक ग्रेनेड के फटने से नजदीक के एक घर में आग लग गई।

घर पर कड़ी निगरानी रखते हुए, एस डी पी ओ ने कुमक मांगने के लिए कहा। 2330 बजे के लगभग कुमक पी ओ पुंची। कुमक पार्टी को पुन व्यवस्थित और स्थिति देने के बाद घर की तलाशी ली गई, वहां उन्हें एक उग्रवादी का शव उसके व्यक्तिगत हथियार और सामान के साथ बरामद हुआ।

मृत उग्रवादी की पहचान बाद में असम के एक प्रतिबंधित ग्रुप उल्फा की 709वीं बटालियन के स्वयंभू सार्जेंट मेजर निरंजन बेजबरुआ उर्फ रणदीप शर्मा उर्फ भगीन निवासी जबगंपार, नाओकाटा, पी एस गोरेश्वर, जिला बक्सा, असम के रूप में हुई।

इस मुठभेड़ में श्री आनन्द प्रकाश तिवारी, उप विभागीय पुलिस अधिकारी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 अगस्त, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

13—531 GI/2008

सं. 130-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री रत्नेश्वर बर्मन
उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 7.2.2007 की सुबह को, उत्तरबोरबील ओ पी के अधीन बिश्वनाथ पथार बोगोमतारी के सामान्य क्षेत्र में के एल एन एल एफ (कार्बी लोंगरी एन सी हिल्स लिब्रेशन फ्रंट – एक भूमिगत उग्रवादी संगठन) केडर की हलचल के बारे में एक गुप्त सूचना के आधार पर अनुशंसित उप-निरीक्षक आर बर्मन, प्रभारी उत्तरबोरबील ओ पी द्वारा एक तलाशी अभियान की योजना बनाई। उन्होंने बिश्वनाथ पथार क्षेत्र की तलाशी के लिए सी आर पी एफ की तैनाती की और स्वयं को घुसपैठियों के वेश में स्थानीय पोशाकों तथा स्थानीय वाहनों में कमांडो कार्मिकों के साथ बोगोमतारी क्षेत्र की ओर बढ़े, क्योंकि अगर वे अपनी वर्दी में होते तो उनके ठिकानों के आसपास तैनात उनके मुखबिर सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों को विफल करने हेतु उनको सतर्क कर सकते थे। पुलिस टीम उनको धोखा देने और आई ई डी आक्रमण से बचने के लिए दो मोटरसाइकिलों और एक टाटा मोबाईल वाहन पर सवार होकर चली। बोगोमतारी क्षेत्र के मोन फेंगसो गांव पहुंचने पर, पुलिस टीम ने उग्रवादियों की गतिविधियों को देखने के लिए मोन फेगंसों गांव के नजदीक घात लगा ली। लगभग 1255 बजे के आसपास उन्होंने विपरित दिशा से साइकिलों पर 3 व्यक्तियों को आते देखा। लेकिन मोटर साइकिल और वाहन को देखते ही लगभग 100 मीटर की दूरी से ही साइकिल सवार वापिस मुड़ गए और उन्होंने जंगल की तरफ भाग कर बचने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उन्हें रुकने के लिए कहा लेकिन साइकिल सवार साइकिलों को वहीं छोड़कर नजदीक की पहाड़ी की ओर दौड़े। अनुशंसित कार्मिकों ने अपनी मोटरसाइकिल से बम्पी गांव की सड़क पर उनका पीछा किया परन्तु उग्रवादियों ने स्वचलित हथियारों से पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरु कर दी अत: उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को वहीं छोड़ दिया और वह कवर लेते हुए उग्रवादियों की ओर बढ़े। उग्रवादी चतुराई से दो भागों में बंट गए। एक उग्रवादी दक्षिण दिशा में घने जंगल की ओर दौड़ा जबकि अन्य दो पूर्वी दिशा में पहाड़ी के ऊपर की ओर दौड़े। पुलिस टीम तलहटी में होने और उग्रवादियों की गोलीबारी की सीधी रेंज में होने के कारण घाटे की स्थिति में थी और उग्रवादी बचने के लिए ऊपर की ओर भाग रहे थे तथा साथ-साथ नीचे पुलिस टीम पर गोलीबारी कर रहे थे। घाटे की स्थिति में होने के बावजूद अनुशंसित कार्मिक ने अदम्य साहस का परिचय दिया और पेड़ के पीछे कवर लेते हुए ऊपरी तल पर दो उग्रवादियों का पीछा किया तथा दूसरे कमांडो कार्मिकों के ग्रुप को पीछा करने का निर्देश दिया और तीसरे उग्रवादी, जो उनके दायीं तरफ जंगलों और झाड़-झंखाडों में भाग गया था, की गोलीबारी की जवाबी कार्रवाई की। परस्पर गोलीबारी लगभग एक घंटे तक चली और पुलिस ने ऊंची पहाड़ी पर छिपे और नीचे पुलिस पर गोली चला रहे उग्रवादियों की गोलीबारी

को निष्प्रभावी करने के लिए दो एच ई बम भी फोड़े। अनुशंसित कार्मिक ने दबाव बनाए रखा और साहस से जमीन पर डटे रहे और उग्रवादियों पर गोलीबारी करते रहे। अंततः जब गोलीबारी रुकी, पुलिस टीम सावधानी से 100 मीटर की दूरी पर बड़े शिलाखण्ड की तरफ आगे बड़ी और एक उग्रवादी को मरा पाया। मौके से एक 9 एम एम पिस्तौल और गोलाबारुद बरामद हुआ। बाद में मृतक उग्रवादी की पहचान लेफ्टीनेंट बीपलोब चंगमाई, 27वी बटालियन, उल्फा का एक वरिष्ठ नेता और संगठनात्मक सचिव के रूप में हुई जो कि कार्बी अंगलोंग जिले में सक्रिय था और के एन एल एफ के साथ संयुक्त अभियानों में शामिल होता था। ये दो उग्रवादी संगठन 6 जनवरी, 2007 को पहले भी आई ई डी विस्फोट कर चुके थे जिनमें पुलिस कर्मी सहित 7 व्यक्ति अपनी जान गवां चुके थे।

इस मुठभेड़ में श्री रतनेश्वर बर्मन, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 फरवरी, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा

संयुक्त सचिव

सं. 131-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. जादव गोगोई
   उप-निरीक्षक
2. जलालुद्दीन अहमद
   उप-निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 31/07/2006/ को एस पी धेमाजी द्वारा एक गुप्त सूचना प्राप्त की गई कि अत्याधुनिक हथियारों और विस्फोटकों से लैस उल्फा केडर के 4/5 सशस्त्रधारी बोरदोलोनी ओपी के अंतर्गत गोगामुख पुलिस स्टेशन के लखीपत्थर गांव के श्री धनाई बर्मन के घर में शरण लिए हुए है, अपर एस पी (मुख्यालय) और स्टाफ के साथ एस पी धेमाजी बारदोलोनी ओ पी पहुंचे। इस दूर दराज और अगम्य गांव में उग्रवादियों को पकडने के लिए एक योजना बनाई गई।

अभियान को चलाने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया। दो टीमें को गांव को घेरने का कार्य दिया गया और उनको अलग दिशा में भेजा गया। एस पी और अपर एस पी के नेतृत्व में एक आक्रामक टीम ए के -47 /एस एल आर से लैस 10 सशस्त्रधारियों के साथ झुलसाने वाली गर्मी में पैदल-पैदल लखीपत्थर गांव पहुंची जोकि बोरदोलनी ओ पी से लगभग 10 किमी अंदर था। सी आर पी एफ 52 वीं बटालियन के "बी" कंपनी केम्प गोगामुख से बनी अन्य दो टीमों को घेराबंदी डयूटी पर तैनात किया गया। सभी अनुशंसित कार्मिकों से बनी आक्रामक टीम उसी दिन लगभग 230 बजे उक्त गांव पहुंची। पुलिस पार्टी जैसे ही श्री धनाई बर्मन के घर के नजदीक पहुंचने वाली थी, तभी उल्फा केडर के अत्याधुनिक हथियारों और विस्फोटोकों से लैस तीन सशस्त्रधारी भागने लगे। पुलिस पार्टी ने भागते हुए उल्फा लड़कों को समर्पण के लिए कहा परन्तु वे पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करते हुए भागते रहे। पुलिस ने भागते हुए उग्रवादियों को रोकने के लिए जवाबी गोलीबारी की परन्तु उग्रवादी लगातार पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करते रहे। इसी बीच, एक उग्रवादी ने एम 20 पिस्तौल ओर 16 राउंद जिंदे कारतूसों और अनेक दस्तावेजों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। अन्य दो उग्रवादियों ने, जो अभी भी भाग रहे थे, दो अलग -अलग घरों में पोजीशन ले ली ओर उनमें से एक उग्रवादी ने घर का कवर लेते हुए अपनी ए के -56 राईफल्स से गोलीबार शुरु कर दी। पुलिस कार्मिकों ने अपनी जिन्दगी को खतरे में डालते हुए उग्रवादियों का पीछा किया। घनी जनसंख्या वाला क्षेत्र होने के कारण जान माल की अनावश्यक हानि से बचने की दृष्टि से पुलिस ने नियंत्रित जवाबी गोलीबारी की। उग्रवादियों ने पुलिस वालों को

मारने के उद्देश्य से उन की ओर एक हथगोला फेंका ताकि वे स्वयं बच कर भाग सके। उग्रवादियों द्वारा लगातार गोलीबारी किए जाने के कारण धीरेन बर्मन नामक एक वृद्ध व्यक्ति की कमर पर चोट लगी और एक घरेलू पशु की मौके पर ही मौत हो गई। कोई अन्य विकल्प न दिखने पर और घनी जनसंख्या वाले क्षेत्र में जिन्दगियों और पशुओं को बचाने के लिए पुलिस पार्टी अपनी जिन्दगी को खतरे में डालते हुए उग्रवादियों को जिन्दा पकड़ने के लिए उनके ठिकाने की ओर बढ़ी। अवसर को देखते हुए एक उग्रवादी ने समर्पण कर दिया और दूसरा उग्रवादी पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करता रहा। पुलिस कार्मिक भी जवाबी गोलीबारी करते रहे और गोलीबारी के दौरान वह उग्रवादी गोली लगने घायल हो गया और उसको पकड़ लिया गया। घायल उग्रवादी को गांव वालों की सहायता से उपचार हेतु तुरंत धीमाजी सिविल होस्पीटल ले जाया गया परन्तु उग्रवादी को धीमाजी सिविल होस्पीटल पहुंचाने पर डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच पड़ताल के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान इस प्रकार हुई 1. एस/एस सी पी एल भोबेन सोनोवाल (22साल) उर्फ बीपलब कचारी पुत्र श्री सुमेश्वर सोनोवाल, गांव बोरबम कचारी गांव, पी एस गोगामुख और 2. एस /एस सी पी एल अनिल बासुमतारी उर्फ गडपानी (33 वर्ष), पुत्र श्री थानेश्वर बासुमतारी, गांव, सिमालुगुडी बिहपुराई पी एस बिहपुरिया, जिला उत्तरी लखीमपुर और यह भी पता चला कि मृत उग्रवादी 28 बटालियन उल्फा का स्वयंभू सार्जेट मेजर एवं सी कंपनी का द्वितीय कमान अधिकारी मृणाल हजारिका उर्फ भाष्कर बरुआ पुत्र स्व. खागेष्वर हजारिका गांव रतनपुर, पी एस मजुली था। वह, मजुली में सामाजिक कार्यकर्ता संजय घोष के अपहरण और हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त था। मृतक उग्रवादी के नेतृत्व में यह उग्रवादी गुट अनेक राष्ट्र विरोधी गतिविधियों अर्थात जबरन धन वसूली/ हथगोले फेंककर सिविलियन और सुरक्षा कार्मिकों पर हमला तथा 15 अगस्त 2004 को धेमाजी परेड ग्राउंड पर आई ई डी रखना जिसमें 10 स्कूली बच्चे और 3 औरतें मारी गई थी इत्यादि में शामिल थे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जादव गोगोई, उपनिरीक्षक और जलालुद्दीन अहमद, उपनिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 जुलाई, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

14—381 GI/2008

सं. 132-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जी.शाजी (मरणोपरांत)
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 20/03/2008 को 0040 बजे के लगभग, पुलिस स्टेशन चेथम पर रात को ड्यूटी देते समय हैड कांस्टेबल जी शाजी को पुलिस स्टेशन चेथम केट्टी बीट ड्यूटी कांस्टेबल (पीसी/551)रतन कुमार सिंह से वी एच एफ सैट पर एक सूचना मिली कि चेथम घाट पर एम वी फीलोकुंजी (सरकारी यान) से डीजल की अत्यधिक मात्रा में चोरी हो रही है। संदेश में यह भी चेताया गया था कि पुलिस गश्त को देखते ही बदमाश चोरी के डीजल से भरी एक डोंगी में भाग गए है और दूसरी डोंगी वहीं छोड़ गए हैं। एच सी जी शाजी, पी सी अमित तालुकदार के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे जो कि चेथम पुलिस स्टेशन से आधा किमी की दूरी पर था और वहां उन्होंने देखा कि चुराई हुई संपत्ति से भरी एक डोंगी एम वी फीलोकुंजी नाव के नजदीक बह रही थी। वर्दी में अपनी ड्यूटी पर सचेत रहते हुए एच सी जी शाजी मामलागत संपत्ति होने के कारण तुरंत बहती हुए डोंगी में उतर गए ताकि उसे सुरक्षित रखा जा सके। उसी समय, जब एच सी जी शाजी समुद्र में डोंगी पर सवार थे तभी चार बदमाश दूसरी इंजनयुक्त डोंगी में मौके पर आ गए और उन्होंने पहली डोंगी को उनके कब्ज़े से छुड़ाने का प्रयास किया। एच सी जी शाजी ने उनके प्रयास का प्रतिरोध किया और उनके आक्रमण को नकार दिया। यद्यपि अपराधी संख्या में अधिक थे और ओर एव डाह इत्यादि से लैस थे फिर भी एच सी जी शाजी उनके साथ बहादुरी से लड़े और अपनी जान की परवाह न करते हुए डांगी पर डटे रहे चूंकि आक्रामकों को उनसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ इसलिए उनमें से एक बदमाश अब्दुल नवाज ने डाह से एच सी जी शाजी के सिर पर वार किया । बुरी तरह से घायल होने के के बावजूद स्वर्गीय एच सी जी शाजी तब तक लगातार लड़ते रहे जब तक कि उन्हें समुद्र में नहीं धकेल दिया गया। एच सी जी शाजी की बहादुरी पूर्ण लड़ाई के परिणामस्वरुप मुख्य अपराधियों की पहचान हो गई और अंत में सौलह को गिरफ्तार किया गया। एच सी जी शाजी के शव को कोस्ट गार्ड ड्राइवरों की सहायता से सुबह 6बजे के लगभग समुद्र से निकाला जा सका। इस संबंध में दिनांक 20/3/2008 को आंई पी सी की धारा 302/409/411/392/34 के तहत एक मामला अपराध संख्या 66/08 पुलिस स्टेशन चेथम में दर्ज किया गया और बाद में हत्या एवं चोरी /तेल की चोरी में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और मामलागत संपत्ति की बरामदगी की गई। मृतक एच सी शाजी अपनी पीछे 7 और 5 वर्ष की आयु के दो छोटे बच्चे तथा 25वर्षीय एक युवा पत्नी को छोड़ गए। कार्यवाही के दौरान निम्नलिखित मदें बरामद हुई।

1. एम वी पीलोकुंजी बोर्ड से हेलीफ्लेक्सिबल पाईप और इलैक्ट्रिक केबल के साथ २ मोनो ब्लोक पम्प
2. एम वी पीलोकंजी यान के मास्टर के केबिन से 14585 रुपये नगद, पोकेट टेलीफोन , नोटबुक एम वी पीलोकुंज की लोग बुक
3. अपराध में प्रयुक्त हथियार अर्थात एक डाह
4. अपराधी अपन्ना (एम वी पीलोकुंज का इंजीनियर) से संबंधित एक मोबाइल फोन।
5. एम वी पीलोकुंज की बगल में इंजनयुक्त डोंगी में सोनी एरिक्सन का एक मोबाइल फोन मिला।
6. चौलदारी संख्या 10 लाल पहाड़ और स्टीवर्ट नाले से 55 खाली प्लास्टिक ड्रम मिले
7. 4 लकड़ी के डोंगी इंजन

इस मुठभेड़ में श्री (स्व.) जी शाजी, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20मार्च, 2008से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 133-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, बिहार पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

1. श्रीमती के एस अनुपम
पुलिस अधीक्षक
2. श्री संजय कुमार पाण्डेय
उप निरीक्षक
3. श्री प्रेम सागर
उप निरीक्षक
4. श्री बृज किशोर प्रसाद
कनिष्ठ कमांडो
5. श्री राजीव कुमार यादव
कनिष्ठ कमांडो
6. श्री दिनेश कुमार यादव
कनिष्ठ कमांडो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 17/01/2005 को लगभग 2100 बजे लम्बे समय (1988) से भगोड़े हिंसक और खतरनाक अपराधी सहेन्द्र शर्मा और उसके साथियों के बेलदौर पुलिस स्टेशन सीमा के अंतर्गत इतमाड़ी गांव में एकत्र होने और कुछ जघन्य अपराध किए जाने के बारे में सूचना मिलने के बाद श्रीमती के एस अनुपम, आई पी एस , एस पी खगड़िया ने बैलदौर, चौथम, मानसी और अन्य पुलिस स्टेशनों के मुख्य अधिकारियों और एस टी एफ को अपने सशस्त्रों बलों के साथ तुरंत चलने के निर्देश दिए और स्वयं अपने सशस्त्र बलों के साथ अपराधियों के स्थान की ओर चली । इतमाडी गांव के तटवर्ती क्षेत्र की जटिल स्थलाकृति से अच्छी तरह परिचित होने के कारण उन्होंने एकत्रित बलों को ब्रीफ किया कि कैसे लक्षित घर को घेरना है और कैसे अधिकारियों तथा कार्मिको को तैनात करना है। दिनांक 18/10/2005 को 4.00 बजे तक इतमाडी को घेर लिया गया । एस पी खगड़िया के नेतृत्व में एस आई संजय कुमार पाण्डेय सहित आक्रमणकारी पुलिस पार्टी उत्तर से आगे बढ़ी और दूसरे एस आई प्रेम सागर के नेतृत्व में पूर्वोत्तर से आगे बढ़े। इस पर अपराधियों ने आगे बढ़ती हुई पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। जब उन्होंने देखा कि अपराधियों की गोली आक्रमणकारी पार्टी को लगने ही वाली है तब उन्होंने अपने कार्मिकों को लेटने के लिए कहा और दूसरी पार्टियों को वायरलेस से सूचित किया। आक्रमणकारी पार्टी के एस पी और सदस्यों ने घमंडी अपराधियों को अपने हथियार डालने और समर्पण करने के लिए कहा परन्तु वे उनकी चेतावनी को सुनने के मिजाज में नहीं थे। अपराधी तंग घाटियों और उभरे हुए किनारों के पीछे छुपकर फायदे की स्थिति में जबकि पुलिस पार्टी को खुले में पोजीशन लेने के लिए

बाध्य होना पड़ा क्योंकि वे सूखे नाले के किनारे के नजदीक थे जोकि प्रभावी था। अंधाधुंध गोलीबारी के के बावजूद भी, कुशल नेतृत्व और साहस का परिचय देते हुए , एस पी अनुपम अपने कार्मिकों के साथ अपनी व्यक्ति सुरक्षा की चिंता किए बिना अपराधियों की तरफ रेंगते हुए आगे बढ़ी। इस घटना ने अपराधियों को और हिंसक बना दिया और उन्होंने गोलीबारी तेज कर दी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए और अन्य कोई विकल्प मौजूद न होने के कारण उनका नेतृत्व करने वाली अधिकारी ने परिस्थिति की मांग के अनुरुप आत्मरक्षा में प्रतिबंधित और नियंत्रित गोलीबारी करने का आदेश दिया। दूसरी ओर अपराधी लगातार गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस पार्टी और अपराधियों के बीच लगभग छः घंटे तक भारी गोलीबारी होती रही। इस मुठभेड़ के दौरान 15-20 अपराधी स्थिति का फायदा उठाते हुए नाले की तलहटी अथवा गहराई का फायदा उठाते हुए दक्षिण पूर्व की तरफ भाग गए और घनी उगी हुई फसल के खेतों में ओझल हो गए। उनको पकड़ने के प्रयास बेकार गए । 1100 बजे के लगभग भीषण मुठभेड़ के बाद जब गोलीबारी पूर्ण रुप से रुक गई तब पुलिस पार्टी सावधानी से आगे बढ़ी और वहां मरे हुए चार अपराधियों के साथ हथियार और गोलाबारुद की बड़ी रसद मिली जिसमें एक नियमित 30.06 सेमी ओटोमोटिक राईफल्स 30.06 कारतूसों के जिन्दे 190 राउंद और लूटी हुई .303 भरी हुई नियमित पुलिस राईफल्स शामिल है। गांव वालों ने मृत अपराधियों की पहचान इस प्रकार की 1. सहेन्द्र शर्मा (गैंग लीडर) 2. नंदन शर्मा 3. संजय शर्मा 4. महेश्वर ठाकुर। यह वास्तव में बड़ी चुनौती भरी मुठभेड़ थी। मृत सहेन्द्रशर्मा का क्षेत्र में भय था और हत्याकांड, जबरन धन वसूली, अपहरण और राईफल्स लूटने के खगड़िया और उसके पड़ोसी जिलों के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कम से कम 33 आपराधिक मामलों में एफ आई आर दर्ज हो चुकी है। एक घटना में 16 व्यक्तियों को मारना और फिर उनके शव को टुकड़ों में काटकर कोसी नदी में फेंकना उनके बर्बर आपराधिक कार्यों में से एक है। दिनांक 15/08/2005 को उसने और उसके साथियों ने बेलदोर हाई स्कूल में चल रहे झंडा फहराने के समारोह के स्थान पर आक्रमण किया ओर एक पुलिस कांस्टेबल को बर्बरता से मार दिया तथा दूसरे पुलिस कर्मी एंव 3 निर्दोष गांव वालों को बुरी तरह घायल कर दिया और २ पुलिस राइफल्स लूट ली। ये घटनाएं उसकी विनाशात्मक प्रवृत्ति की प्रतीक हैं और कोसी क्षेत्र में उसने लोगों के दिमाग में डर पैदा कर रखा था। आई पी सी की धारा 307/353/34 और शस्त्र अधिनियम 25(1बी) ए 26/27/35 के तहत बैलदौर पुलिस स्टेशन मामला संख्या 05/2005 के पर्यवेक्षण नोट में उल्लिखित उसके पूर्व रिकार्ड उसके दुसाहसिक अपराधिक कार्य और हिंसक प्रवृति के बारे में उल्लेख करते है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री/श्रीमती के एस अनुपम, पुलिस अधीक्षक, संजय कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक प्रेम सागर, उपनिरीक्षक , बृज किशोर प्रसाद कनिष्ठ कमांडो, राजीव कुमार यादव, कनिष्ठ कमांडो और दिनेश कुमार यादव, कनिष्ठ कमांडो ने असाधारण शौर्य, अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 जनवरी, 2005 को दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

15—381 GI/2008

सं. 134-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सुनील कुमार,
   वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. करमलाल,
   निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. छाट्टू सिंह,
   हवलदार (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. एम डी मुख्तारुल हक अंसारी
   कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 29/08/2002 को 13.15 बजे के लगभग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना, श्री सुनील कुमार आई पी एस को अपने विश्वस्त सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित रणवीर सेना के मुखिया ब्रह्मेश्वर सिंह उर्फ मुखियाजी गांधी मैदान पुलिस स्टेशन के अंतर्गत एक्जीबिशन रोड पर भारत मशीनरी की इमारत के एक फ्लैट में अपने विश्वस्तों के साथ गुप्त ठिकाने में रह रहा है। वे पहले की तरह ही हत्याकांड करने की योजना बना रहे थे और इस उद्देश्य से वे रणनीति और अन्य सहयोगी मामलों पर विचार-विमर्श कर रहे थे। मुखबिर ने यह भी सूचित किया कि मुखिया जी अपने विश्वस्तों के साथ जिस घर में रह रहे थे, उसके चारों ओर अत्याधुनिक हथियारों से लैस दस्ते को तैनात कर रखा था। यदि वे सही समय पर धावा नहीं बोलते तो उनके बच कर भागने की संभावना थी। ऐसे समय में उसी क्षण कोई प्रतिक्रिया किया जाना अपेक्षित था। समय के अभाव को देखते हुए, पर्याप्त बल को बुलाना संभव नहीं था। वरिष्ठ एस पी को उपलब्ध बल के साथ वहां तुरंत पहुंचने के अलावा कोई विकल्प नहीं था । परिणाम की चिन्ता किए बिना और केवल अपनी सर्विस रिवाल्वर से लैस होकर, वह ड्राइवर कांस्टेबल मो मुस्तफा और अपने सुरक्षा कर्मी सशस्त्र हवलदार 51 छोटू सिंह, सशस्त्र कांस्टेबल मो. मुख्तारुल हक अंसारी और निरीक्षक कर्मलाल अपने पास उपलब्ध सर्विस रिवाल्वर से लैस होकर अपनी जिप्सी में एक्जीबिशन रोड के लिए तुरंत निकल पड़े। इस छोटी पार्टी ने उक्त इमारत की तीसरी मंजिल के एक फ्लैट पर धावा बोला। रणवीर सेना के केडर को दिन के समय और बिना जानकारी के इस तरह के मुकाबले की बिल्कुल भी संभावना नहीं थी। फ्लैट की सुरक्षा में लगे हथियारबंद दस्ते को जवाबी कार्रवाई के लिए भी समय नहीं मिला और वे पुलिस के आने से चकित थे जिससे उनमें खलबली मच गई। उन्होंने पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास किया। वे पुलिस से भिड़ गए, और उन्होंने अपने आपको पुलिस जाल से छुडाने के लिए ताकत और बल से पुलिस कार्मिकों को धकेला। कुछ ने छत पर और दूसरों ने सीढ़ियों से बच कर भागने का प्रयास किया। यहा पर मौजूद

कार्मिक वर्दी में और दृढ़ निश्चयी थे और उनका ध्यान पूर्णतया अपने कार्य पर केन्द्रित था। वरिष्ठ एस पी पटना श्री सुनील कुमार के कुशल नेतृत्व में मनोनीत कार्मिकों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदान करने का प्रयास किया। आसन्न खतरे और शारीरिक मुठभेड़ से चकित रह जाने का फायदा उठाते हुए ब्रह्मेश्वर सिंह उर्फ मुखिया जी और उसके पांच सहयोगियों को घेर लिया गया और उन्हें काबू किया गया तथा गिरफ्तार कर लिया गया। यह सभी कार्य इतनी शीघ्रता और चतुराई से किया गया कि मुखियाजी और उसके सहयोगी बचकर भाग नहीं सकें। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम पते बतलाए। उनके नाम निम्नानुसार हैं:-

1. ब्रह्मेश्वर सिंह उर्फ मुखियाजी, रणवीर सेना के मुखिया (भोजपुर जिला)
2. शिव बचन शर्मा, जिला गया
3. कृष्ण नंदन चौधरी, जिला भोजपुर
4. मनीष कुमार, जिला पटना
5. रवीन्द्र शर्मा, जिला पटना

ठिकाने से जब्त मूल दस्तावेज सूचना के भंडार थे और सैन्य पद्धति पर आधारित प्रशिक्षण पद्धति और विस्फोटक इत्यादि में निपुणता वाले दुर्दांत आतंकवादी गुटों की मौजूदगी को दर्शाते थे तथा ब्रह्मेश्वर सिंह ने रणवीर सेना को अखिल भारतीय दर्जा देने की योजना बना रखी थी। रणवीर सेना का बजट करोड़ों में था। इन सबसे महत्वपूर्ण इस गिरफ्तारी से कई निर्दोषों की हत्याओं को बचाना था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुनील कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, करमलाल, निरीक्षक, छाट्टू सिंह, हवलदार और मोहम्मद मुख्तारुल हक अंसारी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक/ पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29अगस्त, 2002 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 135-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. रतन लाल डांगी
   पुलिस अधीक्षक
2. टी. आर. कोशिमा,
   उप-प्रभागीय पुलिस अधिकारी

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 12/07/2006 को श्री रतन लाल डांगी, पुलिस अधीक्षक, बीजापुर को स्थानीय स्रोत से यह विश्वसनीय आसूचना प्राप्त हुई कि हल्लूर और फुलादी वन क्षेत्र में लगभग 150 नक्सली मौजूद हैं और वे सलवा जुडुम राहत शिविर और पुलिस स्टेशन पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर श्री आर. एल. डांगी. ने कमांडेंट 138 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, कमांडेंट 31 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल श्री टी. आर. कोशिमा, ए एस पी, बीजापुर और श्री के. एल. नंद, उप-निरीक्षक, पी एस मिरतुर के साथ परामर्श करके विशेष अभियान चलाने की तत्काल योजना बनाई। खराब मौसम होने के बावजूद योजना के अनुसार श्री आर. एल. डांगी, पुलिस अधीक्षक और श्री टी. आर. कोशिमा. ए एस पी बीजापुर ने एक पुलिस दल के साथ रात में पैदल ही मिरतुर की ओर कूच किया। दिनांक 13/07/2006 को लगभग 1245 बजे जब अभियान चलाने वाले दल फुलादी जंगल क्षेत्र के निकट थे तो नक्सलियों ने अचानक ही टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। टुकड़ियों ने तत्काल मोर्चा संभाला और जवाबी गोलीबारी की। संख्या में नक्सली लगभग 150 थे और चट्टानों और पेड़ों की आड़ में ऊंचाई वाले स्थानों से एके-47, एस एल आर, एलएमजी आदि जैसे स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर गोलीबारी कर रहे थे। चूंकि पुलिस दल निचाई वाले स्थान पर था इसलिए जबावी गोलीबारी करने में इन्हें कठिनाई महसूस हो रही थी। इस बात को महसूस करते हुए कि पुलिस दल अलाभप्रद स्थिति में है, नक्सलियों ने चट्टानों और पेड़ों की आड़ से पुलिस दल पर आंई ई डी (इंप्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट करने और भारी गोलीबारी करनी शुरु कर दी। इस पर श्री आर. एल. डांगी ने पुलिस दल को तत्काल दो भागों में बांटा। एक दल का नेतृत्व स्वयं इन्होंने किया और दूसरे दल का नेतृत्व श्री टी.आर. कोशिमा ने किया। श्री आर. एल. डांगी ने अपने दल के साथ दाईं तरफ से और श्री टी. आर. कोशिमा ने अपने दल के साथ बाईं तरफ से घेराव किया। जब नक्सलियों ने पुलिस दल को अपनी ओर आगे बढ़ते हुए देखा तो उन्होंने मोलोटोव कॉकटेल फेंकने शुरु कर दिए जिनसे सूखी झाड़ियों में आग लग गई जिससे पुलिस दल को अपना बचाव करना पड़ा और इनका आगे बढ़ना रुक गया। इस कठिन स्थिति को देखते हुए श्री आर. एल. डांगी ने उच्च स्तरीय पेशेवर बुद्धिचातुर्य और प्रशंसनीय सूझ-बूझ का परिचय दिया और अपने जीवन की परवाह किए बगैर लगभग 150

मीटर रेंगते हुए इन्होंने उस स्थान और नक्सलियों की स्थिति का जायजा लिया तथा एक रणनीति तैयार की। इन्होंने श्री टी. आर. कोशिमा से कहा कि वे नक्सलियों को उलझाए रखें जबकि श्री आर. एल. डांगी, अपने दल के साथ दुश्मन की भारी गोलीबारी के बीच लगभग 350 मीटर रेंगते हुए उस स्थान के निकट पहुंचने में सफल हो गए जहां से नक्सली, पुलिस दल पर गोलीबारी कर रहे थे। श्री डांगी आगे बढ़ कर पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे और जब ये आगे बढ़ रहे थे तो दो नक्सलियों ने इन्हें देख लिया और इन पर गोलीबारी कर दी। श्री डांगी ने दुश्मन की गोलियों से बचने के लिए तत्परता से अपना मोर्चा बदला। अद्वितीय साहस का परिचय देते हुए दुश्मन पर एक एच ई ग्रेनेड फेंका तथा साथ ही गोलीबारी कर दी जिससे दो नक्सली मारे गए। दो नक्सलियों के मारे जाने से उन्हें भारी धक्का पहुंचा और बाकी नक्सलियों ने वहां से भागना शुरु कर दिया। बाद में मुठभेड़ स्थल की तलाशी लेने पर पुलिस ने डिटोनेटर के साथ 01 बारुदी सुरंग और 200 मीटर बिजली की तार, तीर –कमान के दो सैट, नक्सलियों का साहित्य , प्रेशर बम, एके-47 के 14 खाली केस, 04 जीवित राउंद और एस एल आर (7.62) के 04 खाली केस, .303राइफल के 4 खाली केस, 315 बोर बदूंक के 07 जीवित राउंद और 01 पिट्टू बैग, जिसमें दैनिक इस्तेमाल की वस्तुएं थीं, बरामद किया। मारे गए दो नक्सलियों की पहचान (1) हेमला फागू पुत्र जेड बुच्छा , मुरिया 32 वर्ष, ग्राम –फुलादी, (2) दिलीप कुमार, 22 वर्ष मुरिया, ग्राम-पुस्नार पी एस गंगालुर के रुप में स्थापित हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रतन लाल डांगी, पुलिस अधीक्षक और टी. आर. कोशिमा, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 जुलाई, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

16—381 GI/2008

सं. 136-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. सुन्दरराज पी.
   पुलिस अधीक्षक
2. के एल ध्रुव
   उप-पुलिस अधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 01/07/2006 को श्री सुन्दरराज पी., पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर ने अपने स्रोत से यह विश्वसनीय आसूचना प्राप्त की कि नारायणपुर-अनंतगढ़ सड़क के साथ लगे अत्तुबेंद गांव के वन क्षेत्र में लगभग 100 सशस्त्र नक्सली मौजूद हैं। इन्हें यह भी पता चला कि नक्सली, आस-पास के क्षेत्रों में तैनात सुरक्षा कार्मिकों पर हमला करने तथा उनकी हत्या करने और उनके हथियार लूटने की योजना बना रहे हैं। श्री सुन्दरराज पी. ने श्री के. एल. ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक और इनके अधिकारियों और कार्मिकों के साथ परामर्श करके एक विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई ताकि सशस्त्र नक्सलियों का घेराव किया जा सके और उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस अधीक्षक अपनी योजना के अनुरुप अपने कार्मिकों के साथ अपने वाहनों में सवार हुए और तत्काल अत्तुबेंद गांव पहुंच गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सशस्त्र नक्सलियों को पकड़ने के लिए अपने बल को तीन भागों में विभाजित किया। लेकिन जब सशस्त्र नक्सलियों को यह पता चला कि पुलिस दल उनके नजदीक पहुंच रहा है तो वे पड़ोसी वन क्षेत्र में चले गए। दिनांक 1/7/2006 को लगभग 1700 बजे जब पुलिस दल, अंजरेल जंगल के निकट अर्थात नारायणपुर-अनंतगढ़ सड़क पर 10 वें और 11वें मील के पत्थर के बीच नारायणपुर की ओर लौट रहा था तो पुलिस दल की प्रतीक्षा कर रहे झाड़ियों में छिपे हुए सशस्त्र नक्सलियों ने वाहन में बैठे पुलिस कर्मियों को मारने के ध्येय से उन पर गोलीबारी कर दी। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल स्थिति पर नियंत्रण किया और अपने अधिकारियों और कार्मिकों को आदेश दिया कि वे वाहन से उतर जाएं और सड़क के दूसरी ओर मोर्चा संभालें। नक्सली संख्या में लगभग सौ थे और चट्टानों और पेड़ों की आड़ लेकर ऊंचाई वाले स्थानों से ए के -47, एस एल आर, एल एम जी आदि जैसे स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर गोलीबारी कर रहे थे। जब पुलिस अधीक्षक को यह लगा कि इनके कार्मिकों का जीवन जोखिम में है तो इन्होंने अपने कार्मिकों को आदेश दिया कि वे भी अपनी रक्षा में जबाबी गोलीबारी कर दें । नक्सलियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी का मुकाबला करने के लिए इन्होंने तत्काल अपने कार्मिकों और अधिकारियों को राइट फ्लैंक दल, लेफ्ट फ्लैंक दल और मुख्य हमलावर दल के रुप में संगठित किया। नक्सलियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद पुलिस अधीक्षक ने साहसपूर्वक मुख्य हमलावर दल का नेतृत्व किया और नक्सलियों का सामना करने के लिए जंगल के अंदर जाने का साहस किया। श्री

के. एल. ध्रुव ने लेफ्ट फ्लैंक दल का नेतृत्व किया। पुलिस अधीक्षक श्री सुंदरराज पी. और श्री के. एल. ध्रुव के समर्थ नेतृत्व और मार्ग दर्शन में राइट और लेफ्ट फ्लैंक के दलों ने भी अपनी-अपनी तरफ से उस क्षेत्र का घेराव किया। इससे कठिन परिस्थितियों में भी पुलिस अधीक्षक श्री सुन्दरराज पी. की मानसिक दृढ़ता और पहल करने की इनकी क्षमता का पता चलता है। श्री सुन्दरराज पी. ने उच्चस्तरीय पेशेवर बुद्धिचातुर्य और प्रशंसनीय सूझ-बूझ का परिचय दिया और अपने जीवन और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर विषम भौगोलिक स्थिति और अपने सिर के ऊपर से गुजर रही गोलियों को अनदेखा किया और गोलीबारी की दिशा में लगभग 100 मीटर रेंगते हुए गए । इन्होंने उस स्थान और नक्सलियों की स्थिति का जायजा लिया और रणनीति तैयार की तथा बाद में अपने कार्मिकों को इस दृष्टि से प्रोत्साहित किया कि वे रेंगते हुए और अपने आपको नक्सलियों से छिपाते हुए चतुराई से आगे बढ़ें । पुलिस अधीक्षक की इस चातुर्यपूर्ण रणनीति से पुलिस बल में कोई हताहत नहीं हुआ। जब ये अपने पुलिस दल के साथ जंगल में और आगे बढ़े तो इन्हें ए के -47, एस एल आर, .303 राइफलों और बारमर जैसी राइफलों से रणनीतिक दृष्टि से सुरक्षित मोर्चे से गोलीबारी करते हुए कुछ सशस्त्र नक्सली दिखाई दिए। उनकी गोलियां , पुलिस अधीक्षक के शरीर से कुछ इंच दूरी से ही गुजर रहीं थीं। ये और इनके कार्मिक बाल-बाल बचे। इस पर पुलिस अधीक्षक ने यह महसूस किया कि यदि सशस्त्र नक्सलियों को निष्क्रिय नहीं किया गया तो अपने कार्मिकों और अधिकारियों का जीवन जोखिम में पड़ जाएगा क्योंकि नक्सली गोलीबारी करने की बेहतर स्थिति में थे। इसलिए इन्होंने निर्णय लिया कि इन्हें और इनके कार्मिकों को भारी मात्रा में जबाबी कार्रवाई करनी चाहिए । इस पर इन्होंने पहल की और नक्सलियों की अधिकांश गोलीबारी स्वयं झेलने का साहसिक जोखिम लिया। श्री सुन्दरराज पी. ने संकट के समय अद्वितीय साहस और बहादुरी का परिचय दिया और अपने जीवन और सुरक्षा की परवाह किए बगैर रेंगते हुए आगे बढ़े और नक्सलियों पर सामने से हमला कर दिया। इन्होंने उप-पुलिस अधीक्षक श्री के. एल. ध्रुव से कहा कि वे लेफ्ट फ्लैंक से आगे बढें और दुश्मन को उलझाये रखें। श्री के. एल. ध्रुव और इनके दल ने अपनी सुरक्षा की परवाह नहीं की और ये दुश्मन की भारी गोलीबारी के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े तथा इन्होंने एक तरफ से दुश्मन को उलझाये रखा ताकि मुख्य हमलावर दल आगे बढ़ सके तथा नक्सलियों पर शिकंजा कसा जा सके । पुलिस अधीक्षक ने देखा कि जैतूनी हरी वर्दी पहने दो सशस्त्र नक्सली, ऊंचाई वाले स्थान पर मोर्चा संभाले हुए हैं और इन पर तथा इनके कार्मिकों पर गोलीबारी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने अपनी ए के -47 राइफल से सशस्त्र नक्सलियों को ललकारा तथा अपने हथियार से गोलीबारी कर रहे सशस्त्र नक्सलियों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। उनमें से दो नक्सली घटनास्थल पर ही मारे गए। श्री सुन्दराज पी. और श्री के. एल. ध्रुव के चतुराईपूर्ण और साहसिक कृत्य से न केवल इनके कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई बल्कि नक्सलियों का मुख्य रणनीतिक मोर्चा भी समाप्त हो गया। पुलिस अधीक्षक और श्री के. एल. ध्रुव द्वारा बनाई गई और निष्पादित इस आक्रामक कार्रवाई से नक्सलियों में दहशत फैल गई और उन्होंने घायल हुए नक्सलियों और मारे गए कुछ नक्सलियों के शवों को अपने कब्जे में लिया और झाड़ियों से निकल भागे। लेकिन पुलिस अधीक्षक ने अपनी आक्रामक योजना जारी रखी जिससे नक्सली उस स्थान से दो और शवों को नहीं हटा सके। तलाशी अभियान के दौरान दो देशी राइफलों के साथ नक्सलियों के दो ही शव बरामद हो सके । दोनों ही नक्सलियों ने जैतूनी हरे रंग की वर्दी पहन रखी थी। तत्काल ही मृतक नक्सलियों की पहचान नहीं हो सकी लेकिन बाद में उनकी पहचान 1.समलू उर्फ चमलू पुत्र जगरु, आयु 27 वर्ष, ग्राम गोंडागांव, अबुजमाड क्षेत्र, 2. गंगाराम पुत्र लक्मा आयु लगभग 30 वर्ष, ग्राम- थडोनर अबुजमाड क्षेत्र के रुप में हुई। बाद में की गई तलाशी के दौरान पुलिस दल ने 02 देशी राइफलें, दो टिफिन बॉक्स बम, बिजली के तार, डिटोनेटर, खाली केसों के 168 राउंद, 06 बैटरी सैल और एक पोलीथीन कंटेनर बरामद किया जिसमें

लगभग 06 किलो विस्फोटक सामग्री, नक्सली साहित्य और दैनिक प्रयोग की वस्तुयें थीं। एक प्रेसर मकैनिज्म माइन का पता लगाया गया और पुलिस अधीक्षक ने श्री के एल ध्रुव, उप-पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के साथ मिल कर उसे सुरक्षित रुप से निष्क्रिय कर दिया और इस प्रकार इन्होंने अपने कार्मिकों और अधिकारियों का जीवन बचाया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुन्दरराज पी., पुलिस अधीक्षक और के. एल. ध्रुव, उप – पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक पहली जुलाई, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 137-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नरेन्द्र सिंह, (मरणोपरांत)
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 5 जनवरी, 2008 को सायं लगभग 10.30 बजे नियंत्रण कक्ष, जींद से सूचना प्राप्त हुई कि बाल्मीकि बस्ती, रामराई गेट, जींद में दो दल आपस में लड़ रहे हैं। यह सूचना प्राप्त होने पर सहायक उप -निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल दिलबाग सिंह, हैड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल आत्माराम, हैड कांस्टेबल उमेद सिंह, कांस्टेबल सज्जन सिंह और कांस्टेबल रोहतास सिंह, पुलिस स्टेशन सिटी जींद ने सरकारी वाहन में घटना स्थल की ओर कूच किया। जब पुलिस दल घटना स्थल के निकट पहुंचा तो इन्होंने देखा कि दोनों दल एक दूसरे पर ईंट/पत्थर फेंक रहे हैं। पुलिस दल के प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने दोनों दलों से हिंसक कृत्य रोकने के लिए कहा। तथापि, जब ये पुलिस दल के साथ भागीरथ नामक एक व्यक्ति के घर के सामने पहुंचे तो इन पर भी पत्थरों से हमला किया गया जिसके कारण सहायक उप-निरीक्षक नरेन्द्र सिंह के सिर पर गंभीर चोट लग गई और ये अचेत हो गए तथा जमीन पर गिर पड़े। इन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल, जींद ले जाया गया जहां इन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में हैड कांस्टेबल दिलबाग सिंह, 167/जींद के बयान के आधार पर सिटी जींद पुलिस स्टेशन में आई पी सी की धारा 302/353/148/149/186 के तहत दिनांक 06/01/2008 को प्राथमिकी संख्या 10 के रुप में मामला दर्ज किया गया।

इस घटना में श्री (स्व.) नरेन्द्र सिंह, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 जनवरी, 2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 138-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री अरुण सिंह,
उप-पुलिस अधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

सतिन्दर उर्फ काला पुत्र ईश्वर जाट, निवासी कुरार, पुलिस स्टेशन मुरथल, सोनू उर्फ सिनू पुत्र रामफल जाट, निवासी कुरार, पुलिस स्टेशन मुरथल, नेत्रपाल पुत्र करन जाट, निवासी कुरार, पुलिस स्टेशन मुरथल ने हत्या, हत्या की कोशिश लूटपाट, डकैती, अपहरण जैसे कई जघन्य अपराध किए और उन्होंने ग्राम कुरार के नवीन सुपुत्र लखी राम जाट और अमित सुपुत्र सुरेश नामक दो निर्दोष युवाओं की निर्मम हत्या का एक और अपराध किया तथा दीपक सुपुत्र धरमवीर, निवासी कुरार को गोली मार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। इस संबंध में पुलिस स्टेशन मुरथल, जिला सोनीपत में आई पी सी की धारा 302/307/ 34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत दिनांक 20.08.2006 को प्राथमिकी संख्या 118 के तहत एक मामला दायर किया गया है। ग्राम कुरार के सतिन्दर उर्फ काला पुत्र ईश्वर और सोनू उर्फ सिनू पुत्र रामफल को गिरफ्तार करने के लिए राज्य सरकार ने क्रमश: 50000/- रुपए और 15000/- रुपए की घोषणा की थी। दिनांक 03/09/2006 को इस आशय की गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुरार के सतिन्दर उर्फ काला और सोनू उर्फ सिनू जघन्य अपराध करने के प्रयोजनार्थ बिना लाइसेंस और बिना नम्बर प्लेट की काले रंग की हीरो होंडा मोटर साइकल पर ग्राम नकलोई, जिला सोनीपत की ओर आ रहे हैं। सायं लगभग 12.40 बजे यह सूचना मिलने पर श्री अरुण सिंह ने पुलिस दल को तीन भागों में बांटा और छापा मारने वाले दलों का गठन किया। तथापि, इन्होंने नियंत्रण कक्ष सोनीपत को यह वी. टी. संदेश भेजा कि वे पुलिस स्टेशन के अन्य एस एच ओ को घटना स्थल पर पहुंचने के बारे में सूचित करें। इन्होंने स्वयं अतिरिक्त बल के आने की प्रतीक्षा किए बगैर भटगांव और नकलोई गांवों की ओर कूच किया। इस बीच यह हो सकता था कि सतिन्दर और सीनू नामक दो खूंखार अपराधी भाग सकते थे। जब श्री अरुण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, गोहना की कमान में छापा मारने वाले दल नकलोई सड़क पर पहुंचे तो काली मोटर साइकल पर जाते हुए दो लड़के दिखाई दिए। दोनों ही लड़के कच्चे रास्ते की ओर मुड़े लेकिन क्योंकि मोटर साइकल कीचड़ में फंस गई थी इसलिए उन्हें यह छोड़नी पड़ी और उन्होंने पेड़ों के झुंड की ओर भागना शुरु किया तथा उन पेड़ों के पीछे उन्होंने शरण ली। छापा मारने वाले दल के कुछ सदस्यों ने उन लड़कों की पहचान सतिन्दर और सोनू के रुप में की। उप पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने छापा मारने वाले दल को निर्देश दिया कि वे उन्हें चारों ओर से घेर लें। तथापि, वे स्वयं पश्चिम से छापा मारने वाले दल का नेतृत्व कर रहे थे और इनके सामने सतिन्दर और सीनू थे। श्री अरुण सिंह ने उन्हें चेतावनी दी और पुलिस के सामने समर्पण करने के लिए कहा लेकिन इसके बजाए उन्होंने उप पुलिस

अधीक्षक श्री अरुण सिंह के नेतृत्व वाले छापा मारने वाले दल पर गोलियां चलानी शुरु कर दीं। श्री अरुण सिंह ने अपने आपको जमीन पर गिरा कर अपना जीवन बचाया। श्री अरुण सिंह ने छापा मारने वाले दल को आदेश दिया कि वे अपने बचाव में सतिन्दर और सीनू पर गोलीबारी कर दें। दोनों तरफ से लगभग आधा घंटे तक गोलीबारी चलती रही। कुछ देर बाद जब अपराधियों की ओर से गोलीबारी बंद हुई तो छापा मारने वाला दल दोनों अभियुक्तों के निकट पहुंचा जहां वे गंभीर रुप से घायल पाए गए। जब सतिन्दर उर्फ काला और सोनू उर्फ सिनू को सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा था तो घायलावस्था में उनकी मृत्यु हो गई। इस पूरी घटना में श्री अरुण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ने अपने जीवन को खतरे में डाल कर आपवादिक साहस, परिश्रम और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। घटना स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलीबारुद बरामद हुए:-

1. .32 बोर का एक देशी रिवाल्वर
2. 3 जीवित कारतूस और 3 खाली कारतूस
3. बर्मिंघम में निर्मित .38 बोर का एक रिवाल्वर
4. एक जीवित कारतूस और 5 खाली कारतूस
5. चीन में निर्मित एक स्वचालित पिस्तौल और दो जीवित कारतूस
6. एक खाली कारतूस और .315 बोर की एक देशी पिस्तौल और
7. एक खाली कारतूस

इस मुठभेड़ में श्री अरुण सिंह,उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3 सितम्बर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 139-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. मोहम्मद जाहिद
   उप-पुलिस अधीक्षक
2. आर्शिद खां
   उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

बाबागुंड, मटन के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में दिनांक 20.04.2006 को एस एस पी अनंतनाग द्वारा प्रदान की गई विशिष्ट सूचना के आधार पर

एस ओ जी श्री गुफवाड़ा, 3 आर आर, 95 और 93 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक संयुक्त टीम उक्त क्षेत्र का घेराव किया और तलाशी अभियान चलाया। इस पर छिपे हुए आतंकवादी निकल कर बाहर आए और उन्होंने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस गोलीबारी का जबाब दिया गया और आतंकवादी को समर्पण करने के लिए मजबूर किया गया लेकिन उसने गोलीबारी जारी रखी। श्री मोहम्मद जाहिद, उप पुलिस अधीक्षक और उप-निरीक्षक आर्शिद खां ने भी बहादुरी से आतंकवादी को किसी भी मकान में नहीं घुसने दिया गया क्योंकि उसके किसी मकान में घुसने से भारी क्षति और लोगों के हताहत होने की आशंका थी। श्री मोहम्मद जाहिद, उप पुलिस अधीक्षक ने एक तरफ से पुलिस दल का नेतृत्व किया जबकि उप -निरीक्षक आर्शिद खां भी की दूसरी तरफ से आगे बढ़े ताकि आतंकवादी को घेरा जा सके। इसे देख कर आतंकवादी तुरंत ही पड़ोस की मस्जिद में घुसने में सफल हो गया लेकिन श्री मोहम्मद जाहिद ने मस्जिद में छलांग लगा कर उसका पीछा किया। उप-निरीक्षक आर्शिद खां भी दूसरी तरफ से चालाकी से उस मस्जिद में घुसने में सफल हो गए। दोनों ही आधिकारियों ने वहां पर ऐसी योजना बनाई जिससे आतंकवादी उस मस्जिद से बाहर आने पर मजबूर हो जाए और उस मस्जिद को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचाए बगैर इस अभियान को सफल बनाया जा सके। इन अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित प्रशंसनीय और बहादुरी पूर्ण कृत्य के कारण वह आतंकवादी मस्जिद से बाहर आने पर मजबूर हो गया और इसके साथ ही उसे ढेर का दिया गया। मारे गए आतंकवादी की पहचान मोहम्मद युसुफ बट उर्फ फरीद खान पुत्र गुलाम मोहम्मद बट, निवासी अकुरा के रुप में की गई जो पिछले 10 वर्षो से सक्रिय था और एच एम गुट का स्वयंभू बटालियन का कमांडर था। तथापि, इस अभियान के दौरान कोई सिविलियन हताहत नहीं हुआ या निजी संपत्ति /मस्जिद को कोई नुकसान नहीं हुआ। हथियार/गोलीबारुद की निम्नलिखित बरामदगी की गई:-

1. एके राइफल- 01 नग
2. मैग्जीन-01 नग
3. एके गोलीबारुद- 13 राउंद
4. ग्रेनेड- 02 नग (इन्हें वहां पर नष्ट कर दिया गया।)

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मोहम्मद जाहिद, उप पुलिस अधीक्षक और आर्शिद खां, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 अप्रैल, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 140-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री रोहित बस्कोटरा,
उप-पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

कचवोन के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में दिनांक 26/01/2007 को एस एस पी अनंतनाग द्वारा प्रदान की गई विशिष्ट सूचना के आधार पर एस ओ जी कोकरनाग, 36 आर आर, 157 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक संयुक्त टीम ने उस विशिष्ट क्षेत्र का घेराव किया। तलाशी के दौरान आतंकवादी ने तलाशी दल पर गोलीबारी कर दी। आतंकवादी से समर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उसने समर्पण करने के बजाए तलाशी दल पर फिर गोलीबारी कर दी। श्री रोहित बस्कोटरा की कमान में पुलिस दल ने पेशेवर ढंग से जबाबी कार्रवाई की और अपने मूल्यवान जीवन की परवाह किए बगैर शरीफ खान उर्फ औरंगजेब उर्फ पीर उर्फ बाजी नामक एक खूंखार आतंकवादी को घटना स्थल पर ही मार गिराया । इस मुठभेड़ में श्री रोहित बस्कोटरा, उप पुलिस अधीक्षक, कोकरनाग ने अपनी सर्विस राइफल अर्थात ए के -47 से 141 राउंद गोलीबारी की। उप पुलिस अधीक्षक रोहित बस्कोटरा के बहादुरी पूर्ण कृत्य, अनुकरणीय कृत्य था और आम जनता ने घटना स्थल पर ही इनकी प्रशंसा की थी क्योंकि इस अभियान के दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ और कोई सिविलियन भी हताहत नहीं हुआ। हथियारों/गोलीबारुद की निम्नलिखित मात्रा बरामद की गई:-

1. एके राइफल- 01 नग
2. मैग्जीन- 02 नग
3. एके गोलीबारुद- 50 राउंद

इस मुठभेड़ में श्री रोहित बस्कोटरा, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 जनवरी, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

18—381 GI/2008

सं. 141-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1.	अब्दुल घनी मीर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	मुजफ्फर अहमद कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक04/05/2007 को एस एस पी अनन्तनाग को खल्लहर नागम कोइरनाग के सार्वजनिक क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई। एस ओ जी अनन्तनाग पुलिस थाना कोकेरनाग, 93 बटालियन, सी आर पी एफ को मिलाकर तत्काल एक संयुक्त टीम बनाई गई जिसने उक्त क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी। तथापि, खोजबीन के दौरान रियाज अहमद देवा उर्फ सैफुल्ला पुत्र अब्दुल हमीद देवा निवासी पंथ काजीगुंड खुलगांव (एच एम जिला कमांडर) नामक एक कट्टर आतंकवादी की मौजूदगी देखी गई आत्मसमर्पण करने के लिए कहे जाने पर उक्त आतंकवादी ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां चलानीं शुरु कर दीं। एस एस पी अनन्तनाग के नेतृत्व वाली खोज पार्टी ने अपने जीवन की परवाह किए बिना पेशेवर ढंग से उसकी गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया और उस दुर्दान्त आतंकवादी की मौके पर ही हत्या कर दी। कांस्टेबल मुजफ्फर अहमद का यह शौर्यपूर्ण कार्य जिसमें एस एस पी अनन्तनाग ने सहायता की थी, अनुकरणीय था और उनकी आम जनता ने घटनास्थल पर ही अत्यधिक सराहना की क्योंकि उनकी ओर से न कोई हताहत हुआ और न ही किसी को कोई क्षति पहुंची। इस अभियान के दौरान एस एस पी अनन्तनाग और कांस्टेबल मुजफ्फर अहमद ने अपनी ए के - 47 राइफलों से 156 तथा 75 राउंड गोलियां चलाईं। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखत शस्त्र एवं गोलाबारुद भी बरामद किया गया:-

1.	ए के राइफल	-	01 नग
2.	मैगजीन	-	01 नग
3.	ए के एम्यूनिशन	-	25 आर डी एस
4.	ग्रेनेड	-	01 नग

इस मुठभेड़ में सर्वश्री अब्दुल घनी मीर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा मुजफ्फर अहमद, कांस्टेबल ने असाधारण वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04 मई, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 142-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, जम्मू कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री अश्फाक अहमद,
उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 28.3.2005 को विशिष्ट जानकारी के आधार पर एस ओ जी अनन्तनाग तथा 1 आर आर, तृतीय आर आर, 42 आर आर तथा 1 पी ए आर ए द्वारा गाँव लोकतिपुरा बिज बेहरा में एक संयुक्त अभियान चलाया गया, श्री अश्फाक अहमद, उप निरीक्षक/एन जी ओ लक्षित घर के पिछवाड़े से सैन्य बल का कमाण्ड कर रहे थे। सुरक्षा घेरे को तोड़ने के प्रयास में आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरु कर दी परन्तु अधिकारी ने अपने जीवन को जोखिम में डालकर उनका बहादुरी से मुकाबला किया और इस गोलीबारी में अब्दुल हमीद खान निवासी हरम शोफियान, अब्दुल्ला बारी मलिक निवासी कचदूरन शोफियान और ऐजियाज अहमद डार निवासी हसनपुरा बाग मारे गए। इसके अतिरिक्त 01 ए.के. राइफल, 02 मैगजीनें, 01 चीनी पिस्तौल, 04 ग्रेनेड, 01 पाउच, ए.के.-47 के 72 राउण्ड तथा पिस्तौल के 10 राउण्ड बरामद किए गए। यह अधिकारी की हालात से निपटने की पेशेवर दक्षता के कारण सम्पन्न हुआ जिससे कि इस अभियान में जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ। श्री अश्फाक अहमद, उप निरीक्षक द्वारा की गई इस बहादुरीपूर्ण कार्रवाई का आम जनता और बलों ने स्थल पर ही स्वागत किया।

इस मुठभेड़ में श्री अश्फाक अहमद, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 मार्च, 2005 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 143-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री प्रमोद कुमार सिंह,
उप निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

पालामऊ, चैनपुर थाना के प्रभारी उप निरीक्षक पी.के. सिंह को दिनांक 06.01.2004 को विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली कि पालामऊ प्रभाग का अत्यधिक खूंखार नक्सलवादी अर्थात खुद्दी सिंह खरवार उर्फ नेताजी (बालामऊ प्रभाग की पीपुल्स वार ग्रुप सम्भागीय समिति के स्वयंभू सदस्य) अपनी टीम के साथ मण्डल डैम (चैनपुर थाना से 25 कि.मी. दूर घने जंगल में) के आस-पास इकठ्ठे हुए हैं। एस आई पी.के. सिंह के पास एक सशस्त्र पार्टी थी जिसमें केवल पाँच सशस्त्र कांस्टेबल थे। तथापि, उन्होंने तुरन्त घटनास्थल पर जाने का निश्चय किया क्योंकि हल्का सा विलम्ब होने पर भी पी डब्ल्यू जी कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था। पी डब्ल्यू जी स्क्वैड को पुलिस की हलचल के बारे में पहले ही पता चल गया था और उन्होंने घात लगा ली। जैसे ही पी.के. सिंह अपनी पार्टी के साथ जंगल में एक छोटे से निर्जन स्थान पर लगभग 1730 बजे पहुँचे, उन पर दो तरफ से गोलीबारी शुरु कर दी गई। जवान इस तीव्र अप्रत्याशित गोलीबारी से हक्के-बक्के रह गए परन्तु एस आई, पी के सिंह ने अपनी इस छोटी सी पार्टी का व्यक्तिगत साहस एवं बहादुरी से नेतृत्व किया। उन्होंने अपनी पिस्तौल से नक्सलियों पर गोलियाँ चलानीं शुरु कर दीं और बड़े उत्साह के साथ अपने आदमियों से कहा कि वे उनके पीछे-पीछे आएं। अपने नेता की बहादुरी और अनुकरणीय साहस को देखकर पुलिस कार्मिकों ने भी गोलियाँ चलानीं शुरु कर दीं। इस स्थिति में हालात ऐसे हो गए थे कि एक ओर नकसलियों की भारी संख्या वाली सशस्त्र (लगभग 40) पार्टी थी जिन्होंने सुनियोजित घात लगा रखी थी और वे ऊंचाई पर थे और उन्होंने पुलिस कार्मिकों चौंका भी दिया था। परन्तु दूसरी ओर पुलिस कार्मिकों की एक छोटी सी पार्टी खुले और निचले स्थान पर थी तथा वह पूरी तरह से असुरक्षित थी। ऐसी विलक्षण परिस्थिति में एस आई पी.के. सिंह ने अनुकरणीय साहस एवं नेतृत्व का प्रदर्शन किया। इस अधिकारी की बहादुरी देखकर नक्सली भी भौचक्के रह गए। एस आई पी.के. सिंह और उसके आदमी लगातार गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। कुछ समय के पश्चात नक्सलियों ने फायरिंग बंद कर दी और एस आई/ पी.के. सिंह उस स्थान की ओर आगे बढ़े जहाँ से गोलियाँ चल रहीं थीं और देखा कि एक नकसली अपने घायल साथी को खींच कर ले जा रहा था। नक्सलियों ने तुरन्त एस आई पी.के. सिंह पर गोलियाँ चला दी। एक बार फिर एस आई पी.के. सिंह ने प्रत्युत्पन्नमति का परिचय दिया तथा अपने सर्विस पिस्तौल से जवाबी गोलीबारी कर दी जिससे दो हमलावर नक्सली मारे गए। बाद में मामले की छानबीन करने तथा घटनास्थल की जाँच करने पर यह पता चला कि घात लगाने की योजना कितने सुनियोजित ढंग से बनाई गई थी और कैसे भीषण मुठभेड़ हुई। मृत उग्रवादियों की पहचान

खुद्दी सिंह खरवार और छोटू चौधरी के रूप में हुई जो चोटी के खूंखार नक्सली थे और जिन पर नकद इनाम घोषित था। उनसे निम्नलिखित जब्ती की गई:-

(i) उग्रवादियों के 2(दो) शव, जिनमें से एक सीपी आई, एम एल (पी डब्ल्यू जी) का प्रभाग समिति का सदस्य था,
(ii) 1(एक) 9 एम एम पिस्तौल (इटली में निर्मित) मैगजीन सहित,
(iii) मैगजीन में 4(चार) जिन्दा कारतूस,
(iv) 1(एक) पिस्तौल स्लाइड में जिन्दा कारतूस,
(v) ग्रीन होल्स्टर में 5(पाँच) जिन्दा कारतूस,
(vi) 9 एम एम चलाए गए कारतूस 4(चार),
(vii) 1(एक) मिस फायर्ड कारतूस,
(viii) 1(एक) देशी पिस्तौल,
(ix) 1(एक) फायर किया गया .315 कार्टरिज बैरल में,
(x) चलाए गए कारतूस 4(चार)
(xi) 1(एक) राजदूत मोटर साइकल सं. एम पी-27ए-5347
(xii) 1(एक) काले रंग का पिठ्ठु, उग्रवादी साहित्य, खुद्दी सिंह नक्सल को सम्बोधित एक पत्र, 1(एक) मैग्नेट कम्पास, पी जी ए संविधान, सी पी आई (एम एल) पीपुल्सवार (पी डब्ल्यू जी) बुक अधिनियम, क्षेत्र समिति पुस्तिका, लेवी कांट्रैक्टर विवरण, अभ्यास एवं क्षेत्र शिल्प विवरण, बिहार-झारखण्ड संयुक्त राज्य समिति आयोग सी पी आई (एम एल) पीपुल्स वार (पी डब्ल्यू जी) बुक्स, छत्तीसगढ़, बाण्डारिया सीमान्त जोनल समिति पालामऊ कमिश्नरी पत्र, कैल्कुलेटर, दवाइयाँ, पीपुल्स वार (पी डब्ल्यू जी) विवरण लैवी रसीद,,

इस मुठभेड़ में श्री प्रमोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 जनवरी, 2004 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

19—381 GI/2008

सं. 144-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जी आर पाटिल,
सर्कल पुलिस इंस्पैक्टर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 7/6/07 को एटलस कंपनी शिनोली, तालुका चंदागढ़ के दो कर्मचारी श्री संजय मोरे और जनोबा रावालु येल्लुरकर अपनी मोटर साइकल संख्या एम एच 09 ए एस 8923 से एटलस कंपनी के कर्मचारियों की 4,07,000/- रुपये की तनख्वाह की राशि यू टी आई बैंक बेलगाम से निकालकर ले जा रहे थे।। पल्सर मोटर साइकल पर उनका पीछा कर रहे 4 अज्ञात व्यक्तियों ने बाची गांव के निकट वेन्गुर्ला रोड पर ऊपर हंसिए से हमला कर दिया और जनोबा येल्लुरकर को गंभीर रुप से घायल करते हुए उससे वह बैग छीन लिया जिसमें 407000/- रुपये रखे थे और मोटर साइकलों पर सवार होकर बेलगाम की ओर भाग गए। संजय मोरे की शिकायत पर बेलगाम देहात पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 397 के अंतर्गत अपराधिक मामला संख्या 91/2007 दर्ज किया गया। बेलगाँव देहात थाने में धारा 397 के अंतर्गत दर्ज सी आर संख्या 91/073 की जानकारी प्राप्त होने पर जिसमें चार अभियुक्तों द्वारा, जो पल्सर मोटर साइकिल पर थे, एटलस फैक्टरी के कर्मचारियों से बाची गांव के निकट 407000 रुपये छीनकर बेलगाम शहर की ओर भाग जाने की खबर थी जिनमें से मोटर साइकिल पर सवार दो अभियुक्त काली और लाल कमीजें पहने थे। सूचना प्राप्त होते ही श्री जी आर पाटिल जो उस समय खानापुर सर्किल आफिस में थे, तुरंत हरकत में आ गए और अपने स्टाफ तथा खानापुर थाने के श्री एस एस गडग, सी पी सी 1433 और नंदागढ़ थाने के श्री एस ए तोलगी, सी पी आई सी 1517 के साथ एक सरकारी जीप संख्या के ए -२२ जी 276 चालक वी एन बागले सहित, खानापुर बेलगाम सड़क पर पेट्रोल ड्यूटी पर पहुंच गए, जब वह हतारगुंडी क्रासपर संदिग्ध अभियुक्तों का इंतजार कर रहे थे तभी उन्होंने देखा कि 3.30 बजे अपराह्न के आसपास दो व्यक्ति जो काली और लाल शर्ट पहने थे, एक नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर, जिसकी नम्बर प्लैट खुरची हुई होने के कारण संदिग्ध स्थिति में थी, खानापुर की तरफ जा रहे थे और जब उन्होंने उनको रुकने का सिग्नल दिया तो उन्होंने अपनी गाड़ी रोकने के बजाय उसकी गति बढ़ा दी और उतावले ढंग से गाड़ी चलाते हुए खानापुर की ओर भाग गए। जब सी पी आई श्री जी आर पाटिल ने उनका पीछा किया तो उनकी चाल बढ़ गई तथा वे खानापुर जम्बोटी रोड पर पर जम्बोटी रोड की ओर चले गए। इसी बीच, सी पी आई ने इस की खबर डी एस पी बेलगाम देहात तथा बेलगाम जिला नियंत्रण कक्ष को दे दी और बेलगाम जम्बूटी रोड होकर पुलिस अधिकारी भेजने का अनुरोध किया तथा इस पी एस आई खानपुर को यह भी अनुदेश दिया कि वह जम्बोटी रोड पर अवरोधों की व्यवस्था करें। सी पी आई श्री जी आर पाटिल अपने तथा अपने कर्मचारियों के जीवन को जोखिम में डालते हुए औटौली वन मोड के निकट अपराधियों के आगे निकल गए। इसी बीच अभियुक्तों ने गाड़ी सड़क पर छोड़ दी तथा जंगल में भाग गए। सी पी आई ने अभियुक्तों का पीछा किया तथा तिलकवाड़ी के राबरी एडविन सेबेस्टियन नामक एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछे जाने पर उसने बताया कि दूसरे अभियुक्त

का नाम सोमू राजपूत था। खानापुर थाना के सी पी सी 1433 श्री एस एस गडग और नंदगढ़ थाना के सी पी सी 1517 श्री एस ए तोलगी , इन दोनों पुलिस कांस्टेबलों ने दूसरे अभियुक्त राजपूत का पीछा किया परन्तु उस अभियुक्त ने इन पर हमला कर दिया और बचकर भाग गया। इसी बीच के ए -22,2419 नम्बर वाली लाल रंग की मारुति कार देखकर, जो खानापुर जम्बोटी रोड से होकर गुजर रही थी, अभियुक्त राबर्ट एडविन सेबेसिटयन ने यह कहते हुए सी पी आई का ध्यान कार की ओर आकृष्ट कराया कि पैसा इस कार में रखा है और उस कार में बैठे लोग संजीव संतोष राणे और उसका भाई विनायक, तथा कमरुद्दीन सौदागर, उसके साथी हैं तथा सभी बेलगाम के हैं। जब सी पी आई ने कार की ओर देखा तभी अभियुक्त राबर्ट एडविन सेबेस्टियन ने उनर हमला कर दिया तथा सी पी आई और ड्राइवर को धक्का देते हुए ओटौली के जंगलों की ओर भाग गया, हल्की चोट होने के बावजूद सी पी आई श्री जी आर पाटिल ने अपने कर्मचारियों के साथ उसका पीछा किया।

इस बीच श्री आर बी पाटिल , डी एस पी बेलगाम, देहात, श्री बी पी हुलास गुण्ड , सी पी आई, बेलगाम देहात श्री विश्वनाथ कुलकर्णी, पी.ए.आई. बेलगाम देहात और श्री महन्तेश्वर पी आई, तिलकवाड़ी अपने कार्मिकों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए तथा ओटौली वन क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया और अभियुक्तों की तलाश शुरु कर दी। फरार अभियुक्त की तलाश करते हुए श्री जी आर पाटिल, सी पी आई ने देखा कि अभियुक्त श्री बी पी हुलासगुंड, सी पी आई, श्री विश्वनाथ कुलकर्णी पी एस आई, बेलगाम देहात और सी पी सी 1736, श्याम डोड्डानायकर और सी पी सी 800 श्री वी के मालागी के नेतृत्व वाले पुलिस बल को अपने रिवाल्वर से धमका रहा है और उन्हें गोली से मारने की कोशिश कर रहा है तथा उसका निशाना हो दो बार चूक भी गया तब सी पी आई पुलिस अधिकारियों के जीवन की रक्षा करने के लिए आगामी परिणामों का अनुमान लगाते हुए बहादुरी पूर्वक उस अभियुक्त की ओर बढ़े तथा सरकारी रिवाल्वर से उस अभियुक्त की दाहिनी टांग में गोली मारकर उसे अपंग बना दिया।उनकी त्वरित एवं समय से की गई कार्रवाई से पुलिस अधिकारियों की जान बच गई तथा अभियुक्त को गिरफ्तार कर पल्सर मोटर साइकल एवं एक देशी रिवाल्वर जब्त कर लिया गया। बाद में 376100/- रुपये तथा लूट की राशि और बेलगाम देहात संख्या 91/07 के अंतर्गत अभियुक्तों 1. येल्लूर के संतोष संजीव राणे 2. सोमू कुमार राजपूत 3. कमरुद्दीन सौदागर 4. रावर्ट एडविन सेवेस्टियन 5. बापू गणपति पाटिल जो सभी बेलगाम के थे को ले जाने के काम में लाई गई मारुति कार की जब्ती की गई। सी पी आई की इस त्वरित एवं सामयिक कार्रवाई की उसके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा काफी प्रशंसा की गई।

इस प्रक्रिया में श्री जी आर पाटिल के पेट में दाई ओर तथा दाहिनी बाँह में चोट भी लगी। इस प्रकार श्री जी आर पाटिल ने असाधारण साहस और दक्षता एवं कर्तव्य के प्रति अनुकरणीय निष्ठा का प्रदर्शन किया तथा जीवन एवं संपत्ति की रक्षा करने और अपराधियों को गिरफ्तार करने में अदम्य शौर्य का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में श्री जी आर पाटिल सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जून, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 145-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक		
	सर्व/श्री	
1.	वी.एस. भदौरिया, निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2.	विजय यादव पुलिस महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3.	दिनेश चन्द सागर, पुलिस उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4.	डा. हरि सिंह, पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
5.	निरन्जन बी. व्यंगकार पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	के.डी. सोनाकिया निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
7.	सतीष दुबे निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

ग्राम गढ़िया बुढारा, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश में दिनांक 15.3.2007 को पुलिस के साथ 18 घण्टे से अधिक समय तक चली एक भीषण मुठभेड़ में दस्यु सम्राट जगजीवन परिहार तथा उसके गुट के कई अन्य प्रमुख सदस्य मारे गए। इस जगजीवन परिहार गुट ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों में स्थित चम्बल घाटी में आतंक मचा रखा था। उन्होंने सोची समझी हत्या, डकैती, लूट और फिरौती के लिए अपहरण जैसे 54 जघन्य अपराध किए थे जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैली हुई थी। इस गुट के पास ए के-47 राइफल यू एस एम आई सेमी आटोमेटिक, .303 राइफलें और चीन में बने ग्रेनेड जैसे स्वचालित घातक हथियारों का जखीरा था। चम्बल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक को दिनांक 14 मार्च, 2007 को इण्टरसेप्सन सेण्टर, एस टी एफ, मध्य प्रदेश, भोपाल से सूचना मिली कि यह गुट मुरैना जिले के पोर्सा पुलिस थाना अन्तर्गत स्थित गढ़िया बुढारा गाँव में रह रहे हीरा सिंह परिहार के घर में सम्भवत: आश्रय लिए हुए है। इस क्षेत्र की स्थलाकृति के पेशेवर रूप से जानकार श्री विजय यादव ने इन डकैतों को धर पकड़ने के लिए एक विवेकपूर्ण अभियान की योजना बनाई। तत्काल चार पुलिस पार्टियां बनाई गई और उन्हें गढ़िया बुढारा गाँव में मिलने का निदेश दिया गया। पहली पार्टी का नेतृत्व मुरैना के पुलिस अधीक्षक श्री हरि सिंह कर रहे थे। द्वितीय पार्टी का नेतृत्व चंबल रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री डी सी सागर कर रहे

थे। तृतीय पार्टी का प्रभार एस पी भिण्ड श्री निरन्जन बी. व्यंगकार ने गृहण किया जबकि चंबल के आई जी श्री विजय यादव ने चौथे ग्रुप का भार स्वयं संभाला। मुरैना के एस.पी. श्री हरि सिंह यादव के नेतृत्व वाली पहली पार्टी 1430 बजे सम्भावित स्थल पर पहुँच गई और उस घर में प्रवेश कर गई। पुलिस पार्टी को पास आते देखकर डकैतों ने अंदर पोजीशन ले ली तथा स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरु कर दी। पुलसि पार्टी बिना किसी सुरक्षा कवच के थी इसलिए उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। निर्भीक श्री अजय सिंह ने अपने आदमियों को इकट्ठा किया और जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस थाना पोरसा के एस एच ओ, श्री वीरेन्द्र भदौरिया, निरीक्षक स्वचालित हथियारों से चली गोलियों से घायल हो गए। बहादुरी से जवाबी गोलीबारी करते हुए उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। थाना कोतवाली मोरेना के निरीक्षक श्री के.डी. सोनाकिया के हाथों में भी स्वचालित हथियारों से चलाई जा रही गोलियां लगी। उन्होंने ने भी अत्यधिक बहादुरी से जबाबी गोलीबारी की। हैड कांस्टेबल राजिन्दर सिंह परिहार, कांस्टेबल रामबरन और कांस्टेबल उदय वीर भी इस शुरुआती गोलीबारी में घायल हो गए थे। घायलों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। दुर्भायवश घायल पुलिस कार्मिकों के हथियार डकैतों के कब्जे में चले गए। वे डकैते घर के अंदर से पत्थरों और कंक्रीट की दीवारों का कवच बनाकर गोलियाँ चला रहे थे जबकि पुलिस खुले में थी, रणनीतिक रूप से यह अत्यधिक नुकसानदायक स्थिति थी। श्री हरि सिंह यादव, जिनकी आधी से अधिक पार्टी जख्मी हो गई थी और डकैतों की संख्या अधिक थी, ने भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए उच्च स्तर का साहस एवं दक्ष नेतृत्व का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने कार्मिकों को एकत्र किया और गोलियों का सामना करते हुए रणनीतिक लाभ लेने और डकैतों को व्यस्त रखने के उद्देश्य से घर की छत पर चढ़ गए। उनकी पार्टी के शेष कार्मिकों ने बाहर पोजीशन ले ली और जवाबी गोलीबारी करते रहे। उसी समय श्री डी.सी. सागर, डी आई जी चंबल रेंज अपने दल बल सहित घटना स्थल पर पहुँच गए। गोलियों का सामना करते हुए वे तुरन्त घर की छत की ओर बढ़ गए। छत के मध्य भाग में रोशनी के लिए एक मोकला बना था जो लोहे की ग्रिल से आच्छादित था। जैसे ही पुलिस बल का कोई सदस्य छत पर जाने की कोशिश करता था डकैत घर के अंदर से गोली चला देते थे। असुरक्षित पुलिस बल को तब और खतरा उत्पन्न हो गया जब उस आयरन ग्रिल की दरारों से गोलियाँ चलाई गई थीं। निरीक्षक श्री सतीश दुबे एस.एच.ओ. पुलिस थाना फूफ जिला भिण्ड अत्यधिक साहस और बहादुरी से छत पर आगे बढ़े तथा उस मोकले के पास जाकर नीचे खड़े डकैतों पर गोलियाँ चला दीं। चंबल रेंज के डी आई जी श्री डी.सी. सागर के समर्पण कर देने के आह्वान का स्वागत भारी गोलीबारी से किया गया। निरीक्षक सतीश दुबे को लोहे की ग्रिल से निकली किरच से आँख के नीचे चोट लग गई और वह छत पर गिर पड़े। चारों ओर से चलतीं गोलियों के बीच से श्री सागर अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए तुरन्त आगे बढ़े और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गए। तत्पश्चात श्री सागर ने आत्मरक्षा में सशस्त्र हमला बोल दिया। इसी बीच चंबल के आई जी श्री विजय यादव भी घटना स्थल पर पहुँच गए और तत्काल घर की छत पर चढ़ गए। हालात अत्यधिक नाजुक हो चले थे। एक पुलिस निरीक्षक मारा गया था, 2 पुलिस निरीक्षकों तथा 3 अन्य पुलिस कार्मिकों को गोलियों से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी डकैत जिन्दा थे तथा भारी गोलीबारी कर रहे थे जबकि पुलिस बल खुले मैदान में था और घर के अंदर घुस पाने में अक्षम था। आई जी ने अपने अधिकारियों के साथ संक्षिप्त चर्चा की और एक रणनीति तैयार की गई। यह स्पष्ट था कि इस पर आसानी से और जल्दी सफलता मिलना मुश्किल है। जल्दी ही अंधेरा हो जाएगा और डकैत अंधेरे का फायदा उठाकर भाग जाएंगे। प्रचालनात्मक सफलता सुरक्षित करने के लिए एक आन्तरिक एक बाह्य और निर्जन घेराबंदी की गई। श्री डी.सी. सागर, डी आई जी, चम्बल रेंज अपनी टीम के साथ छत से आक्रमण की अगुआई कर रहे थे और उनकी सहायता कर रहे थे। श्री हरि सिंह उनकी सहायता कर रहे थे। जबकि श्री निरंजन

वी. व्यंगकार तथा उनकी टीम को उस घर के बाईं तरफ सुरक्षा मुहैया करानी थी। मध्य प्रदेश के एस टी एफ को उस घर के सामने वाला क्षेत्र कवर करना था। यह एक अत्यधिक मुश्किल काम था। चम्बल के आई जी श्री विजय यादव ने अपनी कमाण्ड पोस्ट छत पर स्थापित कर ली और अभियान को व्यक्तिगत रूप से निदेशित करते रहे। वह सारी रात अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना अपने आदमियों का उत्साहवर्धन करते हुए और उनको व्यावसायिक मार्गदर्शन देते हुए गोलियों के बीच से इधर-उधर घूमते रहे। शुरुआत में ही लोहे की ग्रिल के बीच से आई गोली से घायल होने के बावजूद उन्होंने अपने पूरी दमखम से अपना कार्य जारी रखा। जब छत से हमला कम हो गया तो श्री विजय यादव खुद आगे बढ़े तथा ग्रेनेड चला दी। कमाण्डो रणनीति में संयुक्त राज्य में विशेष रूप से प्रशिक्षित श्री विजय यादव ने साहस, पेशेवरता और नेतृत्व का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया जो निर्णायक सिद्द होना था। श्री डी सी सागर ने अपने व्यक्तिगत जीवन की सुरक्षा की परवाह न करते हुए छत से तथा उस मुकले से जिससे डकैत लगातार गोलीबारी कर रहे थे प्रभावकारी हमला शुरु करने की एक रणनीति तैयार की। छत में छेद करने की पहल करते हुए उन्होंने अपने बल को साथ आने के लिए कहा। इस तरह, श्री डी सी सागर ने प्रभावी गोलीवर्षा करने का प्रयास किया तथा डकैतों द्वारा की जा रही सतत घातक गोलीबारी के जवाब में आंसू गैस के गोले तथा एच ई-36 ग्रेनेड चलाए । यह एक अत्यधिक जोखिम भरा कार्य था क्योंकि छत बिल्कुल खुली थी जिस पर कोई कवर नहीं था तथा घातक गोलियाँ चारों ओर से चल रहीं थीं। सारी रात श्री डी सी सागर अपने काम पर लगे रहे। हालांकि उन्हें गोली से हल्की चोट लग गई थी फिर भी वह निर्भीक बने रहे तथा उन्होंने हमला जारी रखा। इस कार्य में उनका श्री हरि सिंह यादव द्वारा अत्यधिक योग्यतापूर्वक सहयोग किया जा रहा था। आधी रात के पश्चात डकैतों ने घर के बायीं ओर की दीवार से होकर भागने का निरर्थक प्रयास किया। उन्होंने बायीं दीवार पर खुली रखी ईंटों को गिरा दिया और इससे होकर अपने स्वचालित हथियारों से फायर कर दिया। श्री निरंजन बी. व्यंगंकर एस पी भिण्ड, जो बायीं ओर की रक्षा कर रहे थे, ने बड़ी बहादुरी से उनकी गोलियों का जवाब दिया। अपनी सुरक्षा को जोखिम में डालकर गोलियों का बहादुरी से मुकाबला करते हुए आगे बढ़े तथा डकैतों पर भारी गोली वर्षा की जिससे वे सुरक्षित स्थान पर पहुंचने और उस साइड से बचकर भाग निकलने के सभी प्रयास छोड़ने को मजबूर हो गए। सारी रात गोली चलती रही। डकैत जिनके पास स्वचालित हथियार और भारी मात्रा में गोलाबारुद था तथा घर के अंदर बनी विभिन्न दीवारें उनकी रक्षा कर रहीं थीं, अविजित बने रहे। यह निश्चय किया गया कि दिन निकलने पर छत और दीवालों को तोड़कर घर के अंदर घुसा जाएगा। घर की छत में दो भारी दरारें बनाई गईं। श्री विजय यादव ने घर का अगवाड़ा जे सी बी मशीन से तुड़वा दिया। यह पुलिस बल तब भौंचक्का रह गया जब इस गैंग ने दो ग्रेनेड फेंके जिनमें से एक ग्रेनेड फट गया। इस विषम स्थिति में श्री विजय यादव, असाधारण साहस एवं अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए, सामने से घर के अंदर घुस गए तथा उन डकैतों को बिल्कुल निष्क्रिय कर दिया। साथ ही श्री डी सी सागर और श्री हरि सिंह यादव अपनी निजी जान को जोखिम में डालते हुए तथा अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए छत से घर के पिछवाड़े की तरफ कूदकर अंदर घुस गए तथा अत्यधिक नजदीक से डकैतों को मार गिराया। 18 घण्टे तक चली इस ऐतिहासिक मुठभेड़ में गैंग लीडर जगजीवन परिहार तथा उसके 6 अन्य प्रमुख साथी मार गिराए गए। इस गैंग पर 9.17 लाख का संचयी पुरस्कार था। डकैतों से घातक हथियार तथा भारी मात्रा में जिन्दा और खाली कारतूस बरामद किए गए। इसमें शामिल हैं एक ए के-47 राइफल, दो यू एस एम आई अर्धस्वचालित 30-06 बोर राइफलें पाँच मार्क-III .303 राइफलें, दो .315 भारतीय आयुध फैक्टरी राइफलें और चीन निर्मित विखण्डन ग्रेनेड भी बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्वर्गीय) वी.एस. भदौरिया, निरीक्षक, विजय यादव, पुलिस महानिरीक्षक, दिनेश चन्द सागर, पुलिस उप महानिरीक्षक, डा. हरि सिंह, पुलिस अधीक्षक, निरंजन बी. व्यंगकर, पुलिस अधीक्षक, के.डी. सोनाकिया, निरीक्षक तथा सतीश दुबे, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 मार्च, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 146-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री मोहिन्द्र कंवर,
उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

शिवपुरी पुलिस के डकैत उन्मूलन इतिहास में 13 जून, 2006 का दिन मील का पत्थर साबित हुआ है। शाम को एस डी पी ओ – करेरा, मोहिन्द्र कंवर को बाडगोर गांव के निकट माहौर नदी के दर्रों में 4-5 सशस्त्र डकैतों की हरकत के बारे में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। एस डी पी ओ करेरा ने तत्काल एस.पी. शिवपुरी को सूचित किया तथा सुनारी चौकी पहुंचने में कोई समय नहीं गंवाया। इसी बीच उन्होंने एस एच ओ, पुलिस स्टेशन अमोला, श्री रवि भदौरिया, प्रभारी बाह्य चौकी सुनारी, सहायक उप पुलिस निरीक्षक उदय भान सिंह को आवश्यक तैयारी करने के लिए ब्रीफ किया। 13.06.2006 को रात्रि में लगभग 2.30 बजे समग्र पुलिस बल बाह्य चौकी सुनारी पर एकत्र हुआ तथा बाडगोर गांव के जरिए माहौर दर्रों की तरफ आगे बढ़ने लगा तथा खाटी बाबा मंदिर पहुंचा जहां मुखबिर ने गैंग की वास्तविक स्थिति के बारे में बताया था। एस डी पी ओ करेरा ने बल को तीन तलाशी दलों में विभाजित कर दिया। प्रथम दल का नेतृत्व हवाक कमांडो शक्ति सिंह, मनोज सिंह, चंदगी राम और कांस्टेबल दया शंकर, सी-475 सुनेश्वर पाईकरा के साथ वे स्वंय कर रहे थे। दूसरे दल का नेतृत्व कांस्टेबल संतोष, कांस्टेबल कसान, कांस्टेबल रुस्तम तथा कांस्टेबल प्रेमलाल पांडेय के साथ एस एच ओ पुलिस स्टेशन अमोला, श्री रवि भदौरिया कर रहे थे। तीसरे दल का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक विनोद चाबई, हैड कांस्टेबल भान सिंह, हैड कांस्टेबल अमर सिंह, कांस्टेबल राजेन्द्र, कांस्टेबल संजय मारको के साथ सुनारी बाह्य चौकी के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक उदय भान सिंह कर रहे थे। एस डी पी ओ करेरा, एस एच ओ अमोला तथा सुनारी बाह्य चौकी के प्रभारी के योग्य नेतृत्व के अन्तर्गत पुलिस दल चुपके-चुपके डकैतों के क्षेत्र में आगे बढ़ा। इस तलाशी के दौरान दल संख्या 1 के कांस्टेबल सुनेश्वर पायकरा जिनका नेतृत्व एस डी पी ओ करेरा कर रहे थे, ने कुछ सशस्त डकैतों को पेड़ के नीचे बैठे देखा। एस डी पी ओ करेरा ने तत्काल वायरलैस सैट के जरिए दल संख्या 2

और दल संख्या 3 को इसका संदेश प्रेषित किया तथा उन सबको उस दिशा में आगे बढ़ने का आदेश दिया। इसी बीच डकैतों के संतरी ने गोली चलाई लेकिन वह चूक गया। इस तुरन्त लाभ से एस डी पी ओ करेरा को मौका मिल गया, क्योंकि गैंग में श्रेष्ठ तेज शूटर थे जिनके पास खूंखार राइफलों की किलेबंदी थी। पुलिस पार्टी संख्या 1 के सभी सदस्यों ने मोर्चा संभाल लिया, एस डी पी ओ, करेरा ने डकैतों को अपने हथियार डालने की चुनौती दी और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। डकैतों ने चेतावनी की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया तथा पुलिस पार्टी पर उनको मारने की इच्छा से अंधाधुंध गोलीबारी करना आरंभ कर दिया, गोलियों उनके कान के पास से गुजर रही थीं तथा अपनी जान के प्रति आसन्न खतरे को भांपते हुए, एस डी पी ओ करेरा ने आत्मरक्षा में गोलीबारी का आदेश दिया, एस डी पी ओ करेरा सर-पर आए खतरे का सामना करने के लिए आगे बढ़े। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी रही । आड़ लेते हुए एस डी पी ओ करेरा ने निर्भीकता से अपनी ए के-47 राइफल से गोली चलाई तथा एक डकैत को मार गिराया जो दर्रे में गिर पड़ा। डकैत निराश हो गए तथा उन्होंने अंधाधुध गोलीबारी जारी रखी। दल सांख्या 2 और दल संख्या 3 भी शामिल हो गए। इस भीषण मुठभेड़ के दौरान गैंग के एक सदस्य को मार गिराया गया जिसकी बाद में पहचान वांटेड आततायी डकैत उमराव सिंह बुंदेला के रुप में की गई, जबकि उसके साथी कम प्रकाश कम प्रकाश तथा जोखिम भरे भूभाग का लाभ उठाते हुए भागने में कामयाब रहे। मृत डकैत उमराव सिंह बुंदेला तीन दर्जन हत्या, अपहरण, लूट, डकैती, हत्या के प्रयास जैसे घृणित अपराधों में संलिप्त था। उसके सिर पर 25000/-रुपए का इनाम था । डकैत पिछले 13 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा था । इस अवधि के दौरान विभिन्न मुठभेड़ों में उसने कम से कम चार पुलिस अधिकारियों को मारा था । उसका कार्यक्षेत्र मध्य प्रदेश के ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, टीकमगढ़, गुना से उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर तक फैला था। इस खूंखार मुठभेड़ में डकैतों द्वारा 55 राउन्ड गोली चलाई गई तथा पुलिस दल द्वारा 84 राउन्ड गोली चलाई गई। एक 12 बोर बंदूक, एक विलडोलिया, 10 जीवित राउन्डों सहित, 05 खाली कारतूस, एक 315 बोर देशी राइफल, .315 बोर के दो जीवित राउन्ड, दैनिक उपयोग की कुछ आवश्यक वस्तुएं तथा 1250/- रुपए नकद, डकैत के शव के पास से बरामद किए गए। मुठभेड़ स्थल से 12 बोर के 12 खाली कारतूस तथा 315 बोर के 4 खाली कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ श्री मोहिन्द कंवर, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 जून, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 147-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री सुनील शांताराम होसलकर,
हैड कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

02/03.06.2007 की मध्यरात्रि के दौरान हैड कांस्टेबल/6239 सुनील शांताराम होसलकर, पी एन/24675, प्रकाश लक्ष्मण काल गुटकर मुम्बई शहर के कुरुर गांव में सादा वर्दी में गश्त दे रहे थे। लगभग 0245 बजे, गश्त करते समय हैड कांस्टेबल सुनील एस होलकर को अपने स्रोतों के जरिए विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि एक वांछित खूंखार डकैत अर्थात नरेश उर्फ नारु रघुनाथ धानावडे अपने साथियों के साथ कोणकाणी पाडा, बनर्जी चाल, कमरा नं. 5, कुरुर गांव में छुपा हुआ है। उक्त विश्वसनीय सूचना के प्राप्त होने पर, हैड कांस्टेबल सुनील एस. होसलकर ने अन्य दो पुलिस कार्मिकों अर्थात् पी एन/24533, डी.डी. उगल मुगले तथा पी.सी./961165, एस.पी. टाटकरे को बुलाया जोकि निकटवर्ती क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। खूंखार डकैत नरेश उर्फ नारु धानावडे एक डकैती के सनसनीखेज मामले में घोषित अपराधी है जोकि हाल ही में कान्डीवली कार्य क्षेत्र में घटित हुई थी। उसके सिर पर पुलिस रिकार्ड में कई गंभीर अपराध दर्ज थे। चूंकि हैड कांस्टेबल सुनील एस. होसलकर घोषित अपराधी की पहचान करने में सक्षम था, उन्होंने दल का नेतृत्व किया तथा वे लगभग 03.35 बजे उक्त स्थान पर पहुंचे। हैड कांस्टेबल सुनील एस. होसलकर ने अपने साथियों के साथ महसूस किया कि ¾ व्यक्ति संदिग्ध रूप से कमरे में छुपे हुए हैं। हैड कांस्टेबल सुनील एस. होसलकर ने स्टाफ के साथ कमरे को घेर लिया, उन्होंने दरवाजे पर दस्तक दी और चिल्लाते हुए अपराधियों को अपनी पहचान बतायी कि 'हम पुलिस कार्मिक हैं तथा वे अपने आप को समर्पित कर दें' कुछ ही पल में, अपराधियों ने कमरे की बतियां बुझा दीं तथा उनमें से एक अपराधी ने अचानक कमरे का दरवाजा खोल दिया। दूसरी तरफ की लाइटों में हैड कांस्टेबल सुनील एस. होसलकर ने तत्काल पहचान की कि वह और कोई नहीं बल्कि आततायी नरेश धानावडे है, वे उन पर कूद पड़े तथा उसे सख्ती से पकड़ लिया। कुछ ही सैकन्डों में नरेश धानावडे ने छुरा निकाल लिया जो उसने अपनी कमीज के नीचे छुपा रखा था तथा हैड कांस्टैबल सुनील एस. होसलकर के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। तत्काल पी एन, प्रकाश लक्ष्मण कालगुटकर, हैड कांस्टेबल, सुनील एस. होसलकर की सहायता के लिए दौडे तथा नरेश धानावडे के अन्य साथियों को पी एन, डी.डी. उगलमुगले तथा पी सी, सुनील एस. होसलकर पर छोड़ दिया। तथापि, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, हैड कांस्टेबल, सुनील एस. होसलकर, ने सशस्त्र हमलावर के ऊपर अपनी पकड़ ढीली नहीं की। नरेश धानावडे के अन्य दो साथी नामत: जगदीश पटेल तथा योगेश ने भागना शुरु कर दिया तथा पी एन डी डी उगलमुगले तथा पी सी, एस.पी. टाटकरे को धमकी दी कि 'हट जाओ नहीं तो मार डालेंगे' और वह दोनों पुलिस कार्मिकों की तरफ अपने दोनों

हाथों में खतरनाक छुरा दिखा रहा था तथा इस संग्राम में पी एन, डी.डी. उगलमुगले को हाथ में चोट लगी जिन्होंने दोषियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जो बचकर भागने में सफल रहे किन्तु पी.एन.डी.डी. उगलमुगले और पी सी, एस.पी. टाटकरे दोनों अपराधियों को पकड़ने के लिए उनकी तरफ भागे जोकि उस घनघोर अंधेरे में गायब हो चुके थे। अपराधी नरेश धानावडे को जब्त हथियार के साथ कुरार पुलिस स्टेशन लाया गया। हैड कांस्टेबल, सुनील एस. होसलकर को चिकित्सा उपचार के लिए तब भगवती अस्पताल, बोरिवल्ली भेजा गया तथा ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सा अधिकारी ने स्वीकार किया कि उनको सिर में गंभीर चोट आई है। इस संदर्भ में कुरार पुलिस स्टेशन मुम्बई में मुम्बई पुलिस अधिनियम की धारा 135 के साथ पठित आई पी सी की धारा 307, 353, 332, 333, 504, 506 (ii) के तहत सी आर नं. 164/2007 मामला दर्ज किया गया है। अपराधी नरेश उर्फ नारु रघुनाथ धानावडे को इस मामले में दर्ज किया गया है तथा पुलिस भगौडे अपराधी जगदीश ईश्वर पटेल तथा योगेश की तलाश कर रही है। उक्त अपराधी के पूर्ववृत्त की जांच से पता चला है कि उसे लूट और डकैती के कई मामलों में गिरफ्तार किया गया था तथा वह कांडिवली पुलिस स्टेशन के हाल ही के सनसनीखेज मामले में घोषित अपराधी था। वह लूटेरों के इस गैंग का गैंग लीडर था तथा इस गैंग के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। उल्लिखित कृत्यों से यह स्पष्ट है कि सादी वर्दी में सशस्त्र सतर्क पुलिस कार्मिकों का छोटा सा दल अपने कर्तव्य का पालन परिश्रम और सचेतता से कर रहा था तथा वह भी 3 जून, 2007 रविवार की मध्यरात्रि के पश्चात, उन्होंने उल्लिखित घोषित अपराधी तथा उनके साथियों को पकड़ा जोकि कोनकणी पाडा में छुपे हुए थे। ये अपराधी खूंखार हथियारों से लैस थे जिनकी मुम्बई शहर में अपराध करने की निश्चित योजना थी।

इस मुठभेड़ में श्री शांताराम होसलकर, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3 जून, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 148-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. पी. संजय सिंह,
   उप निरीक्षक
2. के. दिनेश कुमार सिंह,
   उप निरीक्षक
3. टी.एच. सुनील सिंह,
   कांस्टेबल
4. एम. इंगोचा सिंह,
   बंदूकधारी
5. टी.एच. हेमन्ता सिंह.
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 10.12.2007 को पूर्वाह्न लगभग 7 बजे एक विशिष्ट विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित संगठन के वाई के एल (कांगलेई यावोल कांनबालुप) का एक समूह, एक वरिष्ठ कैडर के नेतृत्व में, जिनके संबंध में यह जानकारी है कि वे 25.12.2004 को नानग्रेन चिंगलाक में एक उप-निरीक्षक तथा 5 कांस्टेबलों की हत्या करने, 10 ए आर घात में 1 कप्तान रुपिन्द्रदीप तथा उसके 5 जवान कुम्बी में 16.02.2005 को मारने, 19.09.2005 को नागरियान पहाड़ी पर हुई घात में जे सी ओ सहित 5/8 जी आर के 11 कार्मिकों को मारने और 24.02.2007 को खोइरोक में 7 अन्य आई आर बी के कार्मिक घायल करने में संलिप्त है, वे उत्तरी ए.ओ.सी. इम्फाल स्थित होटल सिटी इन में शरण लिए हुए हैं, बिशनपुर कमांडो का एक दल, इम्फाल पश्चिम कमांडो को सूचित करने के पश्चात, उप निरीक्षक पी. संजय सिंह के नेतृत्व में उक्त होटल पर दबिश करने के लिए संगठित किया गया। होटल पहुंचने पर होटल की उचित रूप से घेराबंदी की गई तथा उप निरीक्षक पी. संजय सिंह, उप निरीक्षक के. दिनेश कुमार सिंह, कांस्टेबल टी.एच. सुनील सिंह, बंदूकधारी एम. इनगोचा सिंह तथा कांस्टेबल टी.एच. हेमन्ता सिंह, सभी चेतावनी और सतर्कता के साथ होटल की सीढ़ियां चढ़ने लगे। चूंकि उप निरीक्षक, पी. संजय सिंह, जिनके पीछे बंदूकधारी एम. रंगोचा सिंह तथा कांस्टेबल हेमन्ता सिंह चल रहे थे, उन्होंने युक्तियुक्त तरीके से होटल के प्रत्येक कमरे की तलाशी लेना शुरु किया, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना होटल का कमरा संख्या 202 खोला, दो युवकों ने, जो कमरे के भीतर थे, अचानक अपनी एके-47 आक्रमण राइफल हाथ में ले ली तथा उप निरीक्षक पी. संजय सिंह के दल पर गोली चलाने का प्रयास किया। उसी समय, उप निरीक्षक पी. संजय सिंह, बंदूकधारी एम. इंगोचा सिंह तथा कांस्टेबल टी.एच. हेमन्ता सिंह की युक्तियुक्त कवर गोलीबारी ने अपनी जान की परवाह किए

बिना अडिग निश्चय के साथ कार्रवाई की तथा वे होटल के कमरे के अंदर घुस गए, कमरे में मौजूद दोनों युवकों पर गोलीबारी करने लगे तथा दोनों युवकों को चोट पहुंची तथा उनकी कमरे में ही मृत्यु हो गई। इसी बीच उप निरीक्षक के. दिनेश कुमार सिंह ने जिनके पीछे कांस्टेबल टी.एच. सुनील सिंह, वे होटल की तलाशी लेने के लिए चढ़ रहे थे तब अचानक, एक सशस्त्र कैडर ने दुबारा एस आई, के दिनेश कुमार सिंह तथा दल पर गोलीबारी करने का प्रयास किया। होटल की छत पर अधूरी दिवार की आड़ लेते हुए उप निरीक्षक, के. दिनेश कुमार सिंह तथा कांस्टेबल टी.एच. सुनील सिंह ने असाधारण कर्त्तव्य भावना से ओतप्रोत हो कर, सशस्त्र कैडर द्वारा किए गए प्रयास को असफल करने के लिए जवाब में गोली चलाई जिसके पश्चात उनको गोली की चोट पहुंची तथा होटल की छत पर उसकी मृत्यु हो गई। हलाक उग्रवादियों की बाद में पहचान निम्न के रूप में की गई :-

(1) हमोम फूलिन्द्रो मेतई उर्फ ईटो उर्फ नानओ उर्फ सुनील उर्फ ग्रेट (44) पुत्र एच. खील्म्बा, बिशनपुर ममांग लेकई वार्ड संख्या II,, एस/एस. लेफ्टिनेंट, लाल हबा टेंगोल-I, के वाई के एल फाइटिंग ग्रुप का भी कमांडर, ओ.एन.के. (आप्रेशन न्यू कोग लेईपाक)

(2) थोक चोम विनोद कुमार उर्फ चिंगखेई उर्फ सेती (26) पुत्र ठाकुर रत्न कुमार, कुम्बी अवांग लेईकई, एस/एस सार्जेंट, फाइटिंग कैडर, लालहबा टेंगो-I, के वाई के एल

(3) मुतुम अमु उर्फ देबान (26) पुत्र एम. इबोचा, ओकसू ममांग लेईकई, इम्फाल पूर्व, एम/एस सार्जेन्ट, फाइटिंग कैडर. लालहबा टंगोल-I, के वाई के एल

उनके पास से निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारुद बरामद किए गए:-

(1) एक मैगजीन और 22 जीवित राउन्ड के साथ एक ए के-47 हमलावर राइफल
(2) एक मैगजीन और 3 जीवित राउन्डों के साथ एक 9 एम एम पिस्तौल
(3) एक एच ई .36 हैंड ग्रैनेड

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पी.संजय सिंह, उप निरीक्षक, के. दिनेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक, टी.एच. सुनील सिंह, कांस्टेबल, एम. इंगोचा सिंह, बंदूकधारी तथा टी.एच. .हेमन्ता सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 दिसम्बर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 149-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. निंगोमबम सदानन्द सिंह,
उप निरीक्षक
2. ई. जोय कुमार सिंह,
कांस्टेबल
3. युमनम शरतचन्द्र सिंह,
कांस्टेबल
4. टी. जितेन सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 07.02.2008 को रात्रि लगभग 9.30 बजे एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि कांगलेईपाक काम्युनिस्ट पार्टी (के सी पी), नामक उग्रवादी संगठन के कुछ लडाकू सदस्य अपनी नापाक गतिविधियों जैसे कि जनता से पैसा वसूलने, वाहनों का अपहरण करने, सुरक्षा कार्मिकों पर घात लगाने आदि के लिए म्यांग इम्फाल रोड़ के आस-पास घूम रहे हैं। स्रोत सूचना की प्राप्ति पर उप-निरीक्षक एन.सदानन्द सिंह की कमान्ड के अंतर्गत इम्फाल पश्चिम जिले के कमान्डो का दल आतंकवादियों पर पूर्व-निश्चित हमले हेतु उक्त क्षेत्र में पहुंचे। रात्रि लगभग 10.05 बजे जब कमान्डो दल नारानकोनजिन लामकेई तथा समुरोओ के बीच बाई पास सड़क पर पहुंचे तो कुछ अज्ञात युवकों ने सड़क के दोनों हिस्सों से कमान्डो पर अचानक गोलीबारी करना शुरु कर दिया। पुलिस कमान्डो तत्काल अपने वाहन से कूद पड़े, उन्होंने पुलिस जिप्सी वाहन के निकट मोर्चा संभाला तथा जवाबी कार्रवाई शुरु कर दी। मुठभेड़ के दौरान, अज्ञात युवकों ने कमान्डो पर हथगोले भी फेंके परन्तु भाग्यवश वे लक्ष्य से दूर थे वे सड़क के पश्चिमी किनारे धान के खेत में फटे। उप निरीक्षक सदानन्द ने अपने कार्मिकों नामतः कांस्टेबल वाई.शरतचन्द्र सिंह, कांस्टेबल इलांगबाम जोय कुमार सिंह तथा कांस्टेबल टोंगबराम जितेन सिंह के साथ सहज रूप से तथा युक्तिपूर्वक आगे बढ़ना शुरु किया जो अन्धकार में निरन्तर युवकों की तरफ अपनी ए के राइफलों से गोलीबारी करते हुए कमान्डो पर गोलीबारी कर रहे थे। हालांकि कमान्डो आगे बढ़ रहे थे और उन्होंने उग्रवादियों पर धावा बोल रखा था, फिर भी उग्रवादियों ने अत्याधुनिक हमलावर हथियारों से कमान्डो की तरफ गोलीबारी करना शुरु कर दिया। विपरीत दिशा से निरंतर गोलियों तथा अन्धेरे के कारण विपरीत स्थिति से भयभीत हुए बिना कांस्टेबल ई.जोय कुमार सिंह, एक युवक को मार गिराने में सफल रहे जिसने धान के खेत के निकट सड़क के पश्चिमी हिस्से में मोर्चा संभाल रखा था। युवक की बाद में पहचान (क) संतोष प्रधान (23) पुत्र सोमोरित प्रधान,

22—381 GI/2008

मंत्रीपुखरी, निकट पुखरी अचोबा, इम्फाल, ए/पी काकवा असेम लेईकई, इम्फाल, के सी पी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में की गई। कांस्टेबल टी.जितेन सिंह एक युवक को मार गिराने में सफल रहे जिसने सड़क के पूर्व हिस्से में मोर्चा संभाल रखा था। युवक की बाद में पहचान (ख) खाईदेम बोकेर मेतई (24) पुत्र ख. इबोबी मेतई, काकवा हुईद्रोम लेईकई, के सी पी के खूंखार सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में की गई। इसी बीच उप निरीक्षक एन.सदानन्द सिंह ने कांस्टेबल वाई.शरतचन्द्र सिंह के साथ सड़क के किनारे नाले के साथ-साथ रेंगना शुरु किया तथा हानिप्रद मोर्चे के बावजूद वे अन्य युवक को मार गिराने में सफल रहे जिसने धान के खेत के निकट नाले के पूर्वी हिस्से में मोर्चा संभाल रखा था। युवक की बाद में पहचान (ग) नाओरेम बोबोई मेतई उर्फ बोयनाओ (23) पुत्र एन.इबोहाल, काकवा नाओरेम लेइकई, के सी पी के कोरपोरल के रूप में की गई। यह ग्रुप हाल ही में काकवा बाजार में एक दुकानदार की हत्या के लिए जिम्मेदार था तथा वह वांगगोई गांव के आस-पास लूट-खसोट के नोट बांटने के लिए जिम्मेदार था। तथापि, 4/5 उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए निरन्तर गोलीबारी करते विभिन्न दिशाओं मे भागने में सफल रहे। संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात मुठभेड़ स्थल पर सघन तलाशी ली गई तथा (क) एक 7.65 एम एम स्वचालित पिस्तौल, अमेरिका में निर्मित, 77317 संख्या मेगजीन के साथ तथा चैम्बर में एक जीवित राउन्ड तथा मेगजीन में 7.65 एम एम गोलाबारुद के अन्य जीवित राउन्ड, 7.65 एम एम गोलाबरुद के कुल दो राउन्ड, धान के खेत में पश्चिमी हिस्से के आस-पास उग्रवादी के शव के पास से बरामद किए गए। (ख) सड़क के पूर्वी हिस्से में पाए गए उग्रवादी के शव के पास से डेटोनेअर के साथ एक 36 एच ई हथगोला बरामद किया गया (ग) धान के खेत के पूर्वी हिस्से में पड़े शव के पास से मेगजीन के साथ एक 7.65 एम एम पिस्तौल तथा चैम्बर में एक जीवित राउन्ड तथा मेगजीन में 7.65 एम एम गोलाबारुद के तीन जीवित राउन्ड, 7.65 एम एम गोलाबारुद के कुल चार राउन्ड बरामद किए गए और जांच के पश्चात घटनास्थल से 9 एम एम गोलाबारुद का एक खाली खोल ए के गोलाबारुद के चार खाली खोल बरामद किए गए। इस मामले को आई पी सी की धारा 121/121-ए/307/34,25 (1-सी) शस्त्र अधिनियम की धारा 3/5, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा 16 यू ए (पी) शस्त्र अधिनियम तथा 16 यू ए (पी) शस्त्र अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत वांगगोई पुलिस स्टेशन में एफ आई आर सं. 15 (2) 08 के तहत दर्ज किया गया है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री निंगोमबम सदानन्द सिंह, उप निरीक्षक, ई.जोय कुमार सिंह, कांस्टेबल, युमनम शरतचन्द्र सिंह, कांस्टेबल, टी.जितेन सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 फरवरी, 2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 150-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. आई. खाबा सिंह,
   जमादार
2. एल. रामेश्वर सिंह,
   हवलदार
3. एम. अकाटोन सिंह,
   बंदूकधारी
4. टी एच. दीलिप सिंह,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 18.01.2008 को लगभग 10.30 बजे कमान्डो यूनिट इम्फाल पूर्वी जिले के जमादार आई. खाबा सिंह को थारोईजम मानिंग लेइकई, पास्तसोई, इम्फाल पश्चिम के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादी गुट कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (मिलिटरी परिषद) से संबंधित सशस्त्र उग्रवादियों के समूह की उपस्थिति के बारे में अपने स्रोत से बहुत ही विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य सूचना प्राप्त हुई। जमादार आई. खाबा सिंह ने तत्काल इम्फाल पूर्वी जिले के कमांडो यूनिट के ओ.सी. इन्सपेक्टर मनिहार सिंह को सूचित किया, जिन्होंने कमांडो की चार टीमें गठित कीं अर्थात् टीमें जिनका नेतृत्व (1) निरीक्षक श्री मनिहार सिंह (2) जमादार आई.खाबा सिंह (3) उप निरीक्षक पी. जॉन सिंह डी सी ओ यूनिट, पश्चिम तथा (4) हवलदार एल. रामेश्वर सिंह कर रहे थे। संगठित टीम ने ब्रीफिंग ओर योजना बनाने के पश्चात, बिना कोई समय गंवाए, अभियान चलाने के लिए उक्त क्षेत्र की तरफ प्रस्थान किया। लगभग 1105 बजे क्षेत्र में पहुंचने के पश्चात जमादार आई खाबा सिंह तथा हवलदार एल.रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में टीमें सीधे संदिग्ध घर पर पहुंची, इंस्पेक्टर मनिहार सिंह और एस.आई. पी. जोन सिंह के नेतृत्व वाले दल ने घिसट कर आगे बढ़ते हुए समीपस्थ घरों सहित आस-पास के क्षेत्र में घेरा डाल दिया। इस प्रकार जब जमादार आई खाबा सिंह अपनी टीम के साथ उस घर की तरफ बढ़ रहे थे, तीन अज्ञात युवकों को बहुत ही संदिग्ध तरीके से घरों के पिछले हिस्से से भागते हुए देखा गया। हवलदार एल. रामेश्वर सिंह और बंदूकधारी एम. अकाटन सिंह ने चिल्ला कर उनको रुकने के लिए कहा। तथापि, युवकों ने रुकने की बजाय कमांडो की तरफ गोली चलाना शुरु कर दिया तथा वे विभिन्न दिशाओं में भागने लगे। पुलिस अधिकारी और कार्मिक हक्के-बक्के रह गए क्योंकि उग्रवादी स्थानीय लोगों के बीच गोलीबारी कर रहे थे। तथापि, अधिकारियों और कार्मिक कुछ ही पल में पुनः संगठित हो गए तथा उचित सावधानी बरतने के पश्चात उसी समय गोली चलाते हुए उनका पीछा करना शुरु कर दिया जिससे कि उनको भागने से रोका जा सके। इस प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद हवलदार एल. रामेश्वर

अपनी ऊंगली में ए के राइफल का ट्रिगर पकड़े रहे तथा बंदूकधारी अकाटन ने दोनों तरफ से उसको कवरेज उपलब्ध करवाई। जबकि बंदूकधारी अकाटन निरन्तर पीछे से कवर कर रहे थे, हवलदार रामेश्वर आगे बढ़े, जैसे ही उन्होंने एक उग्रवादी को छोटे शस्त्र से अपनी तरफ गोली चलाते हुए देखा उन्होंने तत्काल गोली चलाई तथा एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार दिया। मृतक की बाद में पहचान नोंगथोमवम दिनेश्वर सिंह, 23 वर्ष, पुत्र एन.जुगेश्वर सिंह, सेनजाम चिरंग, पुलिस स्टेशन सेकामी, स्वंयभू कोरपोल, यू जी गुट, कंगलापेई पाक काम्यूनिस्ट पार्टी (एम सी) के रूप में की गई। शव के पास से छः जीवित राउन्ड वाली एक मेगजीन के साथ 'पेट्रो बेराटा' के रूप में चिन्हित एक 9 एम एम पिस्तौल तथा 9 एम एम गोला बारुद के 5 खाली कारतूस बरामद किए गए। दूसरी तरफ जमादार आई. खाबा सिंह तथा कांस्टेबल ठाकुर दीलिप सिंह, दोनों ने ए के राइफल पकड़े हुए हवलदार रामेश्वर की टीम के साथ निकट समन्वय से जो उग्रवादियों का पीछा कर रहे थे तथा ईंट की दीवार के दूसरे छोर पर मोर्चा संभालते हुए दो उग्रवादियों को देखा, एक जिसके पास छोटा शस्त्र था, निरन्तर पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर रहा था। लगभग 5/6 मिनट तक शान्ति छाई रही। तब अचानक सशस्त्र उग्रवादियों ने पुनः पुलिस पार्टी पर निरन्तर गोलीबारी करना शुरु कर दिया। जमादार खाबा सिंह तथा कांस्टेबल दीलिप सिंह ने अपनी जान जोखिम में डालकर अधिकतम सावधानी बरतते हुए गोलीबारी करने वाले उग्रवादियों पर धावा बोल दिया और उनकी गोलीबारी का जवाब दिया जिसके परिणामस्वरुप उनमें से दो उग्रवादी मारे गए जिनकी बाद में पहचान (1) हेई सनाम इनओबा सिंह, 34 वर्ष पुत्र (1) एच. चाओबा सिंह सनजाम चिरंग, स्वयंभू सार्जेन्ट मेजर, गैर कानूनी यू जी गुट के सी पी (एम सी) के रूप में की गई। शव के पास से 4 जीवित राउन्डों के साथ लोड हुई 9 एम एम की एक पिस्तौल तथा 9 एम एम गोलाबारुद के 4 कारतूस बरामद किए गए तथा (2) श्री दरंगम, 18 वर्ष पुत्र बेंजामीन, थमना पोकपी, लामकंग (पालेल के निकट), लिवा चानिंग गांव, स्वंयभू कोरपोरल उसी यू जी गुट अर्थात् के सी पी (एम सी) के रूप में की गई। बाकी भाग गए। इसे आई पी सी की धारा 121/121-ए, 307 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 16 यू ए (पी) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (I-सी ओ) के तहत एफ आई आर सं. 7(1) (8) पी एस आई – पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया। घटनास्थल की और तलाशी के दौरान घटनास्थल से ए के हमलावार राइफल के 11 खाली कारतूस बरामद किए गए। मामले की जांच के दौरान यह रहस्योदघाठन हुआ कि मुठभेड़ में मारे गए सभी तीनों उग्रवादी सरकारी अधिकारी/सिविलयन नामतः (1) चानामबाम निंगोल साई खोम ओनई रशेशोरी देवी, 52 वर्ष, पत्नी (एल) एस. ब्रजगोपाल सिंह, हबाम मारक केशमलेईकई की 14.11.2007 को उनके कार्यालय अर्थात् आई सी डी एस परियोजना, मोईरांग में जघन्य हत्या के अपराध में संलिप्त थे। यह मामला मायंग पुलिस स्टेशन में एफ आई आर सं. 184(11)07 के अन्तर्गत दर्ज है, और वे (2) दिनांक 1.1.2008 को श्री मायूम संतोष शर्मा, 44 वर्ष, सुपुत्र इबोटोम्बी शर्मा (टैंथ खांगबल का सरकारी ठेकेदार) की जघन्य हत्या के अपराध में भी शामिल थे। इम्फाल पुलिस स्टेशन में एफ आई आर सं. 1(1) 08 के रुप में दर्ज है। सशस्त्र उग्रवादियों की भारी ओर अचानक की गई गोलीबारी में अपनी जान को जोखिम में डालने के बावजूद जमादार आई खाबा सिंह और हवलदार एल. रामेश्वर सिंह की कमांड में पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों ने तथा उनके सिपाहियों ने पेशेवर साहस और बहादुरी के साथ प्रतिक्रिया की जिसके परिणामस्वरुप कंगलईपाक काम्युनिस्ट पार्टी (एम सी) के 3 खूंखार सदस्य मारे गए तथा उनके पास से जीवित गोलाबारुद के 10 राउन्ड के साथ 2(दो) पिस्तौल तथा 9 एम एम गोला बारुद के 11 खाली खोलों के साथ तथा के.सी. मीतेई, जिला कमान्डर द्वारा हस्ताक्षरित 4 मांग पत्र बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री आई.खाबा सिंह, जमादार, एल. रामेश्वर सिंह, हवलदार, एम. अकाटोन सिंह, बंदूकधारी, टी एच. दिलीप सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 जनवरी, 2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 151-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1.	के. बोबी उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	एम. प्रेम कुमार सिंह हैड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	वाई. शरतचन्द्र सिंह कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4.	एल. नाबा सिंह कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 24.4.2008 को शाम 5.05 बजे के आसपास, आन्तरिक सुरक्षा ग्रुप की पूर्वी कमान (ई सी आ.ई एस जी) के आसूचना नेटवर्क से सरकारी अधिकारियों इत्यादि के अपहरण संबंधी विनाशक गतिविधियाँ करने के उद्देश्य से नेशनल गेम्स गांव, लंगोई के आसपास घाटी आधारित कुछ भूमिगत तत्वों की उपस्थिति के संबंध में, एक विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना के मिलने पर, उप-निरीक्षक के. बोबी की कमान के अधीन पश्चिमी इम्फाल जिला के कमाडों की एक टीम भूमिगत तत्वों को पकड़ने के लिए वहां गई। कमांडों ने दूसरे शंघाई होम गेम वीलेज (रोड क्रोसिंग क्षेत्र) के दक्षिण में लगभग 50 मीटर पर एक स्थान पर पहुंच कर अपने वाहनों को वहां रोक लिया तथा वहां से आने-जाने वालों की जामा-तलाशी/जांच-पड़ताल की। जब कमांडों पूरे क्षेत्र में गहन चौकसी एवं निगरानी रखने के लिए जामा-तलाशी/जांच-पड़ताल कर रहे थे, तब लगभग शाम 5.20 बजे आस-पास तीन अज्ञात युवक इरोइशेम्बा गांव अर्थात पश्चिमी दिशा से पहाड़ी की तलहटी में सड़क से स्कूटर पर सवार होकर आ रहे थे। एक स्कूटर पर तीन युवकों की संदिग्ध गतिविधियों को देखने पर, उप निरीक्षक बोबी ने उन्हें जांच के लिए रोकने को कहा। तथापि, उन्होंने रुकने की बजाय, पीछे बैठे दो युवकों ने कमांडों की तरफ छोटे हथियारों से तुरंत गोलीबारी शुरु कर दी। उसी समय, वे स्कूटर से कूद गए, पोजीशन ले ली और कमांडों की तरफ लगातार गोलीबारी करते रहे। कमांडों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। एक आतंकवादी (जो पीछे बैठा हुआ था) ने गोलीबारी का सहारा लेते हुए पहाड़ी की तलहटी के नाले के बगल में स्थिति ले ली जिसका

कांस्टेबल वाई. शरतचन्द्र सिंह की सहायता से एस.आई. बोबी ने सामना किया। कामंडों ने अपने कवर के लिए मुश्किल से उपयुक्त क्षेत्र ढूंढा। तथापि, दृढ़ निश्चय से एस.आई. बोबी और कांस्टेबल शरतचन्द्र ने जोरदार पीछा किया और मुठभेड़ में युवक पर हमला बोला। मुठभेड़ के बीच में, दूसरा युवक (जो आगे बैठा हुआ) भी दायीं तरफ से उसी नाले में कूदा और मुठभेड़ में अपने साथी की सहायता के लिए आया। तभी दोनों अज्ञात युवक छोटे हथियारों के साथ नाले के अंदर दिखाई पड़े, एस.आई. बोबी, हैड कांस्टेबल प्रेम कुमार सिंह, कांस्टेबल शरतचंद्र और कांस्टेबल एल. नाबा ने तुरंत गोलीबारी की और उन दोनों को मौके पर ही मार गिराया। मुठभेड़ 10-15 मिनट तक चली, जब वहां शान्ति हुई तब कमांडों ने पूरे क्षेत्र की तलाशी ली। दोनों पीछे बैठे हुए युवक गोली लगने से मृत पाए गए। एक 9 एम एम पिस्तौल दो जिन्दा राउंद, एक जिन्दा राउन्द इसके चेम्बर में और एक जिन्दा राउंद मेगजीन में पाया गया जो कि सबसे पीछे बैठे युवक के शव की दायीं तरफ पड़ा था। एक लैदर का थैला शव की पीछली जेब में पाया गया जिसमें 'वित्त विभाग का कार्यालय' 'पी यु एल एफ' के नाम से नगदी की रसीद प्राप्त की गई। जिसकी बाद में पहचान मो. लेहमुडींग उर्फ इथम (25) पुत्र (स्व.) मो. अस्पतुल्हा, चंगमडावी कंगला उकोक, वेरीपोक के रूप में हुई जो कि भूमिगत गुट पी यू एल एफ का कट्टर सदस्य था। दो जिन्दा राउंदो – एक जिन्दा राउंद उसके चेम्बर में और एक जिन्दा राउंद मैगजीन से भरी एक 9 एम एम पिस्तौल बीच में बैठे युवक के शव से भी प्राप्त हुई जो कि नाले के अंदर सबसे पीछे बैठे युवक के शव की दायीं तरफ 15/16 फुट की दूरी पर पड़ी हुई थी। जिसकी बाद में पहचान मो. आजाद खान (34) पुत्र मो. अब्दूर रहमान, चंगमबाडी कंगला उकोक, येरीपोक, पी यू एल एफ के कट्टर कार्यक्रता के रूप में हुई। स्कुटर चला रहा तीसरा युवक, जो बार-बार चेतावनी देने के बाद भी पुलिस के जाल से बचने के लिए इधर-उधर दौड़ रहा था, भी गोलीबारी से घायल हुआ और वह चोट लगाने से मारा गया। जिसकी बाद में पहचान मो. दारुश खान (25) पुत्र मो. सन्यैमा, चंगमबाड़ी कंगला युकोक, येरीपोक के रूप में हुई जो पी यू एल एफ का सदस्य भी था। इस मामले को एल पी एल पुलिस स्टेशन में आई पी सी की धारा 307/384/34/400 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-बी) के तहत एफ आई आर सं. 45(4) 08 दर्ज किया गया। इस प्रकार, उक्त मुठभेड़ में, भूमिगत गुट पी यू एल एफ के तीन सदस्यों को, हथियार और गोलाबारुद (दो 9) एम एम पिस्तौल और 9 एम एम (गोलाबारुद) के चार जिन्दा राउंद और कुछ अभिशंसित दस्तावेजों की बरामदगी के साथ, मारा गया। आतंकवादी सरकारी अधिकारियों और व्यापारियों से जबरन धन वूसली में संलिप्त था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री के. बोबी, उप निरीक्षक, एम. प्रेमकुमार सिंह, हैड कांस्टेबल, वाई. शरतचन्द्र सिंह, कांस्टेबल और एल. नाबा सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक/पुलिस पदक के प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 अप्रैल, 2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 152-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. टी.एच. फूलचंद्र,
   सहायक उप निरीक्षक
2. लेशराम सुरचन्द्र सिंह,
   राइफलमैन
3. युमनम रोबिश कुमार सिंह,
   राइफलमैन
4. नोरेम बुद्धा सिंह,
   राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 23.4.2008 की शाम को लगभग 5 बजे वाखा पहाड़ी क्षेत्र के आसपास सशस्त्र उग्रवादियों के एक शक्तिशालनी ग्रुप द्वारा कैम्प लगाने की विश्वसनीय और कार्रवाई करने योग्य सूचना मिलने पर, पूर्वी इम्फाल जिले के कमांडों और 32-असम राईफल्स की टुकड़ी की एक संयुक्त टीम उचित योजना और ब्रीफिंग के बाद उस क्षेत्र में पहुंची। कमांडों और सुरक्षा बलों ने दूर-दराज, एकांत और घुसपैठ से आशंकित गांवों के कारण पहाड़ी क्षेत्र को कवर करने के लिए अत्यधिक सावधानी बरती। संयुक्त टीम क्षेत्री बेंगुन गांव पहुंची और नदी के पूर्वी किनारे के साथ-साथ दक्षिण में आधा कि.मी. चलने के बाद बायें मुड़ी और बरौनी पहाड़ी से लगी वाखा पहाड़ी की ओर गांव वाली सड़क के साथ-साथ पूर्व की तरफ चली। तब संयुक्त टीम वाखा पहाड़ी (जो कि एकांत क्षेत्र है और उसके बायीं तरफ धान की खेती और दक्षिण की तरफ चट्टान है) की तलहटी की ओर गांव की सड़क के साथ-साथ लगभग 3 कि.मी. चलने के बाद, क्षेत्र को व्यापक रूप से कवर करने के लिए रणनीतिक रूप से दो भागों में बंट गई – असम राईफल्स के कार्मिक दायीं तरफ मुड़े और वाखा पहाड़ी के दक्षिण की ओर चले जबकि ए एस आई फूलचन्द्र की कमान के अधीन कमांडों वाखा पहाड़ी श्रेणी के उत्तर की ओर उसी रास्ते के साथ-साथ आगे बढ़े। कमांडों को तलहटी क्षेत्र में लगभग आधा कि.मी. चलने के बाद रेशम उत्पादन परियोजना के अन्तर्गत 4/5 झोपड़ीया बनी दिखाई दी। इस प्रकार, जब कमांडों इन झोपिड़यों के नजदीक पहुंचे, तब इन झोपड़ियों के नजदीक कुछ संदिग्ध युवक दिखाई दिए। ए एस आई फूलचन्द्र ने अपने कार्मिकों को सचेत कर दिया और तदनुसार वे झोपिड़यों की तरफ सावधानी से आगे बढ़े। 70/80 फीट की दूरी पर कमांडों अपने वाहनों से कूदे और युवकों को जांच के लिए रोका। तभी कुछ ओर युवक झोंपड़ियों से बाहर आए और उन्होंने कमांडों पर दो दिशाओं से दक्षिणी पहाड़ी की तरफ से और उतरी धान की खेती की तरफ से भारी गोलीबारी शुरु कर दी। तलहटी क्षेत्र के चारों ओर झाड़ियों और असमतल तल ने उग्रवादियों के शरीर को कवर देने के लिए फायदे की स्थिति प्रदान की। दूसरी तरफ कमांडों को अपने कवर के लिए सड़क पर मुश्किल से ही कोई स्थान मिल सका। प्रतिकूल स्थिति का सामना करने के बावजूद, ए एस आई फूलचन्द्र सिंह की प्रभावी कमान

के अधीन कमांडों जमीन पर झुक गए और उन्होंने हथियारों से सुसज्जित उग्रवादियों को जवाब देने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी की। सही अवसर पाकर, राइफलमैन एल सुरचन्द्र सिंह उत्तर की ओर धान की फसल के नीचले क्षेत्र की ओर गया और घनी झाड़ियों के पीछे से उसने झोपड़ियों की ओर गोलीबारी शुरु की जहां से उगव्रादी गोलीबारी कर रहे थे। ए एस आई फूलचन्द्र ने इस कवर का फायदा उठाया और उनमें से एक झोपड़ी (अर्थात पहली झोपड़ी) के नजदीक जाने के लिए आगे बढ़े। तथापि, पहाड़ी की तरफ से भारी गोलीबारी होने के कारण, वह मुश्किल से झोपड़ी के नजदीक पहुंचे। एक क्षण ए एस आई फूलचन्द्र पीछे की ओर झुके तथा राइफलमैन एल सुरचन्द्र के बगल में निचले क्षेत्र में कूद गए और उन्होंने भी घनी झाड़ियों के पीछे से गोलीबारी शुरु कर दी। दूसरी तरफ राइफलमैन एन. बुद्धा सिंह और राइफलमैन वाई रोबिश कुमार सिंह भी, दूसरी तरफ से हो रही भारी गोलीबारी का सामना करते हुए, रेंगकर आगे बढ़ते हुए दूसरी झोपड़ी के पूर्वोत्तर कोने के नजदीक पहुंचने में सफल हुए। उन दोनों ने झोपड़ी की उत्तरी दीवार के पीछे से कवर लेते हुए, खुली खिड़कियों से गोलीबारी शुरु कर दी। झोपड़ियों के अंदर छिपे उग्रवादी कमांडों द्वारा जबरदस्त पीछा करने का सामना न कर पाने के कारण, बचने के लिए निकलकर भागने का प्रयास करने लगे। इस नाजुक स्थिति पर, ए एस आई फूलचन्द्र और राइफलमैन एल सुरचन्द्र झाड़ियों के पीछे से कूदे और सामने वाले दरवाजे से भागने वाले उग्रवादियों पर आक्रमण किया तथा एक उग्रवादी को मारने में सफल हुए जिसकी बाद में पहचान पेचीमायुम अजीतकुमार उर्फ ननाओ उर्फ नोंगथरई (27) पुत्र पी अचाऊ सिंह, खोंघाम्पत अवांग लैकई, भूमिगत गुट पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पी एल ए) का स्वयं भू नायक के रूप में हुई। उसके शव के पास से छः जिन्दा राउंदों से भरी एक ए के-56 राईफल बरामद हुई। इस प्रकार, जब ए एस आई फूलचन्द्र और राइफलमैन सुरचन्द्र के आक्रमण से सामने वाला दरवाजा बंद हो गया था, तब एक उग्रवादी झोपड़ी से बाहर नहीं जा सका। उसी क्षण, राइफलमैन एन. बुद्धा सिंह और राईफलमैन वाई. रोबिश कुमार सिंह ने झोपड़ी की उत्तरी खिड़की से उस पर गोलीबारी की, जहां वह उग्रवादी 9 एम एम की पिस्तौल (चार जिन्दा राउदों से भरी) के साथ मारा गया। जिसकी बाद में पहचान खंगेन मनयुम कोमल सिंह (23) पुत्र थोई सिंह, निवासी संजेनबाम सबल लैकई, भूमिगत गुट पी एल ए (स्वयं भू रैंक) के कट्टर सदस्य के रूप में हुई। दोनों को मारने के बाद भी, बाकि उग्रवादी 6/7 की संख्या के लगभग जो पहाड़ी पर फैले हुए थे, लगातार गोलीबारी कर रहे थे और कमांडो भी जवाबी गोलीबारी कर रहे थे, इस प्रकार 7 मिनट तक मुठभेड़ चली। उग्रवादी झुक गए और पहाड़ी के घने जंगल से बचकर भाग गए। इसी बीच, असम राईफल्स कार्मिक भी इस क्षेत्र में आ गए और इस प्रकार, संयुक्त टीम ने अगले आधा घंटे तक लगातार तलाशी अभियान जारी रखा। परन्तु, अंधेरे के कारण, आपरेशन में आगे कोई खास कामयाबी नहीं मिली। उक्त मुठभेड़ में, कमांडों कार्मिक अदम्य साहस, उच्चकोटि की वीरता से दो सशस्त्र उग्रवादियों को माने में सफल हुए और वहां से शस्त्र और गोलाबारुद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री टी.एच. फूलचन्द्र, सहायक उप निरीक्षक, लेशराम सुरचन्द्र सिंह, राइफलमैन, युमनाम रोबिश कुमार सिंह, राइफलमैन और नोरेम बुद्धा सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 अप्रैल, 2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 153-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री ब्रह्मपाल सिंह राणा,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 22/09/2007 को रमजान के पवित्र महीने के दौरान जामिया नगर के क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाने की और बाद में कुरान को अपवित्र किए जाने की अफवाह उड़ने से स्थानीय लोगों में गुस्सा फूट गया और अंततः गुस्साई भीड़ ने जामिया नगर पुलिस पोस्ट को घेर लिया। भीड़ पुलिस पोस्ट को नष्ट करने और पुलिस अधिकारियों को मारने के लिए आगे बढ़ी। निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह राणा जब ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में उपस्थित थे तब उन्हें शाम को 7.56 बजे के आसपास वायरलैस सेट से घटना के बारे में संदेश मिला कि न्यू फ्रेन्डस कालोनी के अंतर्गत जामिया नगर पुलिस पोस्ट पर 400/500 व्यक्ति इकट्ठा हो रखे हैं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उन्होंने पहल करते हुए तथा अपनी ड्यूटी से उपर उठकर वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के आने से पहले ही अपनी सरकारी जिप्सी में उपलब्ध स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे गए। वह तुरंत वहां पहुंचे और उन्होंने पुलिस पोस्ट के चारों तरफ 400/500 व्यक्तियों की भीड़ को देखा। अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए और अपनी जान की परवाह न करते हुए वह आगे आए और उन्होंने गुस्साई भीड को शांत करने एवं तितर-बितर करने के सभी प्रयास किए। लेकिन गुस्साई भीड़ उस समय कुछ भी सुनने के लिए तैयार नहीं थी और उसने जामिया नगर पुलिस पोस्ट एवं उनकी सरकारी जिप्सी सहित पुलिस वाहनों में आग लगा दी। पुलिस अधिकारी जलती हुई पुलिस पोस्ट के अंदर फंस गए। बेकाबू भीड़ को तितर बितर करने एवं साथी पुलिस वालों को बचाने के संबंध में उन्होंने स्थिति का वीरता से सामना किया और यह जानते हुए भी कि कम बल तथा उपलब्ध अल्प गोलाबारुद के साथ इतनी ज्यादा भीड़ के सामने लम्बे समय तक टिकना मुश्किल है उन्होंने गोलीबारी शुरु कर दी। तथापि वह 1000/1500 व्यक्तियों की उत्तेजित भीड का बहादुरी से विरोध करते रहे और घायल पुलिस अधिकारियों को बचाने में सफल रहे। वह भीड की तरफ आगे बढ़ते हुए हवा में तब तक गोलीबारी करते रहे जब तक कि उनकी सरकारी 9 एम एम पिस्तौल खाली नहीं हुई ओर वे भीड़ को एक एक तरफ करने में सफल रहे। उन्होंने भीड़ को तितर बितर करने के लिए 14 अश्रु गैस के गोले भी छोड़े।

पूरी घटना में वह अपने कई पुलिस अधिकारियों सहित बुरी तरह घायल हो गए लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पुलिस पोस्ट को भीड़ से बचाया । अत्यधिक जिम्मेवारी एवं ड्युटी के प्रति समर्पण तथा अदम्य साहस से तुरंत कार्रवाई का उदाहरण पेश करते हुए उन्होंने कई पुलिस अधिकारियों की जाने तथा सरकारी सम्पत्ति की रक्षा की । उनकी साहसिक एवं प्रशसंनीय वीरता की मीडिया ने काफी सराहना की जिससे पुलिस बल का हौसला बढा । यह उनकी सही समय पर की गई तुरंत कार्रवाई का ही नतीजा था कि एक ऐसी बड़ी दुर्घटना को होने से बचाया जा सका, जो कि सम्प्रदायिक तनाव का रुप लेते हुए एक जनसंहार में बदल सकती थी।

इस मुठभेड़ में श्री ब्रह्मपाल सिंह राणा, निरीक्षक ने असाधारण शौर्य , अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

24—381 GI/2008

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 सितम्बर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 154-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री सुंदर लाल
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

पिछले कुछ दिनों के दौरान दिल्ली में झपटमारी और लूटमार की कई घटनाएं दर्ज हुई हैं। अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपराधियों को पहचानने तथा पकडने के लिए टीमें तैनात की गई। सूचना मिली कि जेल से छूटने पर कुख्यात एवं निर्भीक अपराधी दीवानचंद उर्फ लाला अपने साथी प्रीतपाल सिंह उर्फ गोल्डी निवासी उत्तमनगर के साथ दिल्ली में झपटमारी कर रहे हैं। इस सूचना को और विकसित किया गया । 21/09/2006 को शाम 2.30 बजे के आसपास गुप्त सूचना के आधार पर , प्रीतपाल सिंह उर्फ गोल्डी उर्फ सोनू पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी सी -49 , मोहन गार्डन , उत्तम नगर, दिल्ली, उम्र लगभग 21 साल को पकड़ लिया गया तब उसके पास ४ जिन्दा कारतूसों सहित 12 बोर की एक पिस्तौल और चुराई गई एक मोटरसाइकिल थी। विकास मलिक पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी एफ-180 , लाडो सराय, महरौली , नई दिल्ली को भी गिरफ्तार किया गया। विशिष्ट सेल पुलिस स्टेशन में कानून की उपयुक्त धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया और जांच पड़ताल की गई। विकास मलिक को सी आर पी सी की धारा 41.1 के तहत गिरफ्तार किया गया क्योंकि वह पी एस मालवीय नगर, दिल्ली के एक आक्रमण मामले में वांछित था। अभियुक्त प्रीतपाल सिंह उर्फ गोलडी उर्फ सोनू से गहन पूछताछ की गई। उसने बताया कि उनका .गैंग लीडर दीवान चंद उर्फ लाला एक चेन बेचने गया है और वे उन्हें मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली के नजदीक एन डी पी एल कार्यालय पर मिलेंगे। उसने आगे बताया कि दीवान चंद उर्फ लाला काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल संख्या डी एल 6 एस जेड 0624 पर आएगा और उसके पास एक पिस्तौल भी है। अभियुक्त प्रीतपाल सिंह उर्फ गोल्डी उर्फ सोनू के बताने के आधार पर मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली के नजदीक एन डी पी एल कार्यालय के आसपास जाल बिछाया गया। शाम 10.30 बजे के आसपास अभियुक्त दीवान चंद उर्फ लाला उक्त मोटर साईकिल पर आया और मोटर साइकिल को एन डी पी एल कार्यालय तथा औद्योगिक क्षेत्र मंगोलपुरी , दिल्ली के बीच सर्विस रोड पर खड़ा कर दिया। श्री संजीव यादव ए सी पी के नेतृत्व में टीम ने उससे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन बचने के चक्कर में उसने भागना शुरु कर दिया तथा साथ ही पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने आत्म रक्षा और उसे पकड़ने के लिए जवाबी गोलीबारी की। 15-20 मिनट के बाद जब गैंगस्टर की तरफ से गोलीबारी रुकी तब पुलिस पार्टी सावधानीपूर्वक उसके पास पहुंची और दीवानचंद उर्फ लाला को घायलवास्था में पाया। एक 9 एम एम पिस्तौल उसके कब्जे से बरामद की गई। घायल अपराधी को तुंरत होस्पीटल ले जाया गया, जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान दीवानचंद उर्फ लाला की गैंग के 3 अन्य साथी नामतः 1.

योगेश कुमार उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र रघुवीर सिंह निवासी सी 44/237 गली संख्या 13 , सुदामापुरी भाग-11 , गामड़ी , भजनपुरा , दिल्ली (साथी) 2. राजकुमार उर्फ राम जाने पुत्र स्व. जीवन लाल निवासी सी -1822 , जहांगीर पुरी, दिल्ली (साथी) और 3. विनोद कुमार शर्मा पुत्र कृष्ण लाल शर्मा निवासी के -195 शकुरपुर जे जे कालोनी दिल्ली (जौहरी) को गिरफ्तार किया गया और झपटी गई सोने की 12 चैन बरामद की गई।

अधिकारी की व्यक्तिगत भूमिका

कांस्टेबल सुंदरलाल-21/09/2006 को जब मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली के नजदीक एन डी पी एल कार्यालय के आस पास जाल बिछाया जा रहा था तब कांस्टेबल सुंदरलाल एन डी पी एल की दीवार की तरफ सर्विस रोड के काने पर स्थित था। शाम 1.30 बजे के लगभग अभियुक्त दीवनाचंद उर्फ लाला मोटरसाइकिल पर आया और मोटरसाइकिल को एन डी पी एल कार्यालय तथा मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र , दिल्ली के बीच सर्विस रोड पर खड़ा किया। दीवाचंद उर्फ लाला को समर्पण के लिए कहा गया परन्तु बचने के चक्कर में उसने भागना शुरु कर दिया और पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल सुंदरलाल , दीवाचंद उर्फ लाला द्वारा खड़ी की गई मोटरसाइकिल के स्थान के नजदीक स्थिति लिए हुए थे। उन्होंने बहादुरी से गैंगस्टर का सामना किया, जबकि वह दुर्दांत गैंगस्टर की गोलीबारी की सीधी रेंज में थे। अपनी जिन्दगी की परवाह न करते हुए और प्रशंसनीय पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए कांस्टेबल सुंदरलाल तुरंत गैंगस्टर के नजदीक पहुंच गए। जब दीवानचंद उर्फ लाला सर्विस रोड पर एन डी पी एल की दीवार की तरफ भागा तब कांस्टेबल सुंदरलाल ने उसे दीवार की तरफ जाने से रोका और अपनी सुरक्षा के लिए कोई कवर न होते हुए भी गैंगस्टर के नजदीक पहुंच गए, बहादुरी से उसका सामना किया और उसको दीवार के पास जाने से रोका। अपनी आत्मरक्षा और गैंगस्टर को पकड़ने के संबंध में कांस्टेबल सुंदरलाल सिंह ने भी जवाबी गोलीबारी की। उन्होंने अपनी सर्विस पिस्तौल से ३ राउंड गोली दागी और दुर्दांत गैंगस्टर को मारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मुठभेड़ में श्री सुंदरलाल, कांस्टेबल ने असाधारण शौर्य , अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21 सितम्बर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 155-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, तमिलनाडु पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री एस आर जंगीड,
पुलिस महानिरीक्षक/अतिरिक्त पुलिस आयुक्त

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

नब्बे वें दशक के अंत के दौरान कुछेक बदमाशों ने जघन्य अपराध करके चेन्नई शहर में विध्वंस मचा रखा था और शांति भंग कर रखी थी। अपराधी गैंग में रवि उर्फ बैलई रवि पुत्र एस पी सेमी वीयासरपाडी, चेन्नई एक दुर्दांत अपराधी था जो कि निर्दयी और क्रूर था। उसका अपराध भरा रिकार्ड था जो 5 घृणाजनक हत्याएं और हत्या के प्रयास , अपहरण और व्यपहरण, जबरन धन वसूली गंभीर चोट और डराना इत्यादि के 16 मामलों में शामिल था तथा गुंडा अधिनियम (तमिलनाडु अधिनियम 14/1982) के तहत 5 बार गिरफ्तार हुआ था। उसने अपने साथियों के साथ सभी सीमाओं को तोड़ते हुए इस तरह का आतंक फैला रखा था कि चैन्नई शहर के लोगों को सपने में दिखता था। उसकी जघन्य गतिविधियां और नृशंसता वर्ष 2007 के शुरु में ही चरम पर थीं। 22/5/2007 को उसने अपने गैंग के साथियों के साथ राजकुमार नाम के व्यक्ति का अपहरण कर लिया और 60 लाख रुपये की फिरौती लेने के बाद छोड़ दिया और फरार हो गया। पुलिस आयुक्त ने श्री संग्राम जंगीड़, सक्रिय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, चैन्नई शहर के नेतृत्व में चैन्नई शहर के चारों ओर हुडदंग और गुंडागर्दी को खत्म करने के उद्देश्य से एक विशेष टीम का गठन किया। 1/8/2007 को श्री जंगीड को कृष्णागिरी जिले के बंगलूर क्षेत्र में वैलई रवि के बारे में और उसके द्वारा 1.5 करोड़ की फिरोती के लिए होसुर के पूर्व एम एल ए श्री वेंकटासेमी के अपहरण की योजना के बारे में पता चला। श्री जंगीड तुरंत वहां पहुचे और उस क्षेत्र को घेरने के लिए अपनी टीम के सदस्यों को तैनात किया। 17.45 बजे के आस पास जब श्री जंगीड अपनी टीम के सदस्यों के साथ उनको समर्पण की चेतावनी देते हुए उनके पीछे भागे, वैलई रवि और उसके सहयोगियों ने पुलिस टीम पर पेट्रोल बम्ब फेंके और गोलीबारी शुरु कर दी जिससे श्री जंगीड के बाएं हाथ में चोट लगी लेकिन ईश्वर की दया से वे बच गए ।

श्री जंगीड ने महसूस किया कि या तो स्वयं या फिर उसकी टीम का कोई सदस्य अपराधियों की गोलीबारी से मारा जा सकता है इसलिए अपनी आत्मरक्षा में अपनी पिस्तौल से उन्होंने जवाबी गोलीबारी की। कुछ मिनट तक गोलीबारी होने के दौरान श्री जंगीड ने अपनी सर्विस पिस्तौल से 6 राउंड गोलीबारी की इस पर वेलई रवि और अन्य अपराधी नामत: गुना उर्फ गुनासकरन चौटिल होने के कारण जमीन पर गिर पड़े और उसके तीन साथी अपनी बन्दूक लेकर जंगल का फायदा उठाते हुए पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करने लगे। जबकि वैलई रवि के पास से देशी रिवाल्वर और गुना के पास से एस बी एम एल बंदूक मिली। दोनों को होस्पीटल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। वैलई रवि और उसके साथियों के मरने के बाद चैन्नई शहर के लोगों ने राहत की सांस ली।

इस मुठभेड़ में श्री एस आर जंगीड, पुलिस महानिरीक्षक/अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने असाधारण शौर्य , अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 अगस्त, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 156-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. रघुबीर लाल,
   पुलिस अधीक्षक
2. विजयमल सिंह यादव,
   उपनिरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

तलाशी अभियान के दौरान श्री रघुबीर लाल, पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र को इस आशय की विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि अंजान डेरा के पश्चिम की ओर एक सूखे नाले के निकट अधुनातन हथियारों से लैस 15 खूंखार नक्सली मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर बल को दो दलों में बांटने के बाद पुलिस अधीक्षक ने स्वयं एक दल का नेतृत्व किया और नक्सलियों को घेरने और उन्हें गिरफ्तार करने के ध्येय से ये आगे बढ़े। दूसरे दल का नेतृत्व एस ओ चोपन ने किया। जैसे ही ये नक्सलियों के निकट पहुंचे वैसे ही नक्सलियों ने पुलिस दल को मारने और इनके हथियार छीनने के उद्देश्य से इनको लक्ष्य बनाया और अकारण तथा अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। इस पर श्री रघुबीर लाल ने अपने बारे में बताया और उन्हें पुलिस के समक्ष समर्पण करने का आदेश दिया लेकिन समर्पण करने के बजाए उन्होंने गोलीबारी जारी रखी। जब पुलिस अधीक्षक को कोई दूसरा विकल्प नहीं दिखायी दिया तो इन्होंने पुलिस दल को अपनी रक्षा के लिए गोलीबारी करने का आदेश दिया और स्वयं बहादुरी से नक्सलियों की ओर बढ़ते रहे। इस मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों द्वारा चलाई गई एक गोली श्री रघुबीर लाल की छाती पर बी पी जैकेट को लगी जिससे यह आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त हो गई। यदि इन्होंने जैकेट नहीं पहनी होती तो यह निश्चित ही इनके जीवन के लिए खतरा हो सकता था। नक्सलियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के बावजूद पुलिस अधीक्षक ने अपने जीवन को जोखिम में डाला और नक्सलियों को पकड़ने के उद्देश्य से अपने कार्मिकों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। इस प्रक्रिया में इनके दायें पैर पर कई छर्रे भी लगे जिससे ये घायल हो गए। लेकिन श्री रघुबीर लाल ने अपने घावों और जीवन की परवाह नहीं की और आगे बढ़ते रहे। इस मुठभेड़ के दौरान पन्नूगंज के तत्कालीन एस ओ श्री विजयमल यादव की बी पी जैकेट पर भी एक गोली लगी। लेकिन इन्होंने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और घायल होने के बावजूद गोलीबारी जारी रखी। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण नक्सलियों ने पहाड़ी भू-भाग और वन क्षेत्र का लाभ उठा कर भागना शुरु कर दिया। बाद में मुठभेड़ स्थल की पूरी तलाशी लेने पर एक नक्सली का शव पाया गया जिसकी पहचान बाद में रविन्द्र के रुप में की गई जो नौगढ़ का एरिया कमांडर था। उस पर 20,000/- रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई थी। श्री रघुबीर लाल, पुलिस अधीक्षक और विजयमल सिंह यादव, तत्कालीन उपनिरीक्षक और अब निरीक्षक द्वारा बनाई गई विस्तृत

25—381 GI/2008

और सतर्क योजना तथा अनुकरणीय नेतृत्व और साहस के कारण ही इस दुर्दांत नक्सली के साथ यह साहसपूर्ण मुठभेड़ संभव हो सकी। यह नक्सली , जनता में आतंक का पर्याय बना हुआ था। घायल होने के बावजूद इन्होंने नक्सलियों के साथ गोलीबारी जारी रखी। श्री रघुबीर लाल और श्री विजयमल द्वारा नक्सलियों के इस खूंखार कमांडर को मार गिराये जाने से पुलिस बल का मनोबल बढ़ा तथा इस क्षेत्र और बिहार राज्य के सीमावर्ती लोगों को काफी राहत मिली। इस कार्रवाई में निम्नलिखित हथियार/गोलीबारुद बरामद किया गया:-

1. एक एस एल आर संख्या -15366564
2. एक बोल्ट एक्शन राइफल संख्या टी – 2972-7.62 एमएम
3. एक डी बी बी एल (एफ एम) बंदूक संख्या-4501400
4. एक एस बी बी एल (एफ एम) बंदूक 12 बोर
5. दो कंटेनर बम, कारतूस, बैटरी, तार के साथ दो बैंडोलियर और दो पिट्ठू।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रघुबीर लाल, पुलिस अधीक्षक और विजयमल सिंह यादव, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 जून, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 157-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. जय प्रकाश,
   उप-पुलिस अधीक्षक
2. नवेंदु कुमार,
   उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 23/06/2006 को एस टी एफ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को पुलिस मुखबिर से इस आशय की सूचना प्राप्त हुई कि जिला कौशांबी के रहने वाले हफीजुल्लाह, जो एक खतरनाक अपराधी है और जिस पर 50,000/- रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की हुई है, के नेतृत्व में इंटर जोनल अपराधियों (आई आर 234) का एक गिरोह उसके मुख्य सह-अभियुक्त मोहम्मद मुस्लिम के साथ किसी व्यक्ति की हत्या करने के ठेके की अग्रिम राशि प्राप्त करने और उस व्यक्ति को पहचानने के लिए गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर किसी व्यक्ति से मिलने के लिए आ रहा है। इस पर पुलिस दल को दो भागों में बांटा गया। एक दल का नेतृत्व श्री राजेश पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक, एस टी एफ ने किया जिसमें उपनिरीक्षक सुशील कुमार सिंह, उप निरीक्षक विनय गौतम, उप निरीक्षक अभय प्रताप मल्ल, कमांडो दिलीप सिंह, कांस्टेबल पंकज कुमार सिंह और कांस्टेबल ड्राइवर रविन्द्र कुमार यादव शामिल थे। दूसरे दल का नेतृत्व उप –पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश ने किया जिसमें उप-निरीक्षक नवेंदु कुमार, उप-निरीक्षक श्री सत्येन्द्र सिंह, कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार यादव, कांस्टेबल ड्राइवर मानवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ड्राइवर अजहरउद्दीन शामिल थे। दोनों दलों ने दो तरफ से मोर्चा संभाला और प्रतीक्षा करने लगे। सायं लगभग 8 बजे रजिस्ट्रेशन संख्या के बगैर एक बोलैरो कार गोमती नगर रेलवे स्टेशन के अंदर आकर रुक गई। उसमें से 5 व्यक्ति नीचे उतरे। पहले पुलिस दल द्वारा उन्हें ललकारे जाने पर हफीजुल्लाह ने अपने मुख्य सह-अभियुक्त मोहम्मद मुस्लिम और अन्यों के साथ पूर्वी तरफ के प्लेटफार्म की ओर और फिर उत्तर दिशा में खाली पड़ी जमीन की ओर भागना शुरु किया जहां पर दूसरा पुलिस दल प्रतीक्षा कर रहा था। इन्होंने उन्हें रुकने और समर्पण करने का आदेश दिया। तथापि, हफीजुल्लाह के नेतृत्व वाले गिरोह ने पुलिस कार्मिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। चूंकि महिलाओं और बच्चों समेत राहगीर, जो दोनों ओर से चली गोलीबारी में फंस गए थे, भयभीत हो गए और वे किसी और सुरक्षित स्थान तक पहुंचने के लिए चीखने-चिल्लाने लगे और इधर-उधर बेतहाशा भागने लगे। इस पर उप –पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश और उप निरीक्षक नवेन्दु कुमार के नेतृत्व वाले दूसरे पुलिस दल ने अपनी सुरक्षा की परवाह नहीं की, अपने बचाव में गोलीबारी की और अपने मोर्चे से बाहर निकल आए और उन बदमाशों का पीछा किया ताकि उन्हें पकड़ कर गिरफ्तार किया जा सके। दोनों ओर से चली इस गोलीबारी में सबसे पहले हफीजुल्लाह

और फिर मुख्य सह –अभियुक्त मोहम्मद मुस्लिम जमीन पर गिर पड़ा। इसे देख कर गिरोह के अन्य सदस्यों ने पुलिस कार्मिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और अंधेरे की आड़ में वहां से भाग खड़े हुए। वहां पर उठी धूल जब नीचे बैठ गई तो पुलिस दल सावधानी से उस स्थान की ओर आगे बढ़ा जहां पर हफीजुल्लाह और मोहम्मद मुस्लिम पड़े हुए थे और दोनों को ही वहां पर मरा पाया। गोमती नगर रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्त स्थान और ऐसे स्थान जहां पर महिलायें और बच्चों समेत राहगीर, पुलिस और खूंखार अपराधियों के खतरनाक हथियारों से हुई भयंकर गोलीबारी में फंस गए हों, ऐसी स्थिति में उप पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश और उप निरीक्षक नवेंदु कुमार के नेतृत्व वाले दल ने अपने जीवन की परवाह नहीं की और जनता को कोई नुकसान न हो, इस बात का ध्यान रखते हुए इन्होंने खूंखार गिरोह का अत्यधिक साहस और सूझ-बूझ के साथ मुकाबला किया और उन्हें ललकारा तथा उन खतरनाक अपराधियों को मार कर इन्होंने अद्वितीय कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। इस मुठभेड़ में आम जनता का कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। इस मुठभेड़ के दौरान निम्नलिखित बरामदगियां की गई:-

1. खाली कारतूसों के साथ फैक्ट्री मेड .38 बोर का एक रिवाल्वर
2. खाली कारतूसों के साथ .38 बोर का एक देशी रिवाल्वर
3. खाली कारतूसों के साथ .315 बोर का एक सी एम पी

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जय प्रकाश, उप –पुलिस अधीक्षक और नवेंदु कुमार , उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 जून, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 158-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. चन्द्र प्रकाश,
   वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
2. ज्ञानेश्वर तिवारी
   अपर पुलिस अधीक्षक
3. धर्मेन्द्र सिंह चौहान,
   उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

श्री चंद्र प्रकाश, भा पु से, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गाजियाबाद, श्री ज्ञानेश्वर तिवारी, तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी गाजियाबाद के साथ दिनांक 19/20.05.2003 की मध्य रात्रि में अपनी सरकारी कार में शहरी क्षेत्र की गश्त लगा रहे थे। प्रातः लगभग 0100 बजे इन्हें शहरी नियंत्रण कक्ष से यह ताजा समाचार मिला कि आगरा के मोहन डॉन और उसके सहयोगी बदमाश ने मेला प्लाजा होटल, गाजियाबाद के निकट पिस्तौल की नोक पर दो व्यक्तियों से उनकी मारुति जीन कार संख्या यू पी -80-डब्ल्यू/5548, एक पिस्तौल और 90,000/- रुपए नकद लूट लिए हैं। यह सनसनीखेज सूचना मिलने पर श्री चन्द्र प्रकाश, एस एस पी ने तुरंत कार्रवाई की और सिटी सर्किल के सर्किल पुलिस अधिकारियों तथा स्टेशन अधिकारियों को सतर्क किया। कथित लुटेरों का पता लगाने के लिए श्री ज्ञानेश्वर तिवारी, एस पी सिटी के साथ अभियान चलाने की रणनीति पर चर्चा कर लेने के बाद मेरठ –गाजियाबाद-दिल्ली के तिराहे-जंक्शन के निकट पहुंचे। इन्होंने उक्त नम्बर वाली मारुति जीन कार को तेजी से हिंडन नदी के पुल की ओर जाते देखा। श्री चन्द्र प्रकाश, एस एस पी ने सिटी नियंत्रण कक्ष को इस आशय की सूचना दी कि वे उक्त मारुति जीन कार का पीछा कर रहे हैं और सीमावर्ती पुलिस स्टेशनों के स्टेशन अधिकारियों और मोबाइल वाहनों को निदेश दिया कि वे उक्त वाहन को रोकें और लुटेरों को गिरफ्तार करें। जब टेढ़े-मेढ़े ढंग से तेजी से बढ़ती मारुति जीन कार, कनवनी सड़क पर कनवनी पुलिया के निकट पहुंची तो पुलिस बल के साथ इंदिरापुरम की तरफ से श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस निरीक्षक, तत्कालीन उप निरीक्षक और स्टेशन अधिकारी पुलिस स्टेशन, इंदिरापुरम वहां पहुंचे और अन्य पुलिस वाहन कनवनी गांव की तरफ से वहां पहुंचे। उक्त मारुति जीन कार में सवार लोगों ने अचानक कार रोक दी, अपनी-अपनी ओर से नीचे उतरे और मोर्चे संभाले। उनमें से एक व्यक्ति ने एस एस पी की हत्या करने की मंशा से इन पर गोली चला दी जिससे एस एस पी की कार की बाईं तरफ की खिड़की का शीशा टूट गया और इससे वाहन की पिछली सीट के बैक रेस्ट में छेद हो गया। चूंकि श्री चन्द्र प्रकाश, एस एस पी और श्री ज्ञानेश्वर तिवारी, एस पी सिटी , कार की पिछली सीट में बैठे हुए थे फिर भी ये सौभाग्य से बच गए। इसके साथ ही दूसरे बदमाश ने भी श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व वाली पुलिस टीम पर गोलबारी कर दी। इस बदमाश द्वारा चलाई गई गोली, श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान के शरीर को छूती हुई जीप की विंड स्क्रीन पर लगी । श्री चौहान भी सौभाग्य से बच गए। इसके बाद दोनों ही बदमाशों ने इन्हें मारने की मंशा से पुलिस दल पर लगातार

26—381 GI/2008

गोलीबारी कर दी। इस गोलीबारी से विचलित हुए बगैर और अपने जीवन की रक्षा और सुरक्षा की परवाह किए बगैर श्री चन्द्र प्रकाश, एस एस पी, श्री ज्ञानेश्वर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक और श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस बल के सदस्यों के साथ अपने वाहनों से बाहर आए और बदमाशों को समर्पण करने का आदेश दिया। लेकिन बदमाशों ने पुलिस दलों पर गोलीबारी करनी जारी रखी। इस पर श्री चन्द्र प्रकाश , एस एस पी ने पुलिस बल को नियंत्रित गोलीबारी करने का अदेश दिया और स्वयं श्री ज्ञानेश्वर तिवारी, एस पी और श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान, स्टेशन अधिकारी के साथ बहादुरी से और अपने जीवन की परवाह किए बगैर अपनी रक्षा के लिए बदमाशों पर सीमित गोलीबारी की। आमने-सामने की इस भयंकर मुठभेड़ में दोनों बदमाश घायल हो कर गिर पड़े । बाद में घायलावस्था में अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। बाद में दोनों की पहचान मोहन डॉन उर्फ मनीश के रुप में हुई जिसके नाम हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, डकैती , लूटपाट और अपराधी गिरोह अधिनियम के तहत उसके आपराधिक पुलिस रिकार्ड में जघन्य अपराध के 40 मामले दर्ज थे और जतिन नारंग उसका निकट सहयोगी था। वे खूंखार और बदूंक की गोली दागने पर खुश होने और मौज-मस्ती करने वाले अपराधी थे जो आतंक फैलाया करते थे, शांति प्रिय लोगों के प्रति निर्दयतापूर्वक जघन्य अपराध करते थे। उनके कब्जे से हाल में लूटी गयी मारुति जीन कार संख्या यू पी-80-डब्ल्यू/5548, विदेश में निर्मित एक रिवाल्वर, भरी हुई 5 जीवित गोलियां और नकद 90,000/- रुपए के साथ .38 बोर की फैक्ट्री मेड एक पिस्तौल और 9 एम एम की एक फैक्ट्री मेड पिस्तौल, गोलीबारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री चन्द्र प्रकाश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ज्ञानेश्वर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक और धर्मेन्द्र सिंह चौहान, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 मई, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 159-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री रबि कुमार देबबर्मा,
राइफलमैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

भारतचौपाड़ा सामान्य क्षेत्र में ए टी टी एफ (ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स) के चार से पांच उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर दिनांक 12 अगस्त, 2007 को अभियान चलाने की एक योजना बनाई गई और नायब सूबेदार गोविन्द डाइमरी के नेतृत्व में 10 अन्य रैंक के कार्मिकों से युक्त एक दल का गठन किया गया। इस पूरे अभियान में राइफलमैन सामान्य ड्यूटी रवि कुमार देबबर्मा अग्रणी स्काउट थे। इन्होंने घने जंगल से हो कर कार्मिकों को सही दिशा में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । जब ये कार्मिक, चौकसी स्थल पर पहुंचे तो इन्होंने पहल की, एक पेड़ पर चढ़े और ए टी टी एफ (ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स) के उग्रवादियों को अपनी मौजूदगी की भनक लगाए बगैर सफलतापूर्वक उनके छिपने के स्थान का पता लगाया। चौकसी की विस्तृत योजना तैयार करने के बाद इन कार्मिकों ने रात में उनके छिपने के स्थान की ओर कूच किया। अग्रणी स्काउट होने के नाते राइफलमैन सामान्य ड्यूटी रबि कुमार देबबर्मा ने अद्वितीय फील्ड कौशल, अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर पांच मीटर की अत्यधिक निकट की दूरी से ए टी टी एफ (ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स) के एक खूंखार उग्रवादी को मार गिराया। इस सिलसिले में निम्नलिखित बरामदगियाँ की गईं:-

1. राइफल ए के 56- 01 नग
2. मैग्जीन राइफल ए के 56- 03 नग
3. गोलीबारुद ए के 56- 87 राउंद

इस मुठभेड़ में श्री रबि कुमार देबबर्मा, राइफल मैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 अगस्त, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 160-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री वासुदेवन पोट्टी आर ,
सहायक कमांडेंट

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 23 अक्तूबर, 2007 को लगभग 2200 बजे, कंपनी कमांडर सहायक कमांडेंट वासुदेवन पोट्टी आर के नेतृत्व में एक अधिकारी, एक जे सी ओ और 15 अन्य रैंकों के कार्मिकों से युक्त एरिया डोमिनेशन पतरोल एक्स सवोम्बंग कंपनी आपरेशन बेस, समान्य क्षेत्र सवोम्बंग की ओर गया। लगभग 2230 बजे सहायक कमांडेंट वासुदेवन पोट्टी आर ने सवोम्बंग फाकनुंग एक्सिस सड़क पर एक व्यक्ति की संदिग्ध हल चल नोटिस की । इन्होंने तत्काल ही उसको ललकारा। जब उसने देखा कि सुरक्षा बल उसकी ओर बढ़ रहे हैं तो उस उग्रवादी ने गोलीबारी शुरु कर दी और ऊपर पहाड़ी की ओर भागना शुरु कर दिया। इस पर सहायक कमांडेंट वासुदेवन पोट्टी आर और इनके सहयोगी राइफलमैन गणेश कुमार ने अदम्य साहस का परिचय दिया और ये दोनों ही उस उग्रवादी की ओर दौड़ पड़े। चूंकि सहायक कमांडेंट वासुदेवन पोट्टी आर उस उग्रवादी तक पहुंचने ही वाले थे इसलिए वह उग्रवादी फिर पीछे मुड़ा और बहुत नजदीक से इन पर गोली चला दी। इन गोलियों से सहायक कमांडेंट वासुदेवन पोट्टी आर बाल-बाल बचे और इन्होंने पलट कर उक्त उग्रवादी पर तत्काल गोलीबारी करके उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया। सहायक कमांडेंट वासुदेवन पोट्टी आर के नेतृत्व में "आपरेशन सवोम्बंग" में एक उग्रवादी मारा गया और वहां से दो 9 एम एम पिस्तौल, दो 9 एम एम मैग्जीन और पांच 9 एम एम जीवित राउंद बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में श्री वासुदेवन पोट्टी आर, सहायक कमांडेंट ने, अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 अक्तूबर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 161-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री हरि कांता झा,
नायब सूबेदार

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 12 दिसम्बर, 2007 को आई सी मेजर लोकानंदम जी वी को इस आशय की सूचना मिली कि कांगलेई यावूल कन्ना लुप (ओकन) के उग्रवादी, वाब्गई-सुग्नू सड़क की ओर बढ़ रहे हैं। कंपनी आपरेटिंग बेस कमांडर ने तत्काल कार्रवाई की और एक अधिकारी, एक जूनियर कमीशन अधिकारी और अन्य रैंक के 10 कार्मिकों से युक्त घात लगाने वाले एक दल का गठन किया। नायब सूबेदार हरिकांत झा, घात लगाने वाले इस दल के एक सदस्य थे। लगभग 2330 बजे इन्होंने नोट किया कि एक मोटर साइकिल सवार घात स्थल की ओर बढ़ रहा है। इन्होंने आई सी मेजर लोकानंदम जी वी को इस बारे में सूचित किया। सूचना मिलने पर इन्होंने अपने अधीन नायब सूबेदार हरि कांता झा और इनके दल को आदेश दिया कि वे सड़क की ओर जाएं और वाहन की जांच करें। आदेशानुसार उग्रवादियों को रोके जाने पर उन्होंने अत्यधिक नजदीक से गोलीबारी शुरु कर दी और वाहन से कूद गये। नायब सूबेदार हरिकांत झा ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर अदम्य साहस का परिचय दिया और अंधाधुंध गोलबारी करते हुए उग्रवादियों की ओर लपके और सफलतापूर्वक दो उग्रवादियों को मार गिराया। इसके बाद उस स्थान से दो ९ एम एम पिस्तौल, गोलीबारुद, धन ऐंठने की चिट 16,640/- रुपए और एक मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में श्री हरि कांता झा, नायब सूबेदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 दिसम्बर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

27—381 GI/2008

सं. 162-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जनक राज
राइफलमैन

2. नबल सिंह
राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 09 जून, 2007 को यह सूचनाप्राप्त हुई कि डी एच डी (जे) के स्वयंभू लांस कारपोरल के नेतृत्व में कुछ खूंखार आतंकवादी सिल्चर शहर के आसपास कुछ विध्वंसक कार्रवाई करने के लिए गंगानगर गाँव में छिपे हैं। मेजर जयदीप के नेतृत्व में एक छोटा सा दल उस क्षेत्र में 9 जून, 2007 को 2230 बजे भेजा गया। राइफल मैन/जनरल ड्यूटी जनक राज और राइफलमैन/जनरल ड्यूटी नबल सिंह स्काउट सं. 1 और स्काउट सं. २ का दायित्व निर्वाह कर रहे थे। यह टीम उस बिल्ट अप क्षेत्र में दुर्लभ और अज्ञात रास्ते से भेजी गई जिससे कि किसी को पता न लगे। उस गाँव में पहुंचने पर इस दल ने उस घर की घेराबंदी कर ली जिसमें आतंकवादी काडरों के छिपे होने का संदेह था। राइफलमैन/जनरल ड्यूटी जनक राज और राइफलमैन/जनरल ड्यूटी नबल सिंह मेजर जयदीप कृष्ण के साथ मिलकर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए उस घर में घुस गए और घर के अंदर छिपे चार कट्टर आतंकवादियों को धर-दबोचा तथा उन्हें पूरी तरह से अपने कब्जे में कर लिया। राइफलमैन/जनरल ड्यूटी जनक राज और राइफलमैन/जनरल ड्यूटी नबल सिंह ने गंभीर खतरे की स्थिति में भी अदभुत साहस का प्रदर्शन किया और बिना किसी समपार्श्विक क्षति के आतंकवादियों को अपने वश में कर लिया। गिरफ्तार आतंकवादियों को घटनास्थल पर ही पूछताछ करने पर उन्होंने शस्त्रास्त्रों तथा गोलाबारुद के एक भारी जखीरे के बारे में जानकारी दी जिसे बाद में नार्थ कछार हिल जिले के लम्सखांग गाँव के निकट स्थित एक भूमिगत जगह से जब्त किया गया। इसमें दो एस एल आर, एक ए के 47 राइफल, एक ए.के. 56 राइफल, एक आथोड ग्रेनेड लांचर, वर्गीकृत गोलाबारुद के 277 राउण्ड, तीन पाउच और 80000/-रुपये (अस्सी हजार रुपये) उस भूमिगत स्थल से जब्त किए गए। इस 'ओ पी लांग स्ट्राइक' की सफलता का श्रेय राइफलमैन/जनरल ड्यूटी जनक राज और राइफल मैन/जनरल ड्यूटी नबल सिंह की प्रत्युत्पन्नमति तथा सोच विचार कर की गई कार्रवाई को जाता है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जनक राज, राइफलमैन और नबल सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 जून, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 163-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री लाल बहादुर नेवाड़
राइफलमैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 02 अक्टूबर, 2006 को राइफलमैन राजू राम से गांव नोंगब्राम में कुछ भूमिगत उग्रवादियों के छिपे होने की कार्रवाई योग्य आसूचना पर 02 अक्टूबर, 2006 की रात्रि को 34 असम राइफल्स के सैन्य बल द्वारा घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। राइफलमैन राजू राम और राइफलमैन लाल बहादुर नेवाड़ ने अपनी प्लाटून के लिए स्काउट का नेतृत्व करने की इच्छा व्यक्त की। उस गांव को जाते समय इस प्लाटून को अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। गोलीबारी के दौरान राइफलमैन राजू राम और प्लाटून कमांडर मेजर एस एस नागियाल ने देखा कि दो भूमिगत आतंकवादी बचकर भागने की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने तुरंत उनका पीछा किया जबकि भारी संख्या में गोलियां उनके ऊपर चलाई जा रहीं थीं, फिर भी उन्होंने प्रभावी गोलीबारी करके उन दोनों भूमिगतों को गोली मार दी। वह दोनों उग्रवादी गोली लगने पर नदी में कूद पड़े। इसी बची राइफलमैन नेवाड़ जो नम्बर दो स्काउट थे, उनका पीछा करते हुए नदी की तीव्र धारा में कूद पड़े और एक उग्रवादी को धर दबोचा जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का था, जिसकी शिनाख्त स्वयंभू प्राइवेट तोम्बू के रुप में हुई जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। नदी की तीव्र धारा में कूदकर बचकर भाग निकले दूसरे उग्रवादी का गोलियों से छलनी शव ग्रामीणों द्वारा वहां से लगभग 350 मीटर की दूरी पर निकाला गया जिसकी शिनाख्त कांगलेई युमफाम कन्ना लुप के स्वयंभू कारपोरल मैमू उर्फ दीवान के रुप में हुई। इस अभियान के दौरान एक 9 एम एम स्वचालित पिस्तौल तथा गोलाबारुद बरामद किया गया। राइफलमैन राजू राम तथा उनके साथी राइफलमैन लाल बहादुर नेवाड़ के वीरतापूर्ण कार्यों से दो कट्टर उग्रवादियों का शमन हुआ जिससे आतंकवादी गुटों को भारी क्षति पहुंची।

इस मुठभेड़ में श्री लाल बहादुर नेवाड़, राइफलमैन ने असाधारण शौर्य, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3 अक्तूबर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 164-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. विनय गहलौत
   इंस्पेक्टर
2. लाल सिंह,
   हैड कांस्टेबल
3. फारुक अहमद डार
   कांस्टेबल
4. सतपाल सिंह,
   कान्स्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 05 फरवरी, 2007 को लगभग 1700 बजे यूनिट "जी" स्रोत से गांव कामराजीपुरा में दो उग्रवादियों की मौजूदगी की जानकारी प्राप्त होने पर श्री ए के शर्मा सेकेण्ड-इन कमांड / स्थानापन्न कमांडेंट ने, 42 बटालियन बी एस एफ इंस्पेक्टर (जी) विनय गहलौत से उस घर की शुरुआती घेराबंदी करने को कहा तदनुसार इंस्पेक्टर (जी) विनय गहलौत ने दो पार्टियां बनाईं। एक पार्टी का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया जबकि दूसरी पार्टी का नेतृत्व 42 बटालियन बी एस एफ के हैड कांस्टेबल सितम्बर सिंह कर रहे थे। इसी बीच स्थानापन्न कमांडेंट ने श्री राजेश कुमार उप कमांडेंट /एडजुटैंट, श्री एस ए तिग्गा, उप कमांडेंट तथा अन्य कंपनी कमांडरों को प्रवर्तन हेतु सैन्यबल सहित घटनास्थल पर जाने का निदेश दिया। श्री सितम्बर सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल राजेश कुमार, हैड कांस्टेबल यशपाल शर्मा , कांस्टेबल मंजूर अहमद, कांस्टेबल जावेद अली और कांस्टेबल फारुख अहमद को मिलाकर बनी पहली पार्टी सिविल वाहन में गई तथा गांव पार करके और रोमुशी नाला, जो उस घर से लगभग 200 गज की दूरी पर है, को कवर करते हुए घेराबंदी कर ली। इंस्पेक्टर (जी) के कमांड वाली दूसरी पार्टी कामराजीपुरा गांव बी एस एफ के वाहन में पहुंची तथा इसने तुरंत लक्षित घर की घेराबंदी कर दी। बी एस एफ सैन्य बल को नजदीक आते देख दोनों उग्रवादी घर से बाहर कूद गए तथा उन्होंने इंस्पेक्टर (जी) पर भारी गोलीबारी की। इस भारी गोलीबारी से बेपरवाह इंस्पेक्टर(जी) विनय गहलौत और कांस्टेबल फारुक अहमद डार ने अपना मानसिक संतुलन बनाए रखा तथा उन उग्रवादियों पर जवाबी गोली बारी की। दोनों उग्रवादी सेब के बाग में विभिन्न दिशाओं में भाग गए और उन्होंने जमीन में बने एक गड्ढे में पोजीशन ले ली। कांस्टैबल फारुक अहमद डार और इंस्पेक्टर (जी) विनय गहलौत ने आक्रामक रुप से रणनीतिक ढंग से आगे बढ़ते हुए उन उग्रवादियों पर गोली चलाना जारी रखा जबकि अन्य पार्टी सुरक्षात्मक गोलीबार करती रही । इसी बीच इंस्पेक्टर (जी)

विनय गहलौत तथा कांस्टेबल फारुक अहमद डार ने पेट के बल रेंग कर आगे बढने वाली पोजीशन ले ली तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े जो अब रोमुशीनाला की ओर आगे बढ़ रहे थे तथा उन्होंने उग्रवादियों पर तुरंत गोली चला दी। इस अचूक जवाबी गोलीबारी में एक कट्टर उग्रवादी घटनास्थल पर ही ढेर हो गया। हैड कांस्टेबल सितम्बर सिंह तथा उनकी पार्टी ने दूसरे उग्रवादी को कामराजीपुरा गांव के पूरब की ओर व्यस्त रखा। संख्या 01000118 कांस्टेबल सतपाल सिंह वीरतापूर्ण पहल करते हुए,अपने जीवन की सुरक्षा की तनिक भी परवाह न कर उस उग्रवादी की ओर आगे बढ़े तथा उन्होंने एवं हैड कांस्टेबल लाल सिंह, दोनों ने उग्रवादी पर जवाबी गोलीबारी की । यह कट्टर उग्रवादी कांस्टेबल सतपाल तथा हैड कांस्टेबल लाल सिंह की मारक बहादुरी तथा आक्रामक स्थिति के समक्ष अधिक समय तक नहीं टिक सका तथा अन्ततः उसने आत्मसमर्पण कर दिया। श्री ए के शर्मा सेकेण्ड-इन-कमांड / स्थानापन्न कमांडेंट भी डी एस पी (आप्स) स्पेशल आपरेशन ग्रुप पुलवामा और एस एच ओ राजपुरा के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए तथा अभियान में शामिल हो गए। उस क्षेत्र की तलाशी में दो उग्रवादियों के शवों , जिनकी शिनाख्त एच एम संगठन के जावेद अहमद गनई (चरार –ए – शरीफ थाना के पूर्व एस पी ओ-डिजर्टर) पुत्र स्व. अब्दुल गनई , निवासी डालवन (जम्मू और कश्मीर) तथा एच एम गुट के सज्जाद अहमद मीर पुत्र बशीर अहमद मीर निवासी बाबिहर जिला पुलवामा के रुप में हुई । उनकी बरामदगी के साथ साथ निम्नलिखित शस्त्र एवं गोलाबारुद भी बरामद हुए:

1. ए के सीरीज की राइफलें-01 नग
2. पिस्तौल (चीनी) – 01 नग
3. हथगोला (चीनी)- 02 नग
4. ए के मैग-06 नग
5. पिस्तौल मैग- 05 नग
6. ए के गोला बारुद-63 आरडीएस
7. पिस्तौल गोला बारुद-22 आर डी एस
8. ई एफ सी ए.के.सीरिज-28 नग

इस मुठभेड़ में सर्वश्री विनय गहलौत, इंस्पेक्टर, लाल सिंह, हैड कांस्टेबल, फारुक अहमद डार, कांस्टेबल तथा सतपाल सिंह कांस्टेबल ने असाधारण शौर्य, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहें हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 फरवरी, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

28—381 GI/2008

सं. 165-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. सितम्बर सिंह भदौरिया,
   हैड कांस्टेबल
2. शेर जमाल
   कांस्टेबल
3. रन्तेष
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 07 जनवरी, 2007 को लगभग 1450 बजे यूनिट "जी" सेल से यह जानकारी प्राप्त होने पर कि गांव डलवन में कुछ उग्रवादी मौजूद हैं, श्री ए के शर्मा, 21सी/ स्थानापन्न कमांडेंट अन्य तीन अधिकारियों के साथ उस गांव की ओर चल पड़े। इसी बीच "लोथा ग्रुप" नामक विशेष प्रचालन सैन्यबल जो उस समय आसपास के क्षेत्र में पहले से ही उपलब्ध था तथा विद्रोह विरोधी चौकी पाखरपुरा से इंस्पेक्टर (जी) को भी लक्षति घर की ओर चलने को कहा गया । सैन्य बल की हलचल देखकर वे उग्रवादी घर के पिछवाड़े से कूदकर बचनार नाला की ओर भाग गए परन्तु कांस्टेबल शेर जमाल ने उन्हें भागते देख लिया तथा उन्होंने इसकी जानकारी पार्टी कमांडर हैड कांस्टेबल सितम्बर सिंह भदौरिया को दे दी । तत्काल इस पार्टी ने उग्रवादियों का पीछा करना शुरु कर दिया। दोनों उग्रवादियों ने पीछा कर रही इस पार्टी पर अपने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की। हैड कांस्टेबल सितम्बर ने नाले के दूसरी ओर पोजीशन ले ली तथा जवाबी गोलीबारी की। इसी बची, लोथा पार्टी भी उत्तर पूर्व दिशा से इस मुठभेड़ में शमिल हो गई और उन्होंने भी उग्रवादियों पर गोली चलानी शुरु कर दी। दोनों उग्रवादियों ने विभिन्न स्थानों पर पोजीशन ग्रहण कर ली परन्तु बी एस एफ सैन्यबल ने उन पर भारी गोलीबारी की। हैड कांस्टेबल सितम्बर सिंह भदौरिया ने अपनी पार्टी के दो ग्रुप बना दिए तथा पार्श्व भाग से उग्रवादियों की ओर बढ़ना शुरु कर दिया। साथ ही लोथा ग्रुप के कांस्टेबल हमीदुल्ला मीर, कांस्टेबल मुस्ताक अहमद डार और कांस्टेबल निसार अहमद वानी ने सुरक्षात्मक गोलीबारी करके उग्रवादियों को बचकर भाग निकलने से रोका। हैड कांस्टेबल सितम्बर सिंह भदौरिया , कांस्टेबल शेर जमाल और कांस्टेबल सतपाल सिंह दाहिने पार्श्व भाग से नाले के ऊपर पहुंच गए। उग्रवादी भी बेहतर और सुरक्षात्मक पोजीशन के लिए नाले के ऊपर की ओर बढ़ रहे थे। हैड कांस्टेबल सितम्बर सिंह भदौरिया ने अपने दल से सुरक्षात्मक गोलीबारी करने को कहा तथा पेट के बल घिसटते हुए उग्रवादियों की ओर को आगे बढ़े तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादियों पर गोली चला दी। इसी बीच कांस्टेबल शेर जमाल भी उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े तथा उन पर एक हथगोला फेंककर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। हैड कांस्टेबल सितम्बर सिंह भदौरिया और

कांस्टेबल शेर जमाल की अचूक गोलीबारी से एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया जिसकी बाद में शिनाख्त जे ई एम आउटफिट के तहसील कमांडेंट गुलाम मोहम्मद धोबी पुत्र अली मोहम्मद धोबी कोड मुजामिल जेहादी के रुप में हुई। साथ ही हैड कांस्टेबल लाल सिंह के कमांड में कांस्टेबल रन्तेष और कांस्टेबल बलहंस राज को मिलाकर बने एक अन्य ग्रुप ने दूसरे उग्रवादी को बचनार नाले के दूसरे सिरे से व्यस्त रखा। हालांकि उग्रवादी उन पर लगातार गोली चलाता रहा था फिर भी कांस्टेबल रन्तेष अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना हैड कांस्टेबल लाल सिंह और कांस्टैबल हंसराज द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुरक्षात्मक गोलीबारी के बीच उत्तर दिशा से उग्रवादी की ओर आगे बढ़े। कांस्टेबल रन्तेष ने अदम्य साहस एवं अचूक गोलीबारी का प्रदर्शन करके उस उग्रवादी को मार गिराया जिसकी बाद में शबीर अहमद कोड दानिश पुत्र अब्दुल अजीज राथेर निवासी ग्राम फरसीपुरा जिला पुलवामा (जे एंड के) के रुप में हुई। बाद श्री ए के शर्मा सेकेण्ड –इन –कमांड/अफिशिएटिंग और अन्य अधिकारी भी इस अभियान में शामिल हो गए । तत्पश्चात चरार-ए-शरीफ की पुलिस भी वहां पहुंच गई। उस क्षेत्र की पुलिस अधिकारियों तथा सिविलियनों की मौजूदगी में तलाशी ली गई जिसमें निम्नलिखित शस्त्र एवं गोलाबारुद बरामद किए गए-

1. ए के श्रृंखला की राइफल- 02 संख्या
2. ए के सीरीज की मैग्स- 06 संख्या
3. हथगोला - 01 संख्या
4. 7.62 एम एम एम्यूनिशन- 11 आरडीएस
5. ए के सीरीज के एम्यूनिशन-142 आर डी एस

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सितम्बर सिंह भदौरिया, हैड कांस्टेबल, शेर जमाल, कांस्टेबल, रन्तेष, कांस्टेबल ने असाधारण वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जनवरी, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 166-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. विनोद कुमार सैनी,
 उप निरीक्षक
2. वर्गे भुजंग राव,
 कांस्टेबल
3. वाई. भास्कर नायडू,
 कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 20 अक्तूबर, 2006 को लगभग 0830 बजे जब बी एस एफ 63वीं बटालियन के कांस्टेबल वर्गे भुजंग राव तथा कांस्टेबल अरविन्द भाई एफ डी एल कर्मा में ड्यूटी पर थे, तभी उन्होंने एफ डी एल कर्मा के उत्तर की ओर स्थित नैनी/सैडल साइड की तरफ कुछ संदिग्ध हलचल देखी। इस पर दोनों ने सुरक्षात्मक पोजीशन ले ली और कांस्टेबल वर्गे भुजंग राव ने उन्हें रुकने और अपनी पहचान प्रदर्शित करने के लिए कहा। उग्रवादियों ने जब यह देखा कि बी एस एफ कार्मिक उन्हें रुकने के लिए कह रहे हैं तो एफ डी एल पर उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से भारी मात्रा में गोलीबारी शुरु कर दी। गोली चलने पर इन दोनों ने उग्रवादियों पर प्रभावी जवाबी गोलीबारी की तथा उन्हें आगे जाने से रोक दिया। दोनों कांस्टेबलों की जवाबी कार्रवाई से उग्रवादियों को मजबूरन निकटवर्ती क्षेत्र में पोजीशन लेनी पड़ी परन्तु वे एफ डी एल की ओर अंधाधुंध गोली चलाते रहे। चूंकि वह भू-भाग उग्रवादियों के भाग निकलने/एफ डी एल का चक्कर लगाने के लिए अनुकूल था इसलिए कांस्टेबल वर्गे भुजंग राव ने महसूस किया कि अपने एफ डी एल कार्मिकों को बचाने के लिए अत्यधिक जोखिम भरी कार्रवाई करने की जरूरत है। अत: वह विलक्षण साहस एवं अदम्य प्रतिरोधक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बीच अपनी पोजीशन से बाहर आ गए तथा एक उग्रवादी पर अचूक गोली चलाई जिससे वह वहीं पर ढेर हो गया। तत्पश्चात आसन्न खतरे के प्रति पूरी तरह से बेपरवाह इस बहादुर कांस्टेबल ने दूसरे उग्रवादी के खिलाफ भी भीषण कार्रवाई की क्योंकि वह बी एस एफ सैन्य बल को भारी संख्या में हताहत करने के इरादे से पोस्ट की तरफ आगे बढ़ रहा था। इसी बीच एस आई विनोद कुमार सैनी, एफ डी एल कर्मा के प्लाटून कमाण्डर ने गोलीबारी की आवाज सुनकर त्वरित कार्रवाई की और उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बीच, एफ डी एल के चारो ओर सैन्य बल तैनात करने में सक्षम रहे। यह कनिष्ठ कमाण्डर, उच्च स्तर की पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन करते हुए, एफ डी एल के चारो और संवेदनशील स्थानों पर समुचित सैन्यबल तैनात करने में सफल रहा। तत्पश्चात, कोटे में रखे शस्त्र एवं गोला बारुद तथा अन्य उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादियों की गोलीबारी के बीच

वह बेधड़क कोटे की ओर दौड़े। कोटे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के पश्चात उन्होंने तत्काल पोजीशन ले ली और जवाबी गोलीबारी जारी रखी। इसी बीच, एस आई विनोद कुमार सैनी ने एक उग्रवादी को गोली चलाते तथा मृत उग्रवादी का शव खींचने की कोशिश करते हुए देखा। यह उग्रवादी अपनी सुरक्षित स्थिति से पुलिस बल के लिए काफी खतरा उत्पन्न कर रहा था क्योंकि वह चौकी में कार्मिकों की ओर गोली चला रहा था तथा उसकी ओर को जरा सा भी बढ़ना जान जोखिम में डालना था। इस पर एस आई विनोद कुमार सैनी, कांस्टेबल वाई.बी. नायूडू और उनकी पार्टी ने अपने प्रयासों को तुरंत समन्वित करने का निर्णय लिया और उग्रवादी पर भारी गोलीबारी करके उसे जख्मी कर दिया। इस जख्मी उग्रवादी ने तुरन्त अपने साथी को छोड़कर खाई में पोजीशन ले ली। एस आई विनोद कुमार सैनी और कांस्टेबल वाई बी नायडू अपने जीवन की परवाह किए बिना समन्वित गोलीबारी करते हुए और अदम्य एवं अनूठे साहस का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े। इस आधारभूत वास्तविकता को स्वीकारते हुए कि स्वचालित आग्नेयास्त्र प्रभावी नहीं हैं, उन्होंने एक ग्रेनेड फेंका जिससे उग्रवादी को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। बाद में उस उग्रवादी की मौत हो गयी।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि उस क्षेत्र में कोई अन्य उग्रवादी तो नहीं छिपा है, एफ डी एल के चारों ओर अत्यधिक रणनीतिक ढंग से गहन तलाशी की गई। इस क्षेत्र की तलाशी में निम्नलिखित शस्त्र एवं गोलाबारुद बरामद किए गए :-

ए.के. 47 राइफल	-	02सं.
ए.के. मैग्स	-	07 सं.
ए.के. एम्यून्स	-	230 आर डी एस
ग्रेनेड	-	03 सं.

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विनोद कुमार सैनी, उप निरीक्षक, वर्गे भुजंग राव, कांस्टेबल तथा वाई. भास्कर नायडू कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 अक्तूबर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

29—381 GI/2008

सं. 167-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. शिशिर कुमार चतुर्वेदी,
   सहायक कमांडेंट
2. सी. नारायण अप्पा,
   हैड कांस्टेबल
3. नसीर अहमद
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 14 नवम्बर, 2007 को लगभग 0300 बजे जिला कार्बी आंगलोंग (असम) में चारीकुटी के घने जंगल में के एल एन एल एफ गुट के सशस्त्र उग्रवादियों के एक बड़े समूह की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर श्री शिशिर कुमार चतुर्वेदी, सहायक कमांडेंट, 16 बटालियन बी एस एफ की कमान्ड के अन्तर्गत 02 एस ओ और 40 अन्य रैंक की एक विशेष अभियान पार्टी विद्रोह रोधी बेस चोकीकोला से चोकीहोला वाली जान – चारी कुटी अक्ष की तरफ बढ़ी कठिन पहाड़ी भूभाग, घने जंगल और उग्रवादियों की भारी उपस्थिति को दृष्टि में रखते हुए पार्टी ने कलयाणी नदी के साथ-साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ना शुरु किया। भूभाग और सम्भावित झाड़ी स्थल को देखते हुए श्री शिशिर कुमार चतुर्वेदी, सहायक कमांडेंट ने अपनी पार्टी को दो समूहों में विभाजित कर दिया तथा उपयुक्त छिपाव की युक्ति अपनाते हुए कॉलमों का नेतृत्व करना शुरु किया। लगभग 0835 बजे जब पार्टी गांव चारीकुटी के पास तंग रास्ते से गुजर रही थी, उस पर उग्रवादियों द्वारा पहाड़ियों की दोनों दिशाओं से स्वचालित हथियारों द्वारा भारी गोलीबारी की गई। श्री शिशिर कुमार चतुर्वेदी ने उस भूभाग की स्थिति का फायदा उठाया और अपने 51 एम एम मोर डेट केडर को उन दोनों पहाड़ियों पर एच ई बम फैंकने का आदेश दिया जहां से उग्रवादी प्रभावपूर्ण ढंग से गोलीबारी कर रहे थे। एच ई बमों के विस्फोट के कारण उग्रवादियों के मध्य पैदा हुए डर का लाभ उठाते हुए श्री शिशिर कुमार चतुर्वेदी ने अपनी पार्टी को पुन: संगठित किया तथा पहाड़ी पर चढ़ना शुरु किया। जब पार्टी ऊंचाई पर चढ़ रही थी, अधिकारी ने कुछ उग्रवादियों को मोर्चा संभालते हुए तथा बी एस एफ पार्टी पर गोलीबारी करते हुए देखा। बी.एस.एफ. पार्टी को चढ़ते हुए देखकर, एक उग्रवादी ने घने जंगल का फायदा उठाते हुए पहाड़ी पर चढ़ना शुरु कर दिया। अधिकारी ने कांस्टेबल प्रहलाद सिंह को उनको कवरिंग गोलीबारी उपलब्ध करवाने का आदेश दिया तथा साहस और चुस्ती-फुर्ती का प्रदर्शन करते हुए भागते हुए उग्रवादी का पीछा किया, अपने स्वयं के जीवन के सामने उत्पन्न आसन्न खतरे को देखते हुए भागते हुए उगवादी पर वे कूदे तथा हाथापाई में उसको जीवित पकड़ लिया। पकड़े गए उग्रवादी की बाद में पहचान वेलबोन कथार पुत्र महेन्द्र कथार, निवासी, होंगसिंग तेरोंग (असम) के रुप में की गई। हैड कांस्टेबल सी

नारायण अप्पा तथा कांस्टेबल नसीर अहमद ने अन्य उग्रवादी को एक बडे पत्थर के पीछे छुपते हुए नोटिस किया तथा वह बड़े ही पास से बी एस एफ पार्टी पर पिस्तौल से गोलीबारी कर रहा था। हैड कांस्टेबल सी नारायण अप्पा ने कांस्टेबल नसीर अहमद को उन्हें कवरिंग गोलीबारी उपलब्ध करवाने के लिए कहा तथा तुरन्त कार्रवाई में वे अपने मोर्चे से बाहर निकल आए और उग्रवादी पर टूट पड़े तथा उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके अलावा वे उग्रवादी को काबू में करने हेतु उस पर कूद पड़े। जब हैड कांस्टेबल सी नारायण अप्पा हाथापाई में संलग्न थे, कांस्टेबल नसीर अहमद ने यह नोटिस किया कि उग्रवादी हैड कांस्टेबल सी नारायण अप्पा पर गोलीबारी करने के लिए अपनी पिस्तौल पर नियंत्रण करने का प्रयास कर रहा था। इस पर कांस्टेबल नसीर अहमद ने उच्चकोटि की पेशेवरता और साहस का परिचय देते हुए उग्रवादी के दाएं हाथ को सहजता से पकड़ लिया तथा भरी हुई पिस्तौल से उसे विहिन कर दिया। घायल उग्रवादी को जिन्दा पकड़ लिया गया परन्तु बाद में उसकी मृत्यु हो गई। मारे गए उग्रवादी की बाद में पहचान जयाल केआरओ पुत्र चन्दौर केआरओ, निवासी फोंगचरोप (असम) के रूप में की गई। बी एस एफ पार्टी की साहसपूर्ण मुकाबला घात कार्रवाई के कारण अन्य उग्रवादी जंगल के मध्य लुप्त हो गए।

क्षेत्र की तलाशी पर निम्नलिखित शस्त्र और गोला बारुद बरामद किए गए:-

7.65 एम एम पिस्तौल (यू एस ए में निर्मित)	01 सं.
7.65 एम एम पिस्तौल मैग्जीन	01 सं.
7.65 एम एम पिस्तौल आर डी एस	06 सं.
ई एफ सीएस 7.65 एम एम पिस्तौल	02 सं.
ई एफ सीएस ए के 47 राईफल	10 सं.
ई एफ सीएस 7.62 एम एम एस एल आर	02 सं.
मिस फायर गोला बारुद ए के-47 राईफल	01 सं.
लैटर पैड के एल एन एल एफ	01 सं.
नोकिया मोबाइल चार्जर	01 सं.
नोकिया मोबाइल	01 सं.
पॉकेट डायरी	02 सं.
छोटे साइज़ की नोट बुक	03 सं.
मलेरिया संबंधी दवाई	08 पैकेट
फोटोग्राफ	03 सं.
फायर क्रेकर	11 सं.

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री शिशिर कुमार चतुर्वेदी, सहायक कमांडेंट, सी. नारायण अप्पा, हैड कांस्टेबल तथा नसीर अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 नवम्बर, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 168-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. ललित कुमार,
   निरीक्षक
2. जी.सी. गोगोई,
   हैड कांस्टेबल
3. दिनेश कुमार,
   कांस्टेबल
4. जे.जे. गोगोई,
   कांस्टेबल
5. जीत सिंह,
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

पुलिस स्टेशन कुतरु के अन्तर्गत इन्द्रावती नदी के समीप पारकेली गांव के जंगल क्षेत्र में नक्सलवादियों द्वारा बेस कैम्प स्थापित करने तथा एक व्यक्ति को मारने तथा एस पी ओ के घरों को जलाने के विषय में विशिष्ट सूचना की प्राप्ति पर निरीक्षक ललित कुमार, कम्पनी कमांडर - डी/31 वी एन, सी आर पी एफ ने अपनी कम्पनी की दो प्लाटूनों के साथ तथा राज्य पुलिस की एक पार्टी के साथ 26.3.06 को लगभग 0530 बजे नक्सलवादियों को धर पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाने हेतु प्रस्थान किया। तेलीपांटा गांव पहुंचने के पश्चात निरीक्षक ललित कुमार (पार्टी कमांडर) ने इन्दरावती नदी की तरफ जाने वाले मार्ग पर नए पैरों के निशान नोटिस किए। उन्होंने पदचिन्हों का पीछा करने हेतु अपनी बुद्धि का उपयोग किया तथा मार्ग परिवर्तित कर दिया। टुकड़ियां युक्तिपूर्वक आगे बढ़ी तथा कमर तक गहरे पानी में इन्दरावती नदी को पार किया तथा पदचिन्हों का पीछा किया। टुकड़ियां आगे बढ़ीं तथा विस्तृत पंक्ति में अपने गठन को परिवर्तित करती रहीं तथा उन्होंने पारकेली गांव के घने जंगल क्षेत्र में प्रवेश किया। पार्टी कमांडर निरीक्षक ललित कुमार ने आगे बढ़ते हुए नेतृत्व करते हुए अचानक बेस कैम्प में लगभग 20-25 नक्सलवादियों के समूह को देखा। उन्होंने तुरन्त क्षेत्र की घेराबंदी करने हेतु टुकड़ियों को संकेत दिया, कैम्प के निकट से पहाड़ियों के नीचे से भारी गोलीबारी होने लगी। कोई और विकल्प के न रहने पर निरीक्षक ललित कुमार ने अपने साथी कांस्टेबल जे.जे. गोगोई और दिनेश कुमार के साथ दुश्मन की गोलीबारी में अपने जीवन को पूरी तरह जोखिम में डालते हुए कैम्प की तरफ आगे बढ़े और अपनी ए के-47 राइफलों से गोलीबारी प्रारंभ कर दी। टुकड़ियों द्वारा प्रदर्शित इस तुरन्त हरकत और पेशेवर कार्रवाई ने दुश्मन की गोलीबारी को निष्क्रिय कर दिया। निडरता से टुकड़ियों के आगे बढ़ने के कारण नक्सलवादी उनके ताप को ज्यादा देर तक सहन न कर

सके तथा वे शिविर को छोड़ने के लिए विवश हो गए। चूंकि नक्सलवादी सी आर पी एफ टुकड़ियों के कारगर प्रहार के कारण चौंक गए, वे दो आई ई डी में भी विस्फोट नहीं कर सके, जिन्हें पहुंच मार्गों पर लगाया गया था। परस्पर चली गोलीबारी में निरीक्षक ललित कुमार ने पेड़ की शाखा की आड़ लेते हुए, संतरी चौकी पर एक महिला नक्सल को मार गिराया जो उन पर गोलीबारी कर रही थी। नाले में कूदते हुए उन्होंने दुबारा अपने मोर्चे को परिवर्तित किया तथा एक और पुरुष नक्सल को निष्क्रिय किया जो हथगोला फेंकने की तैयारी कर रहा था तथा मोर्चे में बदलवाव लाने और आगे बढ़ने हेतु अपने कोर ग्रुप को कवरिंग गोलीबारी उपलब्ध करवाई। तत्काल कांस्टेबल जे.जे. गोगोई कवर हेतु नाले के पास एक वृक्ष की तरफ आगे बढ़े तथा उन्होंने एक नक्सलवादी को मार गिराया। बंदूक की लड़ाई में हैड कांस्टेबल जी.सी. गोगोई और कांस्टेबल जीत सिंह तथा दिनेश कुमार युक्तिपूर्वक आगे बढ़े तथा प्राकृतिक कवर की मदद से नक्सलवादियों के मोर्चे की तरफ प्रभावपूर्ण गोलीबारी शुरु कर दी तथा स्थल पर दो और नक्सलवादियों को मार गिराया। जबकि प्लाटून भारी गोलीबारी में व्यस्त थी, नक्सलवादियों की गोलीबारी की मात्रा कम हो गई तथा आक्रमण का मुकाबला करने में अक्षम होने पर समाप्त हो गई। क्षेत्र की घेराबंदी और तलाशी शुरु की गई जिसमें पहचान विहिन नक्सलवादियों के पांच शव बरामद किए गए। शस्त्र/गोलाबारुद, विस्फोट, साहित्य और अन्य माओवादी सामग्री भी शिविर स्थल से बरामद की गई। विभिन्न खून के धब्बे देखे गए। जिससे पता चलता है कि भागे हुए अन्य नक्सलवादियों को गहरी चोटें लगी हैं। टुकड़ियों ने शिविर को ध्वस्त कर दिया तथा वे टुकड़ियों को किसी चोट अथवा हानि के बिना सुरक्षित वापिस लौटा लाए। तथापि, मुठभेड़ के बारे में सूचना प्राप्त होने के पश्चात, श्री वी.डी. टोकस, तब के आई जी पी, विशेष सेक्टर, सी आर पी एफ दिल्ली जोकि अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीजापुर में उपस्थित थे, टुकड़ियों के साथ दौड़े आए तथा क्षेत्र को सुरक्षित किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री ललित कुमार, निरीक्षक, जी.सी. गोगोई, हैड कांस्टेबल, दिनेश कुमार, कांस्टेबल, जे.जे. गोगोई, कांस्टेबल तथा जीत सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 मार्च, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 169-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री संतोष चौधरी,
कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

सशस्त्र संदिग्ध एन डी एफ बी उग्रवादी द्वारा फैंसी बाजार, बीजनी (असम) में लूटखसोट किए जाने के संबंध में स्वंय के स्रोत से विश्वसनीय सूचना की प्राप्ति पर श्री राकेश पाल राणा, कमांडेंट (सी सी डी) द्वारा 06.06.07 को उक्त उग्रवादी को पकड़ने के लिए एक योजना तैयार की गई। इस सूचना के आधार पर डी/116 के आसूचना प्रकोष्ठ के सी टी/जी डी दिपेन बोरो के साथ एक पार्टी को कुछ दिनों के लिए संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क नजर रखने के लिए फैंसी बाजार क्षेत्र में तैनात किया गया। 14.06.2007 को दो एच सी/जी डी तथा छः सी टी/जी डी को शामिल करके एक पार्टी सहित सी टी/जी डी दिपेन बोरो ने सादी वर्दी में लगभग 1840 बजे क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में पीले रंग की हीरो होण्डा ग्लैमर बाइक पर एक व्यक्ति को घूमते हुए देखा। कम्पनी कमांडर ने पार्टी को संदिग्ध पर नजर रखने तथा उसको उस इलाके को छोड़ने न देने का निर्देश दिया। तदनुसार टुकड़ियां स्थल की तरफ दौडीं तथा उन्होंने क्षेत्र को घेर लिया। पार्टी संदिग्ध की तरफ सावधानी से आगे बढ़ी तथा उसको अपने हाथ खडे करने का आदेश दिया। कम्पनी कमांडर के आदेश पर, सी टी/जी डी संतोष चौधरी ने युक्तियुक्त रणनीति अपनाते हुए संदिग्ध की तलाशी लेना शुरु किया। अचानक संदिग्ध ने इलास्टिक स्पोर्ट एंक्लेट में रखी अपनी पिस्तौल निकाल ली जोकि उसने पैन्ट के नीचे अपने जुराबों में रख रखी थी तथा सी टी/जी डी संतोष चौधरी के घुटने में बुरी तरह वार किया। सी टी/जी डी संतोष चौधरी घटनास्थल पर नीचे गिर पड़े तथा संदिग्ध ने भूमि पर पिस्तौल को गिराने के पश्चात वहां से भागना शुरु कर दिया। टुकड़ियों ने उसका पीछा करने का प्रयास किया परन्तु भारी बी.पी. जैकेट और हैल्मैट में होने के कारण संदिग्ध व्यक्ति निरन्तर आगे भाग रहा था। यह देखते हुए कि उग्रवादी पकड़ से बाहर जा रहा है, सी टी/जी डी संतोष चौधरी ने उग्रवादी द्वारा छोडी गई हीरा होण्डा को तत्काल चालू किया तथा उसका पीछा किया। सी टी/जी डी संतोष चौधरी को काफी निकट देखने के पश्चात संदिग्ध व्यक्ति ने सड़क छोड़ दी तथा सड़क के साथ पानी में कूद पड़ा। सी टी/जी डी संतोष चौधरी ने तत्काल बाइक को रोका, अपनी राइफल निकाल ली तथा उसको चुनौती दी। भागने का कोई रास्ता न पाने पर संदिग्ध व्यक्ति ने समर्पण कर दिया। सी टी/जी डी संतोष चौधरी ने श्री रामेश्वर सिंह, ए/सी की कमांड के तहत पार्टी के आगमन तक उसको बंदूक की नोक पर रखा। उसकी दुबारा सावधानीपूर्वक तलाशी ली गई। उसके कब्जे से निम्नलिखित शस्त्र/गोलाबारुद तथा मदें बरामद की गई:-

1. 7.62 एम एम चाइनीज पिस्तौल - 01

2.	7.62 एम एम चाइनीज पिस्तौल मैगजीन	-	01
3.	7.62 एम एम जिंदा राउन्ड	-	08
4.	नौकिया मोबाइल फोन सेट	-	01
5.	हीरो होण्डा ग्लैमर एम/सी	-	01
6.	आई कार्ड जिस पर डी. खाबांग पुत्र बिपेन डिमेरी लिखा है		
7.	एक पर्स साथ में 1900/-रु.	-	
8.	हीरो होण्डा ग्लैमर एम/सी ए एस-15/बी.1152 का पंजीकृत प्रमाणपत्र जिसमें रमेश चंद डिमेरी का मालिक के रुप में उल्लेख है		
9.	डी. खाबांग, एक दुर्दान्त एन डी एफ बी उग्रवादी गिरफ्तार		

इस मुठभेड़ में श्री संतोष चौधरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 जून, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 170-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता हेतु पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	संजय कुमार, सहायक कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	कलाब हुसैन, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 26.3.06 को प्रात: श्री संजय कुमार ने आई ई डी तलाशी का पर्यवेक्षण किया तथा आर ओ पी और औचक नाका के लिए युक्तिपूर्वक तैनाती की। लगभग 0910 बजे, जब पामपोरे बाजार क्षेत्र से सेना की प्रथम डाउन टुकडी गुजर रही थी, श्री संजय कुमार ने दारंगबल मौहल्ले से ए के गोली दागने की ध्वनि सुनी और उन्होंने रणनीतिपूर्वक साइड लेन के जरिए एक बंकर में तत्काल प्रस्थान किया। उन्होंने दार मस्जिद लेन के समीप एक उग्रवादी को बैठे हुए देखा जोकि एन एच-1ए से गुजरते टुकडी के वाहनों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था। श्री संजय कुमार ने तत्काल उग्रवादी की तरफ गोलीबारी करके जवाबी कार्रवाई की जिसने एक हथगोला फैंका जोकि बंकर के निकट फटा। उग्रवादी ने गोलीबारी द्वारा बंकर पर प्रहार किया तथा उग्रवादी और श्री संजय कुमार सहित एस्कोर्ट के मध्य कुछ

मिनटों हेतु मुठभेड़ चलती रही। उग्रवादी ने पत्थर के टुकड़े की आड़ लेते हुए बंकर की तरफ गोलीबारी करना जारी रखा। श्री संजय कुमार और सी टी/जी डी कलाब हुसैन ने अपने आपको संलग्न रखा जिसके कारण उग्रवादी सेना की टुकड़ी पर गोलीबारी नहीं कर सका। श्री संजय कुमार और सी टी/जी डी कलाब हुसैन बुद्धि का परिचय देते हुए, हालांकि उत्पन्न गहरे खतरे के बावजूद, बंकर के अंदर से कूद पडे तथा उपयुक्त मोर्चा संभाला और एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात उग्रवादी को मार गिराया। श्री संजय कुमार ने सी टी/डी वी आर बिजेन्द्र कुमार को बंकर को उग्रवादी की तरफ बढ़ाने के लिए कहा ओर वाहन उग्रवादी की टांग पर लगा। श्री संजय कुमार, अन्य उग्रवादी की गोलीबारी का निरन्तर जवाब देते रहे जोकि गोलियां दाग रहा था तथा जिसने सी आर पी एफ पार्टी की तरफ अन्य हथगौला फेंका। 50 आर.आर. का हाइड आउट दल भी घटनास्थल पर पहुंच गया तथा प्रत्येक घर की तलाशी शुरु की गई। जब डी और जी/141 बटालियन की टुकड़ियां घेराबंदी और तलाशी अभियान में व्याप्त थी तभी सेना की टुकड़ी को सहायक ड्यूटी उपलब्ध करवा रही 5 जे ए टी की टुकड़ियां भागती हुई आईं तथा उस गली की तरफ गोलीबारी करने लगी, जहां उग्रवादी का शव पड़ा था और इस तरह हडबड़ी सी मच गई और उन्होंने मृतक उग्रवादी का हथियार उठा लिया और 50 आर आर की टुकडियाँ घटनास्थल पर उपस्थित 141 बटालियन कार्मिकों द्वारा रोकने के बावजूद उग्रवादी के शव को उठा कर ले गई। मारे गए एल ई टी आत्मघाती स्कैवड के उग्रवादी की पहचान बशहरात अहमद वागे उर्फ अबु हुरेरा पुत्र अब्दुल हमद वागे निवासी हरमान, सोपियान, पुलवामा के रूप में की गई। श्री संजय कुमार ए/सी तथा कांस्टैबल कलाब हुसैन ने कर्तव्य के प्रति उच्चकोटि की प्रतिबद्दता का परिचय दिया तथा अत्यधिक पेशेवर तरीके से इस स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया की जिसके कारण उग्रवादी सेना की टुकड़ी को ज्यादा क्षति नहीं पहुंचा सके। उत्पन्न गहरे खतरे के बावजूद, श्री संजय कुमार और कांस्टेबल कलाब हुसैन ने अपने परिचालनात्मक कार्य कौशल का वीरतापूर्वक परिचय दिया और एल ई टी उग्रवादी को मार गिराया। ऐसी पांच कायरतापूर्ण आक्रमण की घटनाओं में से सिर्फ उक्त घटना में ही उग्रवादी को घटनास्थल पर ही निष्क्रिय किया गया था जिसने उग्रवादियों के मनोबल को चकनाचूर कर दिया। मृतक उग्रवादी के पास से १ ए के-47 तथा 2 मेगजीन, हथगौला पिन-2, दागे गए खोल-28 संख्या में बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संजय कुमार, सहायक कमांडेंट तथा कलाब हुसैन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रथम बार/वीरता हेतु पुलिस पदक सहर्ष के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 मार्च, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

30—381 GI/2008

सं. 171-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1.	सुबेश कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	नरेन्द्र भारदद्वाजा, पुलिस उप महानिरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3.	अखिलेश प्रसाद सिंह कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
4.	उपेन्द्र पाल सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	ललित चौधरी, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

गुलाम रसूल, निवासी ईशबेर निशात, श्रीनगर, के घर में अल बदर उग्रवादियों की उपस्थिति के संबंध में एस पी (आपरेशन) जे.के.पी. से आसूचना प्राप्त होने पर श्री नरेन्द्र भारदद्वाजा, पुलिस उप महानिरीक्षक, सी.आर.पी.एफ., श्रीनगर ने 05.04.2007 को अल्प नोटिस पर प्रस्थान करने हेतु 112 बटालियन मुख्यालय को अपनी टुकड़ियों को सतर्क करने के लिए श्री सत्य नारायण सिंह, 2-आई सी 112 बटालियन और श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, कमांडेंट 139 बटालियन को सचेत किया। तदनुसार, बी और जी/139 बटालियन की टुकड़ियों ने एस पी (आपरेशन) श्रीनगर से उग्रवादियों की उपस्थिति के संबंध में पुष्टिकरण रिपोर्ट प्राप्त होने पर 112 बटालियन मुख्यालय के लिए प्रस्थान किया। श्री भारदद्वाजा ने टुकड़ियों को तत्काल लामबंद होने का आदेश दिया। क्यू आर टी और 112 बटालियन की एक प्लाटून ने श्री सत्यनारायण सिंह 2-आई सी तथा डी सी (आपरेशन) श्री रिन चेन वांग्याल दावा ने बी और जी कम्पनी 139 बटालियन, श्री रमेश कुमार बाली, डी/सी 139 बटालियन की कमांड के अन्तर्गत; रणनीति तैयार की और उस इलाके की ऊपरी दिशा में घेराबंदी के लिए पैदल ही 0030 बजे निशात के लिए प्रस्थान किया। लगभग 0045 बजे जब क्षेत्र की घेराबंदी की प्रक्रिया चल रही थी, घर में छुपे उग्रवादियों ने गोलीबारी प्रारंभ कर दी। अंधेरे का फायदा उठाते हुए, एक उग्रवादी ने घर के बाग की तरफ घेराबंदी को तोड़ते हुए भागने का प्रयास किया परन्तु उसको देख लिया गया तथा निष्क्रिय कर दिया गया। श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, कमांडेंट, 139 बटालियन, अपनी क्यू आर टी के साथ 0130 बजे घटनास्थल पर पहुंचे तथा आतंरिक घेराबंदी को सुदृढ़ किया। इसी बीच जे के पुलिस एस ओ जी ने वहां के निवासियों को आरक्षित स्थान पर पहुंचा कर आस-पास के घरों के चारों तरफ युक्तियुक्त मोर्चा संभाल

31—381 GI/2008

लिया। टुकड़ियों ने प्रातः के प्रथम प्रकाश के लिए प्रतीक्षा की तथा उग्रवादियों की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए 0630 बजे लक्षित घर की तरफ कुछ राउन्ड गोली चलाई। श्री भारदद्वाजा अपनी क्यू आर टी के साथ 06.04.2007 को 0700 बजे घटनास्थल पर पहुंच गए तथा स्थिति की समीक्षा करने के पश्चात क्षेत्र का एक राउन्ड लगाया, विभिन्न पार्टियों की युक्तियुक्त स्थिति का आकलन किया, बंकरों, एल एम जी तथा टेलीस्कोपिक बंदूकों, ए जी एल आदि की स्थिति की जांच की तथा उनको ठीक किया, ऐसा करते समय वे भारी जोखिम उठा रहे थे और उग्रवादियों की गोलीबारी का सामना कर रहे थे। उप महानिरीक्षक के स्वंय के नेतृत्व में 03 आक्रमण तथा रुम इन्टरवेंशन पार्टियों, कमांडेंट 139 बटालियन और 2-आई सी 42 बटालियन का क्रमशः गठन किया गया। लक्षित घर की तरफ प्रस्थान करने हेतु बनी रणनीति के बारे में उनको ब्रीफ किया गया। जैसे ही उन्होंने आगे बढ़ने का प्रयास किया, डी आई जी सहित पार्टियों को उग्रवादियों की भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा। श्री भारदद्वाजा ने अपने व्यक्तिगत जोखिम पर घर की सभी दिशाओं पर इन बिन्दुओं पर स्वंय मोर्चा संभालते हुए विभिन्न बिन्दुओं से लक्षित घर पर नियंत्रित गोलीबारी का संचालन किया। श्री सुबेश कुमार सिंह, आई पी एस, आई जी (प्रशासन), सी आर पी एफ श्रीनगर और श्री पोरेन्द्र प्रताप, ए डी आई जी (इन्ट/आप.), श्रीनगर, अपनी क्यू आर टी के साथ तत्काल आपरेशन स्थल पर पहुंचे। डी आई जी, श्रीनगर द्वारा ब्रीफ किए जाने के पश्चात आई जी, श्रीनगर ने लक्षित घर के आगे हो रहे गोलीबारी संग्राम की सीधी पंक्ति में स्थित घर में अपना मोर्चा संभाला। अपने मोर्चे से वे उग्रवादियों की हरकत को देखने में सक्षम थे और तदनुसार उन्होंने टेलीस्कोपिक बंदूक को देख लिया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वे समय-समय पर गोलीबारी करने के आदेश पास कर रहे थे। उन्होंने लक्षित घर पर निगरानी रखते हुए लगातार अभियान का पर्यवेक्षण किया और उग्रवादियों की हरकत के बारे में सूचना दी। एक उग्रवादी को देखने के पश्चात उन्होंने तत्काल उग्रवादी पर गोली चलाई और उसको घायल कर दिया, जिसके कारण विभिन्न सी आर पी एफ कार्मिकों की जानें ही नहीं बचीं बल्कि परन्तु बिना किसी रुकावट के निरन्तर अभियान को चलाने में भी इससे सहायता मिली। उनके मोर्चे को देखे जाने और उग्रवादी की तरफ से उनकी तरफ गोलियों की बौछार होने के बावजूद वे खतरनाक व्यक्तिगत जोखिम पर लगातार डटे रहे तथा अपने-अपने मोर्चे पर खड़े कमांडर को मार्ग निर्देशित और दिशा निर्देशित करते रहे। सर्व/श्री नरेन्द्र भारदद्वाजा, डी आई जी, श्रीनगर, अखिलेश प्रसाद सिंह, कमांडेंट, 139 बटालियन और सुनन्द कुमार, 2-आई सी 42 बटालियन जो कि रूम इन्टरवेंशन टीमों और अन्य टुकड़ियों का नेतृत्व कर रहे थे, ने लघु शस्त्रों के साथ उग्रवादियों की गोलीबारी का साहस के साथ सामना किया। चूंकि लघु शस्त्रों द्वारा की जा रही गोलीबारी प्रभावपूर्ण साबित नहीं हो रही थी, इसलिए श्री भारद्वाज ने अपनी क्यू आर टी को लक्षित घर पर ए जी एल से गोलीबारी करने का निर्देश दिया। ए जी एल गोलीबारी के दौरान श्री भारद्वाज, कांस्टेबल उपेन्द्र पाल सिंह, 112 बटालियन, कांस्टेबल नरेन्द्र गुजर, 1 बटालियन आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना कर रहे थे परन्तु उन्होंने स्थिति का साहस के साथ सामना किया तथा ए जी एल को देख लिया और सफलतापूर्वक आतंकवादियों को निष्क्रिय कर दिया। कांस्टेबल नारायण सिंह राठौर, 1 बटालियन, अपने शस्त्रों और टेलीस्कोपिक साइटस के साथ रणनीतिपूर्वक मोर्चा संभाले हुए थे जहां से उन्होंने समग्र अभियान के दौरान आतंकवादियों पर निरन्तर दबाव बनाए रखा, हालांकि उनको आतंकवादियों द्वारा लक्ष्य बनाया जा रहा था और वे उनकी गोलीबारी का सामना कर रहे थे। श्री सुबेश कुमार सिंह, आई जी श्रीनगर ने अपनी सुरक्षा की चिन्ता किए बिना तथा उग्रवादियों की गोलीबारी को प्रत्यक्ष पंक्ति के निरन्तर सामने आने के बावजूद, प्रत्येक खिड़की और दरवाजे को कवर करते हुए रणनीतिपूर्वक इन कांस्टेबलों की गोलीबारी के मोर्चे का पता लगाया। कुछ समय पश्चात दोनों पक्षों की तरफ से संक्षिप्त विराम हो गया। श्री भारदद्वाजा ने इन्टरवेशन पार्टी के साथ

हस्तक्षेप करने हेतु लक्षित घर की तरफ पहुंचने का प्रयास किया परन्तु श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, कमांडेंट 139 बटालियन ने एक उग्रवादी को देख लिया जिसने उन पर गोलीबारी करना शुरु कर दिया। इसके बाद श्री भारदद्वाजा ने सी जी आर एल फायर को लक्ष्य को थोड़ा सहज बनाने का निर्देश दिया और चूंकि सी जी आर एल के प्रयोग हेतु कोई स्पष्ट गोलीबारी नहीं हो रही थी, श्री भारदद्वाजा ने अपनी क्यू आर टी को सी जी आर एल से गोलीबारी को कारगर बनाने हेतु लक्षित घर की चारदिवारी में दो छेद करने का निर्देश दिया। आई जी, सी आर पी एफ श्रीनगर ने लक्षित घर की प्रथम मंजिल पर उग्रवादियों की हरकत को देख लिया और डी आई जी, श्रीनगर को सूचित किया। श्री भारदद्वाजा ने प्रथम मंजिल पर ए जी एल से गोलीबारी करने का निर्णय लिया। यह एक बहुत ही जोखिमपूर्ण और साहसपूर्ण कार्रवाई थी क्योंकि कमरे के आगे दांए खुले में पार्टी थी जहां उग्रवादी छुपे हुए थे। इसके पश्चात लक्षित घर के भीतर कोई हरकत नहीं देखी गई ओर गोलीबारी भी बंद हो चुकी थी। डी आई जी, श्रीनगर ने अपनी क्यू आर टी के पर्यवेक्षण के तहत रूम इन्टरवेशन किया तथा श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, कमांडेंट 139 बटालियन की कमांड के अन्तर्गत अन्य इन्टरवेंशन कार्य कर रही थी तथा घर के अंदर पड़े हुए तीन शव बरामद किए गए। मृतक उग्रवादियों की बाद में पहचान अबु अख्तर पहलवान निवासी रावलपिंडीर, पाकिस्तान, कुलजार अहमद दर उर्फ से फुल्लापुज अब्दुल रसीद दर निवासी जैना बाटो सौफियान तथा रमीज अहमद माला पुत्र गुलाम हसन माला निवासी लातेर, पुलवामा के रूप में की गई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुबेश कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, नरेन्द्र भारदद्वाजा, पुलिस उप महानिरीक्षक, अखिलेश प्रसाद सिंह, कमांडेंट, उपेन्द्र पाल सिंह, कांस्टेबल तथा ललित चौधरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक के नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 अप्रैल, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 172-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री हजारी लाल
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 09/08/2006 की रात को विशिष्ट सूचना के आधार पर श्री प्रदीप राणा, सहायक कमांडेंट और एस एच ओ गारु की कमान के अन्तर्गत सी आर पी एफ की एफ/13 बटालियन ने योजना बनाई और अभियान चलाया। लगभग 2330 बजे के आसपास स्थानीय पुलिस के साथ सी आर पी एफ की 13 वीं बटालियन के जवान अभियान के लिए क्षेत्र की ओर पैदल चल पड़े। दिनांक 10/08/2006 को 0200 बजे के आसपास, जब पार्टी कावरी बाजार पहंची, तब बारीबंध और दारीछप्पर गांवों को दो दिशाओं से घेरने के लिए श्री प्रदीप राणा, ए/सी और एस एच ओ गारु की कमान को दो टीमों में बांट दिया गया। श्री प्रदीप राणा, ए/सी के नेतृत्व वाली टीम दारी छप्पर गांव के पास पहुंची और उसे घेर लिया। विशिष्ट सूचना होने के कारण , शांति देवी पत्नी स्व. लक्ष्मण राम के संदिग्ध घर को घेर लिया गया। घर की तलाशी के दौरान अंदुरुनी छत पर कुछ हलचल देख कर एच सी हजारी लाल ने श्री प्रदीप राणा ए/सी की दिशा से सीढ़ी की सहायता से छत के नजदीक पहुंचने की कोशिश की। जब एच सी हजारी लाल अकेले घर की भीतरी छत पर पहुंचने के लिए पतली जगह से पहुंच रहे थे, तभी अतिवादियों द्वारा अचानक उन पर गोलीबारी शुरु कर दी गई। एच सी हजारीलाल ने भी गोलीबारी की । चूंकि अतिवादियों ने लकड़ी के लट्ठे के पीछे स्थिति ले रखी थी और बिल्कुल अंधेरा होने के बावजूद भी, एच सी हजारीलाल ने अदम्य साहस का परिचय दिया और अतिवादियों की तरफ आगे बढ़े। चूंकि अतिवादियों के पास एक बार चलने वाली पिस्तौल थी, इसलिए अंधेरा होने के कारण वे अपने हथियार को दोबारा भरने में सक्षम नहीं हो सके थे। जैसे ही एच सी हजारीलाल उनके पास पहुंचे तभी अतिवादी लकड़ी के लट्ठे के पीछे से उस पर कूदे और उनका हथियार छीनने के लिए उन पर झपटे। तुरंत प्रतिक्रिया, दृढ निश्चय और साहस दिखाते हुए एच सी हजारीलाल ने दोबारा उग्रवादी पर गोली चलाई और उसे मार गिराया, जिसकी बाद में पहचान सत्येन्द्र पासवान उर्फ विनय जी उर्फ संदीप जी, लेटहार जिले के गारु , मेहतानंद और नेत्रहाट क्षेत्र के सब जोनल कमांडर के रुप में हुई। तलाशी अभियान के दौरान निम्नलिखित बरामदी हुई:-

1. एक नक्सली का शव
2. .315 बोर की पिस्तौल
3. डेटोनेटर
4. .315 जिंदा कारतूस
5. .315खाली कारतूस

6. 7.62 खाली कारतूस
7. .303 खाली कारतूस
8. नकदी
9. इलेक्ट्रिक तार
10. पीठू
11. काली वर्दी
12. नक्सल साहित्य
13. संदिग्ध

इस मुठभेड़ में श्री हजारी लाल, हैड कांस्टेबल ने असाधारण शौर्य , अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 अगस्त, 2006 अक्तूबर से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 173-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री कन्हैया सिंह,
सहायक कमांडर

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 5/10/2006 को 1745 बजे के आसपास पुलिस प्रतिनिधियों के साथ श्री कन्हैया सिंह, ए/सी की कमान के अन्तर्गत 13वीं बटालियन के जवानों के साथ "जेबरा" नामक एक विशेष अभियान के एक भाग के रुप में रनपुरा बाजार के बेसरी टोला क्षेत्र से रणनीतिक युक्ति से चले। अचानक रनपुरा गांव की मार्केट में उपस्थित 80 के लगभग नक्सलवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सी आर पी एफ जवानों ने तुरंत पोजीशन ले ली ओर जवाबी गोलीबारी की। स्थानीय लोगों से खचाखच भरे बाजार ने जवानों के लिए मुश्किल पैदा कर दी, परन्तु श्री कन्हैया सिंह ए/सी ने स्थिति को नियंत्रण में रखा ओर नियंत्रित एवं लक्षित गोलीबारी के आदेश दिए। भारी गोलीबारी के बाद नक्सलवादी स्थानीय लोगों को ढाल बनाते हुए पीछे हटने लगे। सी आर पी एफ के जवान सिविलियनों के हताहत होने के डर से ग्रेनेड तथा मोर्टार जैसे हथियारों को उस क्षेत्र में प्रयोग नहीं कर सके। श्री कन्हैया सिंह ए/सी ने एक टुकड़ी के साथ प्रतिकूल परिस्थिति जैसे कि अंधेरा होना, अतिवादियों की तरफ से संभावित गोलीबारी वाला भूभाग और बारुदी सुरंग वाला क्षेत्र होने के बावजूद धैर्य और दृढ निश्चय से अतिवादियों का पीछा किया। पीछा करते हुए सी आर पी एफ पार्टी दोनों तरफ से गोलीबारी के बीच में आ गई । श्री कन्हैया सिंह, सहायक कमांडेंट ने पहल करते हुए और अपनी जिन्दगी को खतरे में डालते हुए अपनी गोली से एक नक्सल ग्रुप को निरस्त कर दिया। इस ग्रुप में जो नक्सली दूसरे नक्सलवादियों को भागने के लिए कवर दे रहा था उस को मार गिराया। जिसकी बाद में पहचान नक्सल की 42वीं प्लाटून के टुकड़ी कमांडर के रुप में हुई और एक एस एल आर, दो राउंदों से भरी एक मैगजीन को उनके

32—381 GI/2008

कब्जे से बरामद किया। अतिवादियों ओर सी आर पी एफ जवानों के बीच रुक-रुक कर रातभर गोलीबारी होती रही। निम्नलिखित सशस्त्र और गोलाबारुद मोके से बरामद किए गए:-

1. एस एल आर	-	01 नग
2. एस एल आर मैगजीन	-	01
3. 7.62 जीवित राउंद	-	28नग
4. हैंड ग्रेनेड-	-	02
5. केन बम-	-	01 (10केजी)
6. डिटोनेटर-	-	11
7. 7.62 मिमी खाली केस-	-	02
8. 303 बोर राउंद	-	48
9. चार्जर	-	10

10. और दूसरे अन्य सामग्री -नक्सलाइट का मृत शरीर, वर्दी और नक्सली साहित्य

इस मुठभेड़ में श्री कन्हैया सिंह, सहायक कमांडेंट ने असाधारण शौर्य , अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 अक्तूबर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 174-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री राधे श्याम,
उप-निरीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया</u>

दिनांक 2/12/06 को सिविल पुलिस कार्मिकों के साथ श्री पी के लाल, एसी की कमान के अधीन ए/13 वीं की दो प्लाटूनों ने लेटहार जिले में छापा/तलाशी अभियान चलाया। 10 बजे के आस पास जब सी आर पी एफ जवान चाक गांव के पास पहुंचे और तलाशी के लिए गांव को घेरा, तभी उन्होंने गांव के एक कोने में कुछ संदिग्ध हलचल देखी। पास –पड़ोस में नक्सली दस्ते की उपस्थिति की आशंका से सी आर पी एफ पार्टी ने दो तरफ, एक तरफ श्री पी के लाल, एसी और दूसरी तरफ एस आई राधेश्याम के नेतृत्व में क्षेत्र को चतुराई से कवर कर लिया। जैसे ही एस आई राधेश्याम के नेतृत्व वाला दस्ता नदी के समीप पहुंचा, तभी नदी के किनारे पर लगे पेड़ो के पीछे से नक्सली दस्ते के गुप्तचरों ने उन पर गोलीबारी शुरु कर दी। एस आई राधेश्याम ने तीव्रता से कार्रवाई की और भेदियों पर भारी गोलीबारी की तथा उन्हें भारी गोलीबारी से दबा दिया। आगे बढ़ने पर, वहां उपस्थित एक नक्सलवादी ग्रुप ने सी आर पी एफ जवानों पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। इस जबरदस्त मुठभेड़ में एस आई राधेश्याम ने अपने दस्ते के जवानों के साथ अपनी जिन्दगी को खतरे में डालते हुए नक्सलवादी ग्रुप की तरफ आक्रमण किया और एक अतिवादी को गोली मारी, जिसकी बाद में मौत हो गई। इनकी निडरता के कारण नक्सलवादी पीछे हटने लगे और नदी के पार चले गए। उनका पीछा करते हुए, जवानों ने भी एक नक्सली को पकड़ लिया। सी आर पी एफ जवानों की तीव्र कार्रवाई और एस आई राधेश्याम के अदम्य साहस ने न केवल सशस्त्रों /गोलाबारुदों की बड़ी खेप और अन्य मदों (पैरा 5 मे उल्लिखित) की बरामदगी कराई बल्कि नक्सली दस्ते को अपना निजी समान और हथियार छोड़कर भागने के लिए मजबूर भी किया। नक्सली दस्ते की बाद में पहचान जोनल कमांडर बी के जी उर्फ रवि जी के रुप में हुई। यह 35-40 केडरों से बना एक भयानक दस्ता था जो लोगों के लिए भय का एक कारण था और सुरक्षा बलों के साथ कई मुठभेड़ कर चुका था। संख्या 971121225 एस आई राधेश्याम द्वारा सावधानी, स्फूर्ति और वीरतापूर्ण कार्रवाई तथा उनके कुशल नेतृत्व ने अदभूत कार्य कर दिखाया जिसमें नक्सलवादियों ने न केवल अपने एक क्षेत्र कमांडर की जान गंवाई बल्कि अत्यधिक सशस्त्रों ।गोलाबारुद की भी उन्हें हानि हुई। नक्सलवादियों का मनोबल बुरी तरह टूट गया जिससे दस्ता टूट गया। निम्नलिखित सशस्त्र/ गोलाबारुद मौके से बरामद हुआ:-

1. पुलिस स्टेनगन- 01नग
2. पुलिस 303 राइफल-02 नग

3. 315 राइफल-01 नग
4. सिंगल बैरेल गन-01 नग
5. डबल बैरेल गन-01 नग
6. सी/निर्मित रिवाल्वर-02 नग
7. 315 कारतूस-317 नाटस
8. 9एमएम-18नाट्स
9. 303 कारतूस-138 नाट्स
10. 12बोर कारतूस-109 नाट्स
11. डिटोनेटर-06 नाट्स
12. काली वर्दी-25सेट
13. चार्जर-10 नाट्स
14. बेल्ट-12 नाटस
15. मोटर साइकिल-01नग
16. अत्यधिक मात्रा में नक्सली साहित्य, नक्सली वर्दी, चादरें, सिविल परीधान, दवाईयां और रोजमर्रा की वस्तुएं।

इस मुठभेड़ में श्री राधेश्याम, उप-निरीक्षक ने असाधारण शौर्य , अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2दिसम्बर, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 175-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. जयंतो कुमार बंद्योपाध्याय,
   कांस्टेबल
2. सजल चौधरी,
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

दिनांक 6.7.06 को 138वीं बटालियन के श्री अरुण कुमार सिंह की कमान के अधीन एक प्लाटून, एस पी बिजापूर द्वारा दी गई विशेष सूचना पर बसगुड़ा पी एस, बिजापूर, छतीसगढ़ के अन्तर्गत मरुबका में नक्सल ठिकाने पर छापा मारने जा रही थी। जब वे 1530 बजे के आसपास लिंगागिरी के जंगली क्षेत्र से गुजर रहे थे, तब नक्सलवादियों ने एक बारुदी सुरंग में विस्फोट कर दिया और फिर सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। जवानों ने अपनी पोजिशन ले ली और तदनरुप जवाबी गोलीबारी की। नक्सलवादी 100 के आसपास थे और स्वचलित हथियारों जैसे कि एस एल आर, एल एम जी, ए के-47 इत्यादि से गोलीबारी कर रहे थे। वे अच्छी पोजिशन में भी थे। जिसके कारण जवानों को नक्सलवादियों के आक्रमण का जवाब देने में मुश्किल पैदा हो रही थी। इस स्थिति में श्री ए.के. सिंह पार्टी कमांडर ने पेशेवर, प्रशंसनीय सूझ-बूझ का परिचय और अपनी जिन्दगी की परवाह न करते हुए रेंगते हुए 150 मीटर आगे बढ़े। उन्होंने नक्सलवादियों की स्थिति को देखा और एक रणनीति बनाई। तब उक्त अधिकारी एक टुकड़ी के साथ रेंगते हुए 350 मीटर आगे बढ़े और उस स्थान के नजदीक पहुंचे जहां से नक्सलवादी पार्टी पर गोलीबारी कर रहे थे जबकि दूसरी टुकड़ी नक्सलवादियों पर जवाबी गोलीबारी करती रही और उन्हें व्यस्त रखा। श्री ए.के. सिंह ए सी सामने से टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। जब वह आगे बढ़ रहे थे तब पेड़ के पीछे से पार्टी पर गोलीबारी कर रहे एक नक्सलवादी ने उक्त अधिकारी की पोजिशन देखी और उन पर गोलीबारी शुरु कर दी परन्तु श्री ए.के. सिंह, ए सी ने गोली से बचने के लिए तुरंत अपनी पोजिशन बदल ली और अपनी जिंदगी की परवाह न करते हुए वह स्फूर्ति से नक्सलवादी पर कूद पड़े और नक्सलवादी द्वारा उन पर गोली चलाने से पहले ही उन्होंने नक्सलवादी को मार गिराया। फिर अधिकारी, कांस्टेबल जयंतो कुमार बंद्योपाध्याय, सजल चौधरी के साथ आगे बढ़े और नक्सलवादियों की स्थिति तक आगे बढ़ते रहे तथा नक्सलवादियों पर बाजू से आक्रमण किया। बंदूक की लड़ाई में अन्य नक्सलवादियों के मरने की रिपोर्ट मिली। जवानों ने भी खून के धब्बे और तीन अलग-अलग स्थानों पर घसीटने के चिन्ह देखे जिससे पता चला कि नक्सलवादी अंधेरे, पहाड़ी भूभाग और घने जंगल का फायदा उठाते हुए अपने साथ तीन शवों को लेकर जाने मे सफल हो गए हैं। नकसलवादियों को हराने में पुलसि पार्टी भारी पड़ी। रात भर रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। दिनांक 7.7.06 को 0500 बजे के आस-पास

नक्सलवादी, अंधेरे, पहाड़ी भू-भाग और घने जंगल का फायदा उठाते हुए भागने की कोशिश कर रहे थे। जवानों ने उनका पीछा किया। जब जवान उनका पीछा कर रहे थे, तब दो नक्सलवादी, जिन्होंने पुलिस पार्टी द्वारा पीछा कर रहे रास्ते में सुरंग बिछा रखी थी, नाले में छिपे बैठे थे और जवानों का बारुदी सुरंगों के पास आने का इतंजार कर रहे थे ताकि जवानों को अधिक से अधिक क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से बारुदी सुरंगों को उड़ाया जा सके लेकिन वे कुछ कर पाते उससे पहले ही श्री ए.के. सिंह, ए सी ने उनकी पोजिशन देख ली और उन्हें ललकारा परन्तु उन्होंने उन पर हथगोला फेंका और भागने की कोशिश की। हथगोला रास्ते में पेड़ से टकराया और वहीं फट गया। यहां श्री ए.के. सिंह, ए सी ने अदम्य साहस का परिचय दिया तथा अपनी जिन्दगी की परवाह न करते हुए वह और कांस्टेबल सजल चौधरी तथा कांस्टेबल जयतों बंद्योपाध्याय ने नक्सलवादियों का 200 मीटर तक पीछा किया और उन पर गोलीबारी की। दोनों नक्सलवादी मौके पर ही मारे गए। तलाशी लेने पर जवानों को उनके कब्जे से विस्फोटक बरामद हुआ। पुलिस पार्टी ने पूरे क्षेत्र की तलाशी ली और 3 नक्सलवादियों के शव और सशस्त्र/गोलाबारुद बरामद हुए। दो संदिग्ध व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया। मृत तीनों नक्सलवादियों में से दो की पहचान सोरेंन पुजारी, एल जी एस कमांडर और मरकम बल्ला के रूप में हुई जबकि तीसरे शव की पहचान नहीं हो सकी। इस प्रकार उक्त तीनों व्यक्तियों ने अदम्य साहस, अच्छी सूझ-बूझ का परिचय दिया और उन्होंने इस अभियान में न केवल तीन नक्सलवादियों को मार गिराया जिनके शवों बरामद करने के अतिरिक्त अन्य शवों की वे ले गए, बल्कि अन्य जवानों की जिन्दगी भी बचाई। इसमें गांव वालों की सुरक्षा की भावना भी शामिल है और लगभग 100 परिवार जिन्होंने साल्वा जुडम राहत कैम्पों को सुरक्षा कारणों से छोड़ रखा था वे भी वापिस केम्पों में लौट आए। इस अभियान के दौरान निम्नलिखित जब्ती हुई:-

(i)	बारमर गन	:	1 नग
(ii)	विस्फोटक	:	250 ग्राम
(iii)	आई ई डी लाइव – के जी प्रत्येक	:	2 नग
(iv)	बिजली की तार	:	18 मीटर
(v)	डेटोनेटर	:	1 नग
(vi)	बैटरी बॉक्स	:	1 नग
(vii)	.303 खाली डिब्बी	:	3 नग.
(viii)	.303 जिंदा राउंद	:	2 नग
(ix)	12 बोर गन खाली डिब्बी	:	1 नग
(x)	यूनीफार्म के साथ बैग	:	1 नग
(xi)	नक्सलवादी साहित्य/पम्पलेट	:	4 नग

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जयंतों कुमार बंद्योपाध्याय, कांस्टेबल और सजल चैधरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जुलाई, 2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 176-प्रेज/2008, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. मुकेश कुमार गुप्ता,
   सहायक कमांडेंट
2. ओम प्रकाश भट्ट,
   हैड कांस्टेबल
3. शिव वीर सिंह चौहान,
   कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

पुलिस स्टेशन छोटा डोंगर नारायणपुर, छतीसगढ़ के अन्तर्गत बेदनघोल गांव के नजदीक क्षेत्र में नक्सलवादियों के कैम्प/ठिकाने के बारे में जानकारी मिलने पर, श्री मुकेश कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट, सी आर पी एफ की बी/43 बटालियन के कम्पनी कमांडर ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों तथा अपने जवानों के साथ विचार-विमर्श करके सशस्त्र नक्सलवादियों को घेरने और पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान की योजना बनाई। तदनुसार, श्री मुकेश कुमार गुप्ता, ए सी के नेतृत्व में राज्य पुलिस प्रतिनिधि कांस्टेबल महेन्द्र सिंह (मार्गदर्शक के रूप में) के साथ सी आर पी एफ, धौदई कैम्प की बी/43 बटालियन की 2 प्लाटूनों से बनी एक पार्टी ने 08.01.07 को लगभग 0015 बजे बी/43 कैम्प से 10 कि.मी. के लगभग विशेष अभियान चलाया। पूरी पार्टी कठिन पहाड़ी रास्तों से चतुराईपूर्ण पैदल चली और 0430 बजे के आसपास बेढनघोल गांव के पास जंगलों में पहुंची। वहां पहुंचने के बाद, श्री मुकेश कुमार गुप्ता, ए सी ने सशस्त्र नकसलवादियों को पकड़ने के लिए अपने बल को तीन भागों में बांट दिया। एक ग्रुप उक्त अधिकारी के नेतृत्व में छापा दल बना और बाकि दो ग्रुप एस आई भोकरे होरो और एस आई विद्यासागर की कमान में बचने के संभावित दो रास्तों को काटने के लिए बनी। सुबह सबसे पहले श्री मुकेश गुप्ता छापे दल के साथ चतुराई से नक्सल कैम्प की तरफ चले। जब वे संदिग्ध ठिकाने पर जा रहे थे तब सशस्त्र नक्सलवादी जो घात लगाए बैठे थे ने सुरक्षा बलों को मारने के उद्देश्य से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। श्री गुप्ता ने तुरंत स्थिति पर नियंत्रण किया और अपने कार्मिकों को गोली चलाने के आदेश दिए। उन्होंने जवाबी गोलीबारी की और अपनी जिंदगी की परवाह न करते हुए बहादुरी से नक्सलवादियों की तरफ आगे बढ़े। सुरक्षा बलों द्वारा जबरदस्त जवाबी गोलीबारी किए जाने के कारण, नक्सलवादियों ने पार्टी पर भारी गोलीबारी करते हुए भागने का प्रयास किया। श्री एम.के. गुप्ता, ए सी ने दो नक्सलियों को देखा। उन्होंने उन पर अपने हथियार से गोलीबारी की और अपनी जिंदगी की परवाह किए बिना उनकी तरफ बढ़े और तदनुसार अपने जवानों का सामने से नेतृत्व करते हुए बहादुरीपूर्ण कार्य में दो सशस्त्र नक्सलवादियों, एक .303 राइफल्स और एक भीमार गन से लेस को मारने में सफल रहे।

इसी बीच एच सी (जी डी) ओमप्रकाश भट्ट और कांस्टेबल (जी डी) शिव वीर सिंह चौहान दोनों ने एक-एक नक्सली को देखा और अदम्य साहस का परिचय देते हुए चतुराई से आगे बढ़े तथा प्रभावी गोलीबारी करके उन्हें मार गिराया। उक्त कार्मिकों ने नक्सलवादियों द्वारा गोलीबारी और आई ई डी के विस्फोट के बीच दो पहाड़ियों की तलहटी में नक्सलवादियों का पीछा किया और उन्हें मारने मे सफल हुए। नक्सलियों का पीछा और गोलीबारी में लगभग दो घंटे का समय लगा जिसके दौरान उन्होंने इस साहसिक कार्य में उच्चदृष्टि की मानसिक सतर्कता, तुरंत प्रतिक्रिया, सुझबूझ, गोलीबारी कौशल, निडर मनोवृति और दृढ़निश्चय का प्रदर्शन किया। इस लड़ाई में उक्त कार्मिकों ने चार कट्टर नक्सलियों को मार गिराया। तलाशी अभियान केदौरान उक्त नक्सलियों के चार शव बरामद हुए। जिनकी पहचान (1) दीपक, क्षेत्र कमांडर (2) सतीश (3) सबीता (महिला नक्सली) और (4) रान्या बाई (महिला नक्सली) के रूप में हुई। जवानों ने 20-22 साल की एक महिला नक्सली नामत समरी बाई निवासी कालीभट्ट, छोटा डोंगर पुलिस स्टेशन, जिला नारायणपुर को पकड़ा। बाद की तलाशी के दौरान जवानों ने एक .303 बोल्ट एक्शन राईफल्स, 2 नग बरमार गन, संशोधित मोर्टार और अत्यधिक मात्रा में विस्फोटक, वायर, डेटोनेटर, कपड़े, वस्तुएं, दवाइयां और अन्य मदें बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मुकेश कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट, ओमप्रकाश भट्ट, हैड कांस्टेबल और शिव वीर सिंह चौहान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 जनवरी, 2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर 2008

संकल्प

सं. 5/17/2007-चमड़ा--

चमड़ा क्षेत्र भारत का 10वां सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र है और यह अपने भारी समग्र उत्पादन, निर्यात आय और रोजगार संभाव्यता की दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चमड़ा क्षेत्र में 2.5 मिलियन लोग नियोजित हैं जिनमें से अधिकांश समाज के कमजोर वर्गों से तथा लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस क्षेत्र में लघु और मध्यम उपक्रमों का बाहुल्य है।

2. कच्चे माल का आधार बढ़ाने; क्षमता में वृद्धि करने; पर्यावरण संबंधी चिंताओं का समाधान करने; मानव संसाधन विकास; निवेश को आकर्षित करने तथा भारतीय चमड़े के वैश्विक विपणन के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 11वीं पंचवर्षीय योजना में कार्यान्वयन हेतु भारतीय चमड़ा विकास कार्यक्रम (आईएलडीपी) को अनुमोदित किया है, जिसके घटक निम्न प्रकार हैं :-

रुपये करोड़ में

1.	चमड़ा क्षेत्र का एकीकृत विकास (आईएलडीपी)	253.43
2.	चमड़ा टैनिंग परिसर, नैल्लौर	29.00
3.	फुरसतगंज में एफडीडीआई (एनआईएफटी) शाखा की स्थापना	7.17
4.	फुटवियर परिसर	3.00
5.	जीनसाजी विकास	10.00
6.	कारीगरों को सहायता	40.00
7.	मानव संसाधन विकास	60.00
8.	एफडीडीआई की सुविधाओं का उन्नयन तथा ऐसे अन्य संस्थानों एवं केंद्रों की स्थापना	300.07
9.	चमड़ा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण हेतु ढांचागत सुविधाओं का उन्नयन/स्थापना	200.00
10	मिशन मोड	10.00
	योग	**912.67**

3. चमड़ा क्षेत्र के विकास के लिए एक बहु-क्षेत्रीय पद्धति की आवश्यकता होती है और इसके लिए विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों के बीच समन्वय आवश्यक है। इस प्रक्रिया में सहायता की दृष्टि से, एक अधिकार प्राप्त समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। इस अधिकार प्राप्त समिति के विचारार्थ विषय निम्न प्रकार होंगे :

34—381 GI/2008

i) भारतीय चमड़ा विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन को मानीटर करना।

ii) भारतीय चमड़ा विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न उप-स्कीमों के दिशा-निर्देशों में संशोधनों का सुझाव देना और साथ ही चमड़ा क्षेत्र के विकास हेतु वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए अपेक्षित/आवश्यक विशिष्ट उपायों का सुझाव देना।

iii) चमड़ा क्षेत्र से संबंध रखने वाली, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित की जा रही स्कीमों के बारे में जानकारी का समन्वय एवं मिलान करना।

iv) भारतीय चमड़ा विकास कार्यक्रम की विभिन्न उप-स्कीमों के तहत 15 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों का अनुमोदन करना।

4. अधिकार प्राप्त समिति की संरचना निम्न प्रकार होगी:-

i)	सचिव (औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग)	चेयरमैन
ii)	वित्तीय सलाहकार, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग	सदस्य
iii)	योजना आयोग का प्रतिनिधि जिसका पद सलाहकार से नीचे न हो	सदस्य
iv)	पर्यावरण और वन मंत्रालय का प्रतिनिधि, जिसका पद संयुक्त सचिव से नीचे न हो	सदस्य
v)	पशुपालन और डेरी विभाग का प्रतिनिधि जिसका पद संयुक्त सचिव से नीचे न हो	सदस्य
vi)	ग्रामीण विकास विभाग का प्रतिनिधि, जिसका पद संयुक्त सचिव से नीचे न हो	सदस्य
vii)	वाणिज्य विभाग का प्रतिनिधि, जिसका पद संयुक्त सचिव से नीचे न हो	सदस्य
viii)	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय का प्रतिनिधि, जिसका पद संयुक्त सचिव से नीचे न हो	सदस्य
ix)	चेयरमैन, चमड़ा निर्यात परिषद	सदस्य
x)	चेयरपर्सन, फुटवेयर डिजाइन और विकास संस्थान	सदस्य
xi)	निदेशक, केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान	सदस्य
xii)	उस राज्य की राज्य सरकार का प्रतिनिधि, जिसके लिए भारतीय चमड़ा विकास कार्यक्रम के तहत प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।	विशेष अथिति
xiii)	ऐसे संगठन (नों) का प्रतिनिधि जिसके लिए भारतीय चमड़ा विकास कार्यक्रम के तहत प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।	विशेष अथिति
xiv)	भारतीय चमड़ा विकास कार्यक्रम के तहत विचार किए जा रहे प्रस्ताव पर विशेषज्ञता रखने वाले संगठनों के विशेषज्ञ।	विशेष अथिति
xv)	संयुक्त सचिव (चमड़ा), औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग	संयोजक

समिति द्वारा किसी भी अन्य व्यक्ति को आमंत्रित किया जा सकता है।

5. समिति अपनी प्रक्रियाएं तैयार करेगी और यदि आवश्यक हो, तो उप-समिति की नियुक्ति कर सकती है। समय-समय पर आवश्यकतानुसार इसकी बैठकें होंगी।

आदेश

आदेश किया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति अंतर्मन्त्रालयी समिति के चेयरमैन, सदस्य, विशेष अतिथियों तथा संयोजक को प्रेषित की जाए।

आदेश किया जाता है कि संकल्प को आम सूचनार्थ भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

गोपाल कृष्ण
संयुक्त सचिव

वस्त्र मंत्रालय

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय

नई दिल्ली-110066, दिनांक 26 नवम्बर 2008

संकल्प

संख्या के–12012/5/16/2008–पीएण्डआर– पुर्नगठित अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड की अवधि को संकल्प सं0 के–12012/5/16/2006 –पी एण्ड आर, दिनांक 6.10.2008 द्वारा अगले 2 वर्षों के लिए अथवा आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, के लिए बढ़ाया गया था। भारत सरकार ने अब श्री टी. चुंगसेई हौकिप, सुपुत्र स्वर्गीय श्री टी. केमखोलन हौकिप, ग्राम टी. लहांगजोल, चकपिकारोंग सब डिविज़न, चंदेल जिला मणिपुर को अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य के रुप में शामिल करने का निर्णय लिया है जबकि संकल्प दिनांक 6 अक्तूबर, 2008, संकल्प दिनांक 7 अक्तूबर, 2008, 22 अक्तूबर 2008, 24 अक्तूबर, 2008, 29 अक्तूबर, 2008, 6 नवंम्बर, 2008 एवं 12 नवम्बर, 2008 के द्वारा वर्धित समयावधि में मौजूदा अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड के सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी सदस्य यथावत बने रहेंगे।

अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य के रुप में श्री टी. चुंगसेई हौकिप को शामिल करते हुए पुर्नगठित अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड में अध्यक्ष, सदस्य सचिव सहित 24 सरकारी सदस्यों तथा 72 गैर सरकारी सदस्यों को शामिल करते हुए बोर्ड की वर्तमान संख्या 97 सदस्य हो जाएगी।

तथापि, दिनांक 8 सितम्बर, 2006 के संकल्प में दर्ज अन्य सभी निबंधन एवं शर्तें वही रहेंगी तथा उनमें कोई परिवर्तन नहीं होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी संबंधितों को प्रेषित की जाए तथा इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

संदीप श्रीवास्त्व
अपर विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)

संस्कृति मंत्रालय

नई दिल्ली-110115, दिनांक 31 अक्तूबर 2008

सं. 2-16/2004-अकादमी--

भारत सरकार ने दिनांक 29 अक्तूबर, 2004 की समसंख्यक अधिसूचना के शुद्धि-पत्र के साथ पठित दिनांक 12 अक्तूबर, 2004 की अधिसूचना संख्या IV-14014/7/2004-एनआई-II और दिनांक 25 नवम्बर, 2005 की समसंख्यक अधिसूचना के जरिए 'श्रेण्य भाषा' के रूप में भाषाओं की नई श्रेणी सृजित की है और किसी 'श्रेण्य भाषा' के रूप मे वर्गीकरण के लिए भाषाओं की पात्रता पर विचार किए जाने हेतु निम्नलिखित मानदंड निर्धारित किए हैं :-

i) आदि पाठों/अभिलेखित इतिहास का 1500-2000 वर्षों से अधिक प्राचीन होना।

ii) प्राचीन साहित्य/पाठों का ऐसा एक समूह, जिसे संबंधित भाषा बोलने वालों की पीढ़ियों द्वारा एक बहुमूल्य विरासत माना गया हो।

iii) साहित्यिक परम्परा मौलिक हो और इसे किसी अन्य भाषा समुदाय से उधार नहीं लिया गया हो।

iv) प्राचीन भाषा और साहित्य, आधुनिक साहित्य से पृथक् हो, प्राचीन भाषा और इसके बाद के स्वरूपों या इससे उत्पन्न होने वाली भाषाओं के बीच अंतर भी हो।

2. यह एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि 'तेलुगु भाषा' और 'कन्नड़ भाषा' उक्त मानदंडों को पूरा करती हैं और इसलिए इन्हें 'श्रेण्य भाषा' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

3. यह अधिसूचना माननीय मद्रास उच्च न्यायालय में 2008 की रिट याचिका सं. 18810 के निर्णय के अध्यधीन है।

वी. टी. जोसेफ

अवर सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 12th December 2008

No. 109–Pres/2008- The President is pleased to award the President's Police Medal for Gallantry/ Police Medal for Gallantry/ 1st Bar to Police Medal for Gallantry to the undermentioned officers of Jammu & Kashmir Police: -

NAME & RANK OF THE OFFICERS

S/SHRI

1.	**Sajad Hussain, Constable**	**- PPMG (Posthumously)**
2.	**Nitish Kumar, Superintendent of Police**	**- 1st Bar to PMG**
3.	**Sethi Ram, Sub Inspector**	**- PMG**

Statement of service for which the decoration has been awarded:

On 31/07/2006, a specific information was received by Police Pulwama about presence of two terrorists of Hizbul Mujahideen in village Chaddipora P/S Zainapora. On this a Police team led by SI Sethi Ram rushed to the said village and cordoned the target house where terrorists were hiding. Terrorists on spotting the police party held the family members of the house, where they were hiding as hostage and did not allow them to move out of the house and fired indiscriminately on Police party. Given the sensitivity of the situation SP Pulwama Shri Nitish Kumar rushed on spot and directed the police to have effective fire control so that no harm is caused to the family members. In the meanwhile personnel of a nearby Army unit of 62 RR also reached the spot and joined the operation. A team of police party including SI Sethi Ram and Ct Sajad Hussain was constituted to rescue the civilians. Under an effective covering fire the police team made entry into the house and were encountered with heavy volume of fire from the terrorist. Amidst heavy gunfire three civilians were asked to vacate the house who did so and were rescued from the clutches of terrorists. However, in the firefight Ct Sajad Hussain received bullet injuries who had come face to face with one terrorist. Despite sustaining injuries, he fired upon the terrorist and killed him. SI Sethi Ram evacuated Ct. Sajad Hussain from the spot but he succumbed on the way to hospital. Another terrorist was also later on eliminated by the Police team. This operation was personally led by Shri Nitish Kumar, SSP Pulwama. The two H.M.terrorists were later on identified as follow:-

1. Uqash @ Shakeel, R/o Pakistan.
2. Aijaz Ahmad Dar, S/o Sultan Dar R/o Khwajapora Zainapora

In the operation the following arms/ ammunition were recovered from the site of encounter:-

1.	AK 47 Rifle	-	01 No.
2.	AK Mag	-	06 Nos.
3.	AK Amn.	-	135 Rds.

Case FIR No.72/06 u/s 307 RPC, 7/271.A Act stands registered in this regard in Police Station Zainapora. It may be mentioned here that the report received by Pulwama Police was regarding two terrorists but actually there were three terrorists and therefore, the police party (rescue team) faced a heavy volume of fire. One terrorist who managed to escape, after seriously injuring Constable Sajad Hussain also carried the weapon of his associate, killed in this operation, and therefore only one weapon was recovered from the encounter site.

In this encounter S/Shri (Late) Sajad Hussain, Constable, Nitish Kumar, Superintendent of Police and Sethi Ram, Sub Inspector displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4 (i) of the Rules governing the award of President's Police Medal/ Police Medal/ 1st Bar to Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 31st July, 2006.

BARUN MITRA
Joint Secy.

No. 110–Pres/2008- The President is pleased to award the President's Police Medal for Gallantry/ Police Medal for Gallantry to the undermentioned officers of Border Security Force: -

NAME & RANK OF THE OFFICERS
S/SHRI

1.	**Gurmeet Singh Gill Constable**	**-**	**PPMG**
2.	**Khemnar Tabaji, Constable**	**-**	**PMG**

Statement of service for which the decoration has been awarded:

On 20th June 2007 at about 0500 hrs, on specific information of Unit 'G' Cell 51 Bn BSF and State Police, regarding the presence of militants in village Muslimabad, Bandipur, a Cordon and Search Operation was planned under command of Shri Sukhminder Singh, Deputy Commandant. During search of the house, one room of Gulam Nabi Zargar s/o Ali Mohd Zargar was found locked from inside. Immediately, Shri Sukhminder Singh, Deputy Commandant, alerted the party, took position and asked the house owner to open the room. As soon as the room was opened, a grenade was hurled on the BSF party by the militants hiding inside the room, causing multiple splinter injury to Constable Gurmeet Singh Gill and Constable Khemnar Tabaji as well as house owner Gulam Nabi and his daughter Nazma, aged approx 18 years.

After throwing the grenade, the militants retracted inside the room. Both the injured Constable Gurmeet Singh Gill and Constable Khemnar Tabaji without caring for their lives crawled towards the door by covering each other to neutralize impending fire of the militants. After having reached near the door, Constable Gurmeet Singh Gill noticed one militant preparing to throw another grenade. Sensing danger to the lives of his comrades, though injured himself, in a quick display of presence of mind and combat audacity he instantly fired a burst from his Rifle and injured the militant who later succumbed to the injuries. The unprimed grenade, however blasted inside the room. This daring act by Constable Gurmeet Singh Gill was tactically covered by covering fire of Constable Khemnar Tabaji, despite his serious injuries and imminent danger to his own life. The other militant hiding inside the room in a panic reaction,

jumped out of the window and tried to escape, but was overpowered by Sh Sukhminder Singh, Deputy Commandant and Sub-Inspector M S Chahar after a brief chase. Constable Gurmeet Singh Gill and Constable Khemnar Tabaji were immediately evacuated to BSF Hospital Bandipur and further to 92 Base Hospital by Hepter as conditions of both the Constables were critical, especially of Constable Gurmeet Singh Gill. During search of the house and surrounding areas, the following arms, amns and other articles were recovered:-

Chinese Pistol	-	01 No
Pistol Mag	-	01 No
Pistol Amn	-	05 Rds
Hand Grenades (Chinese)	-	02 Nos
Satellite Phone (Thuraya made)	-	01 No
Mobile Phone	-	01 No
Wig	-	01 No

The injured apprehended militant namely Mehraj-Ud- Din s/o Gulam Nabi Zargar (House owner) later revealed that the slain militant was Shaheen, a Pak National, Deputy Divisional Commander of HuM outfit of Bandipur area and both of them were given the task to carry out the reccee of Counter Terrorists Post Tehsil in order to execute a suicidal attack.

In this encounter S/Shri Gurmeet Singh Gill, Constable and Khemnar Tebaji, Constable displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4 (i) of the Rules governing the award of President's Police Medal/ Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 20th June, 2007.

BARUN MITRA
Joint Secy.

